खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 27 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 209 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

# अमेरिका-इजरायल और ईरान के हमलों में हूती की एंट्री

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका- इजरायल के बीच हमलों का दौर अब भी जारी है। 28 फरवरी को शुरू हुए इस हमले को लगभग एक महीना होने वाला है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई बात नहीं बनी है। इस बीच अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों के खिलाफ हूती विद्रोहियों की एंट्री हो सकती है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट में बिना नाम बताए सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हूती, जिन्हें यमनी अंसारुल्लाह के नाम से भी जाना जाता है, बाब अल-मंदाब स्ट्रेट पर कब्जा करने के लिए तैयार हैं। अक्टूबर 2023 से विद्रोही समूह ने लाल सागर में पहले ही तनाव की स्थिति बना रखी है।

- **ईरान के समर्थन वाले हूती विद्रोही इजरायल के खिलाफ जंग में शामिल होने के लिए तैयार**
- **बाब अल- मंदाब स्ट्रेट पर कब्जे की तैयारी**

### होर्मुज स्ट्रेट भारत के लिए खुला है: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान ने भारत और कुछ अन्य 'मित्र देशों' के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि तेहरान ने भारत, रूस, चीन, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। श्री अराघची ने कहा कि हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान सहित मित्र राष्ट्रों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि यह स्ट्रेट 'दुश्मनों और उनके सहयोगियों' के लिए बंद है।

### डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले, 22 घायल

**मरकापुरम।** आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास गुरुवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत के आंकड़े में ऑफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी। हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा कि डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

# देश में ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित: सरकार

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने की दुष्प्रचार अभियान की निंदा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित तथा नियंत्रण में है और कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सभी खुदरा ईंधन आउटलेट में पर्याप्त आपूर्ति है।

मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न हों क्योंकि इसका उद्देश्य अनावश्यक दहशत फैलाना है। आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी फैलाना मौजूदा कानूनों के तहत अपराध है और सरकार जानबूझकर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगी। मंत्रालय ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं और वितरण में भी कहीं कोई बाधा नहीं है। देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद है।



- **पेट्रोल- डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं, देश में 60 दिन का तेल भंडार मौजूद**

### भारत के साथ खड़ा हुआ अर्जेंटीना बढ़ाया मदद को हाथ, बढ़ाई LPG की खेप

**ब्यूनस आयर्स।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की वजह से भारत में एलपीजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच हजारों किमी दूर बैठे एक मित्र देश अर्जेंटीना ने भारत की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से भारत में एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है। इसी के चलते दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना ने भारत की तत्काल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। समुद्री यातायात में आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इसके चलते नई दिल्ली को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के प्रयासों में तेजी लानी पड़ी है। इस पृष्ठभूमि में अर्जेंटीना एक अप्रत्याशित लेकिन महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरा है।






# केदारनाथ यात्रा को लेकर एक्शन मोड में जिला प्रशासन

## तैयारियों को लेकर ऊखीमठ में हुई अहम बैठक, विधायक, डीएम व एसपी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आगामी चारधाम यात्रा के अंतर्गत केदारनाथ धाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से विकास खंड सभागार ऊखीमठ में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आशा नौटियाल ने की, जबकि जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं होटल व्यवसायी उपस्थित रहे।





विधायक आशा नौटियाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर वर्ष बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इस बार यात्रा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वहीं जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने सभी वर्गों से सुझाव लेते हुए कहा कि सफल यात्रा संचालन में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है और पूर्व यात्राओं के अनुभवों के आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर विशेष जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यात्रा मार्ग पर पर्याप्त मेडिकल कैंप, एंबुलेंस एवं डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क, पैदल मार्ग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं संचार व्यवस्थाओं को समय रहते दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। यात्रियों के पंजीकरण एवं ट्रैकिंग सिस्टम को और मजबूत बनाने तथा पूरे यात्रा मार्ग पर साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्गों की स्थिति की जानकारी दिए जाने पर जिलाधिकारी ने मोटर मार्ग एवं पैदल मार्ग को 15 अप्रैल तक पूर्ण रूप से सुचारू करने के निर्देश दिए। इसके अलावा यात्रा अवधि के दौरान जनपद में ईंधन, खाद्यान्न एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने केदारनाथ पैदल मार्ग पर संचालित घोड़े-खच्चरों के पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल, शौचालय, शटल सेवा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर भी बल दिया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं केदार सभा, होटल एसोसिएशन, व्यापार संघ, घोड़े-खच्चर यूनियन और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बैठक को यात्रा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी सुझावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# केदारनाथ धाम पहुंचे डीएम और एसपी, परखीं यात्रा की तैयारियां

■ यात्रा को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में, युद्ध स्तर पर चल रहा कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** आगामी केदारनाथ धाम यात्रा के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने केदारनाथ धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्री केदार सभा के अध्यक्ष, बी.के.टी.सी. प्रतिनिधियों एवं हक-हकूकधारियों के साथ बैठक कर यात्रा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान बर्फ हटाने, पैदल यात्रा मार्ग को दुरुस्त करने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा मूलभूत सुविधाओं की बहाली की प्रगति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि केदारनाथ धाम यात्रा 22 अप्रैल से प्रारंभ हो रही है। वर्तमान में धाम क्षेत्र में लगभग 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी हुई है, जिसे हटाने के लिए संबंधित विभागों की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बर्फ हटने के बाद दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि यात्रा शुरू होने से पहले पेयजल, विद्युत, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध तरीके से बहाल की जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन का लक्ष्य है कि यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाया जाए। पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि वर्तमान में केदारनाथ धाम में पुलिस के 3 जवान एवं आईटीबीपी के 12 जवान तैनात हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के अनुभवों और फीडबैक के आधार पर इस बार सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान केदार सभा के अध्यक्ष एवं बी.के.टी.सी. सदस्य राजकुमार तिवारी, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# शातिर नशा तस्कर व साथी फिर चढ़े पुलिस के हत्थे

■ दोनों तस्करों को कुल 2.930 किलो चरस के साथ किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार, द्वारा नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, नशा तस्करों की सप्लाई चेन को पूर्णतः ध्वस्त करने तथा नशे की बिक्री, आपूर्ति, परिवहन एवं वितरण से जुड़ी प्रत्येक कड़ी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के अनुपालन में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सतर्कता बढ़ाते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को कोतवाली कोटद्वार एवं सीआईयू कोटद्वार की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए बीईएल रोड के पास दो व्यक्ति दलजीत सिंह बिष्ट, उम्र 48 वर्ष, पुत्र शंभू सिंह बिष्ट, निवासी-मानपुर चौक, कोतवाली कोटद्वार एवं विजय सिंह उम्र 52 वर्ष, पुत्र बलवंत सिंह गली नंबर-4 मानपुर, कोटद्वार को कुल 2 किलो 930 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं स्वयं नशे के आदी होने के कारण वे चरस तस्करी में संलिप्त थे। दोनों अभियुक्त यह चरस बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति से लाकर क्षेत्र में छात्रों एवं वाहन चालकों को बेचकर मुनाफा कमाते थे। बरामद चरस की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है।

# वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में ज्ञान और नवाचार ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पूंजी: पांडेय

■ चिन्यालीसौड़ बौद्धिक संपदा अधिकार पर हुई व्याख्यानमाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी।** राजकीय महाविद्यालय चिन्यालीसौड़ में यूकास्ट, उत्तराखंड द्वारा प्रायोजित बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक व्याख्यानमाला के अंतर्गत चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो० कमल किशोर पांडेय ने ष्उच्च शिक्षा में आईपीआर की आवश्यकताष विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में ज्ञान और नवाचार ही किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पूंजी बन चुके हैं।



प्रोफेसर पांडे ने आईपीआर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से लेकर वर्तमान तक की विकास यात्रा के साथ-साथ पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन जैसे विभिन्न आईपीआर घटकों के परिचय पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर प्रभात द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ० सुगन्धा वर्मा ने ष्बौद्धिक संपदा अधिकारों का अनुपालन एवं कर्मशलाइजेशनष विषय पर पीपीटी के द्वारा अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इस दौरान तकनीकी सहयोग डॉ बृजेश चौहान, डॉ भूपेश चन्द्र पंत एवं डॉ आलोक बिजल्वाण ने दिया।

डॉ रजनी चमोली, डॉ विनीत कुमार, डॉ खुशपाल, डॉ यशवंत सिंह, डॉ निशि दुबे, डॉ प्रभात कुमार सिंह, डॉ आराधना राठौर, डॉ मंजू पांडे, डॉ प्रभदीप सिंह, डॉ कुलवीर सिंह राणा, राजेश राणा, स्वर्ण सिंह, मदन सिंह, रोशन लाल, होशियार सिंह, जय प्रकाश भट्ट, सुनील गैरोला, अमीर सिंह चौहान, सुनील रमोला, नरेश रमोला, कौशल सिंह बिष्ट, धनराज सिंह बिष्ट, श्रीमती हिमानी रमोला, श्रीमती विजय लक्ष्मी, संजय कुमार एवं रमेश चंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सुगंधा वर्मा ने किया।

## एक नजर .......

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत अफसर बिटिया कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना एकेश्वर द्वारा पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में अफसर बिटिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमंती रावत ने अभियान के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी तथा सुपरवाइजर शारदा रानी ने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर धरासू प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं स्वास्थ्य विभाग से एएनएम भी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए निबंध एवं कला प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन श्रेणियों में किया गया, जिसमें कक्षा 11 से 12 में रितिका ने प्रथम, श्वेता ने द्वितीय एवं हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 9 से 10 में कनिष्का प्रथम, आकांक्षा द्वितीय एवं इशिका तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं कक्षा 6 से 8 की कला प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा जीविका ने तृतीय स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी छात्राओं को परियोजना अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

### उत्तरकाशी पुलिस में फेरबदल, दिनेश कुमार बने उत्तरकाशी कोतवाली निरीक्षक

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में पुलिस महकमे में बड़े स्तर पर फेरबदल के तहत उत्तरकाशी कोतवाली निरीक्षक बदल दिए गए हैं।



पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने आगामी चारधाम यात्रा से पहले जिले में पुलिस कोतवाली निरीक्षक सेमत थाना चौकी प्रभारियों में भारी फेरबदल किया है। उत्तरकाशी कोतवाली निरीक्षक, दिनेश कुमार को बनाया गया जबकि भावना कैथोला को चारधाम यात्रा सैल बनाई गई है। जबकि निरीक्षक प्रमोद उनियाल,प्रभारी एएनटीएफ, एएचटीयू, निरीक्षक अशोक कश्यप साईबर सैल , मीडिया सैल ,डीसीआरबी, निरीक्षक प्रदीप तोमर प्रभारी निरीक्षक हर्षिल,निरीक्षक दीपक नौटियाल,प्रभारी निरीक्षक मनेरी, उ0नि0 अजय रावत चौकी प्रभारी भटवाड़ी,उ0नि0 राजेश कुमार बड़कोट, उ0नि0 भूपेन्द्र रावतथाना नौगांव, उ0नि0 निखिल देव चौधरीप्रभारी एसओजी बनायें गये है।

### उत्तर भारत में 8 मोबाइल मेडिकल यूनिट तैनात करने की घोषणा

**देहरादून।** एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को घोषणा कि उसने स्माइल फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत उत्तर भारत के दूरदराज के इलाकों में 8 मोबाइल मेडिकल केयर यूनिट्स की तैनाती की जाएंगी। इस पहल का उद्देश्य 4 लाख से ज्यादा लोगों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। बैंक के सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत यह पहल जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और उत्तराखंड को कवर करेगी। अप्रैल 2026 से मार्च 2028 तक इस पहल का संचालन किया जायेगा। बैंक ने बताया कि ये मोबाइल केयर यूनिट ओपीडी कंसल्टेशन, जांच संबंधी सुविधाएं, मुफ्त दवाएं और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों से रेफरल लिंकेज जैसी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। इस कार्यक्रम में माँ और बच्चे की सेहत, ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की कमी जैसी बीमारियों की जांच, और स्कूल में साफ-सफाई, पोषण और पीरियड्स की जानकारी देने पर भी जोर दिया जाएगा। इस पहल के बारे में बोलते हुए एचडीएफसी बैंक की सीएसआर हेड नुसरत पठान ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में कमियों को पाटने के लिए इन यूनिट्स की तैनाती की गई है। स्माइल फाउंडेशन के एक्जीक्यूटिव ट्रस्टी और को-फाउंडर शांतनु मिश्रा ने कहा कि यह साझेदारी अंतिम स्तर तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के कदम को बेहतर बनाएगी और सरकार के प्रयासों में सहयोग प्रदान करेगी।

### चारधाम यात्रा की एडवांस बुकिंग हुई कम, होटल व्यवसायी चिंतित

**उत्तरकाशी।** पश्चिम एशिया (इजरायल-ईरान) में चल रहे संघर्ष का असर उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पर दिखाई देने लगा है। होटल, होम स्टे की एडवांस बुकिंग की धीमी रफ्तार से जनपद के पर्यटन और होटल, होमस्टे व्यवसाई से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट वार के कारण भारत में एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति बाधित हो गई है, जिससे बड़े शहरों के बाद अब उत्तराखंड के पर्वतीय जनपदों में भी रसोई गैस की किल्लत और सिलेंडर के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं। आगामी चारधाम यात्रा को महज एक माह से भी कम समय रह गया है बावजूद इसके गंगोत्री और यमुनोत्री समेत उत्तरकाशी जिले के होटल, आश्रम और विश्राम गृहों में उम्मीद के अनुरूप एडवांस बुकिंग नहीं मिली है जिससे पर्यटन और होटल, होमस्टे व्यवसाई से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। बड़कोट होम स्टे से जुड़े शांति प्रसाद बेलवाल समेत होटल से जुड़े अन्य व्यवसायियों का कहना है कि अभी तक मात्र 20 प्रतिशत तक ही एडवांस बुकिंग मिली है जबकि बीते वर्षों इसी समय तक एडवांस बुकिंग का यह आंकड़ा 75 प्रतिशत तक पहुंच चुका था। इधर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा का कहना है कि बार बुकिंग की गति बेहद धीमी है जो आने वाले सीजन में भारी आर्थिक नुकसान का संकेत दे रही है।

# राम नवमी पर मां कुटेटी के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु, की पूजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में उत्साहपूर्वक चौत्र नवरात्र की अष्टमी और नवमी का पूजन किया गया। इस दौरान कुटेटी देवी, मां शक्ति मंदिर, रेणुका मंदिर समेत जिले भर के मंदिरों और घरों में कन्या पूजन किया गया।

आस्था, भक्ति और विश्वास के महापर्व चौत्र नवरात्र की महाअष्टमी बृहस्पतिवार को पुजन किया है। महानवमी की पूर्णाहुति शुक्रवार को सविधि मंत्रोच्चार के साथ होगी। ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस बार अष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ रवि योग का भी संयोग मिल रहा है। इस विशेष संयोग ने देवी आराधना के महत्व और बढ़ा दिया है। घर-घर में कन्या पूजन और मंदिरों में विशेष अनुष्ठान की धूम है।

राम नवमी के दिन मां कुटेटी के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी था। मंदिर समिति के पदाधिकारियों के अनुसार सुबह से अब तक सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। साथ ही उनके आने का क्रम बढ़ रहा है। कुटेटी देवी के पुजारी ललित नौटियाल के अनुसार, महागौरी को परम कल्याणकारी और मंगलकारी देवी माना जाता है। इनकी आराधना से पूर्व जन्म के पापों का नाश होता है और जीवन की दु:ख, दरिद्रता व कष्ट दूर हो जाते हैं। भक्त इस दिन व्रत का पारण करने के साथ ही कन्या पूजन भी करते हैं।

### रामनवमी पर मंदिर में उमड़ी भीड़, कन्या पूजन कर लिया आर्शीवाद

**श्रीनगर।** चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन रामनवमी पर दुर्गा मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। सुबह होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लम्बी-लम्बी कतारें देखने को मिली। राम नवमी पर लोगों ने अपने घरों में कन्या जिमन कर आर्शीवाद लिया। नवमी के दिन सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर, बंगलामुखी, कंसमर्दनी सहित नगर क्षेत्र में सुबह मां सिद्धदायनी के स्वरूप में मां भगवती का पूजन किया गया। इस मौके पर मंदिरों में विधि विधान के साथ हवन यज्ञ का भक्तों ने मां भगवती का आर्शीवाद ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्या पूजन कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। घरों और मंदिरों में छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया तथा उन्हें भोजन कराकर दक्षिणा और उपहार भेंट किए गए। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुटे रहे। कन्या पूजन के दौरान लोगों ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर लोगों ने हवन-पूजन कर मां दुर्गा से आशीर्वाद लिया और समाज में सुख-शांति की कामना की।



# पुरोला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदू नववर्ष

**पुरोला (उत्तरकाशी)।** नववर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर शिशु मंदिर पुरोला में खंड नगर के स्वयंसेवकों का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने हिंदू नववर्ष के आगमन को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नववर्ष प्रतिपदा केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इसी दिन से सृष्टि की रचना मानी जाती है, जो हमें नई ऊर्जा, नया संकल्प और नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने आद्य गुरु सरसंघचालक को प्रणाम करते हुए राष्ट्र सेवा, समाज संगठन और संस्कार निर्माण के लिए संकल्प लिया। जिला प्रचारक नवीन नें डॉ. हेडगेवार के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन संकल्प, चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास का प्रेरणास्रोत है, और यही संघ की मूल भावना है। कार्यक्रम में गोविंद राणा सहित प्रभात, फकीर रावत, अनूप, संजय रावत, मोहन नौटियाल, मालचंद, रामचंद्र, बलदेव समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# श्रीनगर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री उनियाल, चिकित्सकों ने किया भव्य स्वागत



■ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल के श्रीनगर में प्रथम आगमन पर स्थानीय चिकित्सकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री सुबोध उनियाल ने चिकित्सकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को शीघ्र दूर किया जाएगा। इसके साथ ही पैथोलॉजी टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन सहित पैरामेडिकल स्टाफ की कमी भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर तैनात चिकित्सकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ ही कुमाऊं और गढ़वाल मंडलों में डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें बेहतर आवासीय सुविधा मिल सके। कहा कि श्रीनगर उपजिला चिकित्सालय में निर्मित डॉक्टर आवास (डॉक्टर्स क्वार्टर) का शीघ्र आवंटन किया जाएगा। रेडियोलॉजिस्ट की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों को छह माह की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही मौसम परिवर्तन, गर्मी और बरसात के दौरान फैलने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और पीलिया की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की जाएंगी।

साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहाड़ी क्षेत्रों में न्यूनतम छह माह की सेवा अनिवार्य किए जाने पर भी जोर दिया गया।

इस मौके पर उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर के सीएमएस डॉ. विमल गुसाईं, नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गौतम नैथानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा नैथानी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. बीपी नैथानी सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

# तालतोली में भगवती राज-राजेश्वरी का दो दिवसीय मेला शुरू

## उमड़ा आस्था का सैलाब, प्रति वर्ष बसन्त नवरात्रों की अष्टमी व नवमी को लगता है मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** प्रकृति की सुरम्य वादियों के मध्य स्थित 11 गांवों की आराध्य देवी भगवती राज-राजेश्वरी की तपस्थली तालतोली में दो दिवसीय पारंपरिक मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया है। मेले के प्रथम दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवती के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना हुआ है। मेले का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।



श्रद्धालुओं ने मां भगवती राज-राजेश्वरी के चरणों में शीश नवाकर सुख-समृद्धि, शांति एवं परिवार की कुशलक्षेम की कामना की। मान्यता है कि तालतोली स्थित भगवती राज-राजेश्वरी 11 गांवों की अधिष्ठात्री देवी हैं, जिनकी कृपा से क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि बनी रहती है। मेले के अवसर पर देवी ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए उनके जीवन में सुख-समृद्धि और मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट ने भी तालतोली पहुंचकर भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली एवं विश्व शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए स्थानीय जनता और मन्दिर समिति की सराहना की। मेले में पारंपरिक झांकियां, धार्मिक अनुष्ठान और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महिला मंगल दलों एवं कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजन-कीर्तन और लोक गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आयोजन समिति एवं ग्रामीणो द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेले के दूसरे दिन भी विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। तालतोली मन्दिर समिति अध्यक्ष कलम सिंह राणा ने बताया कि 11 गांवों के ग्रामीणो व मन्दिर समिति द्वारा प्रति वर्ष बसन्त नवरात्रों में अष्टमी व नवमी के पावन अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है । इस मौके पर पण्डित चन्द्र शेखर पारकोटी, उपाध्यक्ष दयाल सिंह राणा, मंत्री दौलत सिंह रावत, उपमंत्री आनन्द सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद बगवाडी, प्रधान सरिता रावत, मनीषा देवी, पूजा देवी, पूर्व प्रधान माधव कर्नाटकी , अवतार सिंह नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेन्द्र सिंह नेगी, माधव शाह , मनवर सिंह धिरवाण, दान सिंह व कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों से पीएम करेंगें सीधा संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को अफसरों के सम्मुख भावी संभावनाओं पर बात. चीत करने जा रहे हैं. प्रधानमंत्री कार्यालय से इस मामले में उत्तराखंड शासन को भी एक पत्र भेज दिया गया है। जिसमें आने वाली 27 मार्च को तय एजेंडों की जानकारी देते हुए मुख्य सचिव कार्यालय को इसके लिए तैयारी करने को कहा है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से उत्तराखंड शासन को एक महत्वपूर्ण पत्र भेजा गया है। इस पत्र के आने के बाद प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। इस पत्र में जानकारी दी गई है कि 27 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के अधिकारियों, विशेष रूप से राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ एक अहम बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में भविष्य की संभावनाओं, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों और उनके भारत पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने भी इस पत्र की पुष्टि की. उन्होंने बताया पीएमओ से इस संबंध में आधिकारिक सूचना प्राप्त हो चुकी है। बैठक 27 मार्च को शाम 6:30 बजे आयोजित की जाएगी. जिसमें उत्तराखंड सहित सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को शामिल होना अनिवार्य होगा।

यह बैठक ऐसे समय में आयोजित की जा रही है, जब अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने वैश्विक बाजारों को प्रभावित किया है। खासतौर पर पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।



■ 27 मार्च को प्रधानमंत्री करेंगे अहम बैठक, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

### अप्रैल के पहले सप्ताह में है पीएम का दौरा प्रस्तावित

उत्तराखंड के लिए यह बैठक विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है. एक ओर जहां राज्य में पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है, वहीं दूसरी ओर अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड दौरा भी प्रस्तावित है। ऐसे में इस बैठक के दौरान राज्य की तैयारियों और प्राथमिकताओं पर भी चर्चा होने की संभावना है।

### जरूरी वस्तुओं और ईंधन आपूर्ति पर होगा मंथन

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यों के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा वैश्विक संकट के बीच देश के विभिन्न राज्यों की तैयारियों का आकलन करना और आवश्यक दिशा-निर्देश देना है। विशेष रूप से यह समझने की कोशिश की जाएगी कि यदि आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आती है, तो राज्यों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। बैठक में जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता, ईंधन आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स और आपातकालीन प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। प्रधानमंत्री राज्यों से यह भी जानने की कोशिश करेंगे कि वर्तमान हालात में उनकी तैयारियां किस स्तर पर हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार की ओर से संभावित रणनीतियों और दिशा-निर्देशों को भी साझा किया जाएगा।

# देहरादून में उमड़ेगी 'उत्तराखंडियत' की गूंज, तैयारियां जोरों-शोरों से जारी

■ 5 अप्रैल को सजेगी भव्य सांस्कृतिक संध्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने और प्रवासी पहाड़ियों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से राजधानी देहरादून में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है।ष्अपणी पहाड़, अपणी संस्कतिश समिति के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम 5 अप्रैल 2026 को बालावाला स्थित गंगा फार्म में संपन्न होगा।

**लोक कलाकारों का महा. संगम:** इस सांस्कृतिक संध्या की मुख्य विशेषता उत्तराखंड के दिग्गज लोक कलाकारों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में लोक गायक सौरभ मैथानी, किशन महिपाल, बीरू जोशी, हेमा नेगी करासी और जागर सम्राट बसन्ती बिष्ट अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। इनके साथ ही प्रदेश की कई उभरती हुई प्रतिभाएं भी मंच साझा करेंगी।

**कार्यक्रम की रूपरेखा:** समिति के संरक्षक हेमा पुरोहित और आयोजक प्रवीन पुरोहित व राजेन्द्र सिंह भण्डारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से रूबरू कराना है।

समिति ने देहरादून में रह रहे समस्त पहाड़ी समुदाय से इस 'सांस्कृतिक महाकुंभ' में सपरिवार सम्मिलित होने का आग्रह किया है।



यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हम सभी पहाड़ी भाई-बहनों के लिए अपनी पुरानी परम्पराओं से जुड़ने का एक साझा मंच है। हम सभी उत्तराखंड वासियों से इस उत्सव का हिस्सा बनने की अपील करते हैं।

**राजेंद्र भंडारी**
**पूर्व कैबिनेट मंत्री**

# खनन व शराब माफियाओं की संरक्षक रही हरदा सरकार: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब भाजपा वर्षवार रिपोर्ट कार्ड समाने रखती हैं तो कांग्रेस अपने किए पर माफी मांगकर भी पलट जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेशक अपने काले कारनामे याद नही करना चाहती है, लेकिन जनता की याददाश्त बहुत तेज है।आज हरीश रावत अपनी सरकार के उन कामों पर बहस चाहते हैं जिनपर 2022 चुनाव में वे जनता से माफी मांग चुके हैं और नकारे भी गए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट ने हरदा और कांग्रेस नेताओं द्वारा बार बार शराब और खनन नीति को लेकर झूठे आरोपों पर जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की कुशल नीति और सख्त प्रबंधन के चलते शराब और खनन जैसे क्षेत्र भी राज्य की आर्थिकी का बड़ा स्रोत बन गए हैं। कांग्रेस की सरकारों ने जिस खनन व्यवसाय को माफियाओं की जागीरदारी बनाकर अपने नेताओं के पेट भरने का काम किया। आज वही खनन प्रदेश के राजस्व में बड़े सहयोगी के रूप में स्थापित हुआ है। केंद्र द्वारा भी हमारे काम को देखते हुए लगातार दो बार दो सौ करोड़ रुपए का इनाम दिया है जो कांग्रेस सरकारों के कुल खनन राजस्व से भी अधिक है। आज शराब की नीतियों को बनाने से लेकर उसके क्रियान्वहन तक में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से काम हो रहा है। नतीजा ये है कि माफियाओं का शराब कारोबार से पूरी तरह सफाया हो गया है।

उन्होंने तंज कसा, कांग्रेस की यही तकलीफ है कि उनके द्वारा पनपाए गए शराब और खनन माफिया अब मैदान से पूरी तरह साफ हो गए हैं। धामी सरकार के इन दोनों क्षेत्रों में किए गए जा रहे प्रयासों से आज जनता बेहद प्रसन्न है। क्योंकि राज्य ने तो वह दौर भी देखा है जब कांग्रेस सरकारें खनन और शराब की नीतियां माफियाओं के साथ बैठकर बनती थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री के निजी सचिव कैमरे पर शराब पर माफियाओं के साथ रणनीति बनाते नजर आए।



■ कहा, कांग्रेस को है शराब-खनन में राजस्व वृद्धि और माफिया सफाए की तकलीफ

# सीएम ने किया देहरादून-पिथौरागढ़ विमान सेवा का शुभारंभ

## एलाइंस एयर देहरादून-पिथौरागढ़ के बीच संचालित करेगा 42 सीटर विमान सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर देहरादून-पिथौरागढ़-देहरादून विमान सेवा का शुभारंभ किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए 42 सीटर विमान सेवा शुरु होने से पिथौरागढ़ - देहरादून का सफर एक घंटे में पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह विमान सेवा सामरिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब हवाई यात्रा करना केवल विशिष्ट और सम्पन्न वर्ग के लोगों के लिए ही संभव माना जाता था। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हवाई चप्पल पहनने वाला आम नागरिक भी हवाई यात्रा कर सकता है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2016 में उड़ान योजना की शुरुआत कर देश में नागरिक विमानन के क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया था। जिसके माध्यम से छोटे शहरों, दूरस्थ और सीमांत क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़कर आम नागरिकों को सस्ती दरों पर हवाई सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने दो दिन पूर्व ही उड़ान योजना 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। जिसके अंतर्गत, आगामी 10 वर्षों में लगभग 29 हजार करोड़ रुपये के बजट से 100 नए हवाई अड्डों और 200 नए हेलीपैड के विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का विस्तार विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों में क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने तथा दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में सस्ती एवं सुगम हवाई सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा किया यह सेवा शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी समारोह में कैबिनेट मंत्री खजान दास, भरत चौधरी, विधायक बृजभूषण गैरोला, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, दायित्वधारी हेमराज बिष्ट, एलाइंस एयर के सीएमडी अमित कुमार, उकाडा के सीईओ डॉ. आशीष चौहान, एसीईओ संजय टोलिया मौजूद थे।



### एक घंटे में पूरा होगा पिथौरागढ़ का सफर

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून- पिथौरागढ़ हवाई सेवा के प्रारंभ होने से, पिथौरागढ़ के लोग एक घंटे में देहराद. न तक पहुंच सकते हैं। इस सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पहले हमारे सीमांत क्षेत्रों को वर्षों तक उपेक्षित रखा, जिस कारण इन क्षेत्रों में विकास की गति सीमित रही। आज केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सीमांत और दूरस्थ क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में काम कर रही हैं। इसी दिशा में चलते हुए पिथौरागढ़ और मुनस्यारी के बीच भी हेली सेवा प्रारंभ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पिथौरागढ़ हवाई अड्डे को 450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित करने का काम भी कर रही है। इसी क्रम में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के मध्य नैनी सैनी हवाई अड्डे के अधिग्रहण के लिए एमओयू भी किया है, जिससे आने वाले समय में इस क्षेत्र को और भी अधिक फायदा मिलेगा।



### जीवन रेखा बन चुकी है हवाई सेवाएं: धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के लिए हवाई सेवाएँ मात्र एक परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी है। दुर्गम और दूरस्थ अंचलों में आवश्यक सामग्री पहुँचाने से लेकर गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक लाने में हवाई सेवाएं कारगर साबित हो रही हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में उड़ान योजना के अंतर्गत राज्य में 26 हवाई मार्गों का संचालन किया जा रहा है। राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए वर्ष 2023 में "उत्तराखण्ड एयर कनेक्टिविटी योजना" प्रारंभ की गई है। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 6 हवाई मार्गों पर उड़ानों का नियमित संच. ालन किया जा रहा है। बीते चार वर्षों में प्रदेश में हेलिपोर्ट्स की संख्या 2 से बढ़कर 12 हो गई है। साथ ही, हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो चुकी है। उत्तराखंड को "बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम" जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

### केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिया राज्य में हवाई सुविधाओं को बढ़ावा देने का आश्वासन

इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने वीडियो संदेश के जरिए देहरादून- पिथौरागढ़ विमान सेवा के लिए अपनी शुभकामानाएं देते हुए राज्य में हवाई सुविधाओं को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया।

# उत्तराखंड के नए मंत्रियों को मिले दफ्तर

■ खजान दास और भरत चौधरी ने रामनवमी पर किया पदभार ग्रहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार के बाद नए मंत्रियों ने तेजी से अपने विभागों का कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में गुरुवार को विधानसभा परिसर में कैबिनेट मंत्री खजान दास और भरत सिंह चौधरी ने अपने-अपने कार्यालयों का विधिवत उद्घाटन कर जिम्मेदारी संभाली। दोनों मंत्रियों ने इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए जनहित में काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

वहीं दूसरी ओर नवनियुक्त मंत्री भरत चौधरी ने भी विधानसभा में अपने कार्यालय का उद्घाटन कर विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया. इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि, मंत्री पद के रूप में जो समय उन्हें मिला है, उसमें वह बेहतर कार्य करके दिखाएंगे और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे योजनाओं का लाभ: खजान दास

कैबिनेट मंत्री खजान दास ने अपने पिछले अनुभव का भी जिक्र करते हुए कहा कि, वह इससे पहले वर्ष 2009 से 2010 के बीच भी इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जिससे उन्हें विभागीय कार्यप्रणाली की अच्छी समझ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए वह स्वयं मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि, जनता की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके समाधान के लिए वह अप्रैल माह से प्रदेश के सभी 13 जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरे की शुरुआत कुमाऊं मंडल से की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर जाकर योजनाओं की हकीकत जानना और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देना उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहेगा।

### युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित: चौधरी

कैबिनेट मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि, खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देकर जहां स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। वहीं एमएसएमई सेक्टर को मजबूत कर युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. इसके साथ ही ग्राम्य विकास के जरिए गांवों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## प्रशासन को ठेंगा दिखा रहा अभ्युदय स्टोन क्रेशर

**थराली।** विकासखंड थराली के सुनला क्षेत्र में संचालित अभ्युदय स्टोन क्रेशर पर मानकों की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्रेशर प्लांट में काम के दौरान पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और खुलेआम एनजीटी के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बताया जा रहा है कि क्रेशर प्लांट में जब आईबीएम की पिसाई और मिश्रण किया जाता है, तब पानी का छिड़काव नहीं किया जाता, जबकि धूल नियंत्रण के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। पानी का छिड़काव न होने से भारी मात्रा में धूल उड़कर आसपास के वातावरण में फैल रही है।

क्रेशर के पास ही बस्ती होने के कारण उड़ती धूल वहां रहने वाले ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

# राजकीय शिक्षक संघ चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से हिस्सा लेंगे शिक्षक: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राजकीय शिक्षक संघ के आम चुनाव में अब लो. कतांत्रिक प्रणाली से कराये जाएंगे। जिसमें सभी शिक्षक प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाग कर अपने मत का प्रयोग करेंगे, ताकि प्रत्येक शिक्षक अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर सके। इसके अलावा शिक्षकों को अब अपने गृह जनपद आने-जाने के लिये साल में एक बार दो दिन का यात्रा अवकाश मिलेगा, इस सम्बंध में शीघ्र ही शासनादेश जारी कर दिया जायेगा।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राजकीय शिक्षक संघ के आम चुनाव में सभी शिक्षकों की शतप्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की लंबे समय से शिक्षक वर्ग मांग कर रहा था। आम चुनाव में पूर्व से चली आ रही व्यवस्था में बदलाव की सहमति प्रदान कर दी है, जिससे हर शिक्षक को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिलेगा और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व लोकतांत्रिक बनेगी। डॉ. रावत ने कहा कि शिक्षक संघ के चुनाव में सभी शिक्षकों को मतदान का अधिकार मिलना शिक्षकों की एक बड़ी उपलब्धि है। नई व्यवस्था से शिक्षक संघ का संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और शिक्षकों की आवाज को सीधा प्रतिनिधित्व मिलेगा।

डॉ रावत ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षकों की एक अन्य महत्वपूर्ण मांग को भी स्वीकार कर दिया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के कई शिक्षक अपने गृह जनपद से दूर अन्य मंडलों गढ़वाल से कुमाऊं एवं कुमाऊं से गढ़वालमें तैनात हैं, जिस कारण उन्हें अपने घर जाने में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को ध्यान में रखते हुए वित्त एवं कार्मिक विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर शिक्षकों के हित मे निर्णय लिया गया है। अब प्रत्येक शिक्षक को वर्ष में एक बार अपने गृह जनपद जाने के लिए दो दिन का विशेष यात्रा (उपार्जित) अवकाश प्रदान किया जाएगा।

डॉ रावत ने कहा कि अब तक उपार्जित अवकाश की कमी के कारण शिक्षकों को अपने निजी अवकाश का उपयोग कर घर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें असुविधा होती थी।

उन्होंने कहा इस निर्णय से शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी और वे वर्ष में यात्रा अवकाश का उपभोग कर सकेंगे। डॉ. रावत ने शिक्षकों के हित में लिये दोनों अहम निर्णयों को यथाशीघ्र प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दीये ताकि शिक्षकों को इनका लाभ समय पर मिल सके।



■ कहा- शिक्षकों को अपने गृह जनपद जाने को साल में मिलेगा दो दिन का यात्रा अवकाश

# विकास योजनाओं के लिए 242 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगरीय अवस्थापना सुविधाओं, शारदा रिवर फ्रंट, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुलो के निर्माण, बाढ सुरक्षा कार्यो, सडकों के निर्माण, अतिथि ग्रहो एवं विभिन्न कार्यालय भवनों के निर्माण एवं अन्य अवस्थापना विकास से संबंधित योजनाओ के लिए 242 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने नियोजन विभाग के अन्तर्गत यूआईआईडीबी के स्तर से संचालित विभिन्न परियोजनाओं यथा शारदा रिवर फ्रन्ट परियोजना, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर एवं अन्य योजनाओं के लिए 109 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य योजना अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कोट में गोदी बजूण मोटर मार्ग में पुन: निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य को 3.15 करोड़, विकास खण्ड कोट में कोटा देवप्रयाग से व्यासघाट मोटर मार्ग में पुन:निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य के लिए 3.28 करोड, जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर-बी में मसूरी के अन्तर्गत देहरादून-मसूरी स्टेट हाईवे संख्या 1 पर किमी० 18 में, क्षतिग्रस्त सिंगल लेन सेतु के स्थान पर 60 मी० स्पान के दो लेन क्लास ए लोडिंग बॉक्स सेतु के निर्माण के लिए 12 करोड, जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र रूदपुर छत्तरपुर से शांति विहार होते हुए भूरारानी ग्राम तक मोटर मार्ग का हॉटमिक्स द्वारा पुन:निर्माण कार्य के लिए 2.47 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा हर-की-पौड़ी से मां चण्डी देवी, मां मनसा देवी एवं मल्टी मॉडल हब रोपवे परियोजना के अन्तर्गत मनसा देवी स्टेशन हेतु उक्त स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के तहत मनसा देवी पहाड़ी पर चट्टान/मिट्टी की स्थिरता का विश्लेषण आईआईटी, रुड़की से कराये जाने में आने वाली लागत 46.89 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कैम्प कार्यालय, हल्द्वानी परिसर में कार्यालय भवन (प्रधान लिपिक, गोपनीय सहायक, वाचक शाखा, अवर अभियन्ता कक्ष, सीसीटीएनएस, साईबर, मीडिया, शिकायत सैल कार्यालय) के निर्माण के लिए संस्तुत धनराशि 1.62 करोड, आईआरबी द्वितीय वाहिनी देहरादून (प्लॉट नम्बर-02) में मौजूदा भवनों के ऊपर टाईप-द्वितीय के 04 एवं टाईप-तृतीय के 04 आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 3 करोड, आईआरबी द्वितीय वाहिनी देहरादून में आरक्षी आधारभूत (संस्थागत) प्रशिक्षण के लिए 240 बैडेड बैरक के निर्माण के लिए 9. 77 करोड का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने व्यय वित्त समिति की संस्तुति के आलोक में जनपद पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल/एकेश्वर विकास खण्ड के अन्तर्गत सतपुली बैराज की पुन. रीक्षित लागत हेतु ₹ 76.35 करोड, नाबार्ड से वित्त पोषित कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के ग्राग जुम्मा अन्तर्गत रौडा से पांखर मार्ग निर्माण किये जाने के लिए 79.98 लाख, जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में शिवपुरी मजदूर बस्ती में 600 मीटर सी०सी० मार्ग का निर्माण किये जाने के लिए 57.96 लाख, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के लिए मुख्य सड़क से अन्तर्राष्ट्रीय पुल एवं थाना झूलाघाट तक हल्का मोटर इन्टर लॉकिंग टाईल्स मार्ग निर्माण किये जाने को 58.16 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईट की स्थापना के लिए 1.49 करोड की योजना को नगरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास निधि से वित्त पोषित कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



■ नगरीय अवस्थापना सुविधाओं, शारदा रिवर फ्रंट, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पुलो के निर्माण, बाढ़ सुरक्षा कार्यो, सड़कों के निर्माण, अतिथि ग्रहों के निर्माण कार्यों में आएगी तेजी

### सीएम ने दी लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की आवेदिका श्रीमती कान्ता देवी पत्नी स्व० लाखन सिंह, निवासी हीरानगर, वार्ड नम्बर-7, शागुडी गार्डन, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि, दिनांक 26.04.2024 से 20 हजार प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# बोल्डर गिरने से घायल महिला की अस्पताल पहुंचने से पहले मौत

■ जंगल में चारा पत्ती लेने गई थी महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** महिला घास लेने जंगल गई थी। जहां पर ऊपर से एक बोल्डर आने से कमला देवी घायल हो गई। वहीं, अस्पताल पहुंचने तक उसकी मौत हो गई।

चारा पत्ती लेने जंगल गई गैरबारम गांव की एक महिला की पत्थर गिरने से दुर्घटना में मौत हो गई है। पुलिस उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह नेगी ने बताया कि कमला देवी(52) पत्नी कुंदन सिंह घास लेने जंगल गई थी। जहां पर ऊपर से एक बोल्डर आने से कमला देवी घायल हो गई। उसे 108 की सहायता से सीएचसी थराली लाया गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोष कर दिया।

ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया और आशंका जताई कि जंगल के ऊपर कोई कार्य चल रहा है वहीं से पत्थर गिराया गया है। इसी कारण महिला की मौत हुई है। उन्होंने इसकी जांच करने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

पुलिस ने फिलहाल मामला शांत कर दिया है। सीएमओ चमोली अभिषेक गुप्ता का कहना है कि महिला अस्पताल पहुंचने के दौरान ही मौत हो गई थी। मृतका कमला देवी जूनियर हाईस्कूल में भोजन माता थी।

थराली थानाध्यक्ष थराली विनोद चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताएं कि पंचनामा की कार्रवाई चल रही है पोस्टमार्टम की टीम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थराली में बुलाया गया है. मृत महिला का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# गैस सिलेंडर के लिए घंटों लाइन

## अल्मोड़ा के गांवों में रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में रसोई सिलेंडर का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को रसोई सिलेंडर लेकर वाहन जाखनदेवी और एनटीडी के पास पहुंचा तो यहां लोगों की लंबी कतार लग गई। लोगों में सिलेंडर पाने के लिए मारामारी रही। गुरुवार को अल्मोड़ा गैस एंजेसी की ओर से नगर के जाखनदेवी और एनटीडी में स्पॉट डिलीवरी की गई। सुबह पांच बजे से लोग वाहन आने का इंतजार कर रहे थे। वाहन पहुंचते ही लोगों की लंबी कतारें लग गई। सबसे पहले गैस वाहन नगर के जाखन देवी पहुंचा। यहां लोगों की लंबी कतारे देखने को मिली। इसके बाद एनटीडी में सिलेंडरों का वितरण किया गया। लोग धूप में घंटो अपनी बारी का इंतजार करते रहे। इस दौरान सिलेंडर वितरण में सुरक्षाकर्मियों को व्यवस्था ठीक करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। पहले लोगों को लाइन में खड़ा किया। बाद में बारी-बारी से रसोई सिलेंडर वितरित किए गए। भीड़ अधिक होने से लोगों को अपनी बारी के लिए डेढ़ से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। तब जाकर उन्हें रसोई सिलेंडर मिल पाए। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडर को लेकर लोगों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी।



### बागेश्वर में धक्का-मुक्की तक नौबत

**बागेश्वर।** जिले में रसोई गैस सिलेंडर को लेकर अब हालात बिगड़ने लगे हैं। गैस वाहन पहुंचते ही उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है और सिलेंडर पाने के लिए लोगों में धक्का-मुक्की तक की नौबत आ रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कई स्थानों पर पुलिस की मदद ली जा रही है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गुरुवार को बागेश्वर इंडेन गैस सर्विस ने सैंज, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समीप, ब्लॉक क्षेत्र, बमराड़ी, फटगली और ट्रामा सेंटर के पास गैस वाहन भेजा। वाहन पहुंचने से पहले ही लोगों की लंबी कतार लग गई थी। जैसे ही वाहन पहुंचा, लोग सिलेंडर लेने के लिए टूट पड़े, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को काबू किया। इधर लोगों में रोष है कि गैस वितरण प्रणाली में सुधार लाया जाए। लोगों का कहना है कि वे देश में आ रही जैसी कि किल्लत से भली भांति अवगत है। लेकिन वितरण प्रणाली में एजेंसियों द्वारा सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते कई बुजुर्ग, महिलाएं व अन्य असहाय लोग संघर्ष नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते उनका नंबर आने तक गैस खत्म हो जा रही है। ऐसे में उन्हें ध्यान रखना होगा।

# महिला ने की आत्महत्या ससुरालियों पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने विषैले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। विवाहिता के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। मझोला, मुरादाबाद निवासी रोहित चौहान पुत्र विजय कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन मीनू चौहान का विवाह कृष्णवीर सिंह पुत्र अखिलेश सिंह निवासी आदर्श नगर, काशीपुर के साथ 17 फरवरी 2020 को मुरादाबाद में हुआ था, जिसमें दहेज में 2,51,000 रुपये नकद, एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन व अन्य घरेलू समान दिया था। परन्तु उक्त सामान से उसकी बहन के पति कृष्ण वीर सिंह, ससुर अखिलेश सिंह, सास सुषमा देवी, देवर यशवन्त सिंह खुश नहीं हुए और अक्सर कम दहेज लाने व बुलट बाइक ना देने के ताने मारते हुए तंग रखते थे। रोहित ने बताया कि 21 मार्च 2026 की रात्रि के लगभग 8 बजे उसे पता चला कि उसकी बहन की तबियत अत्यन्त ही गंभीर है और वह काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती है। वह तुरन्त अपने परिवार के साथ अस्पताल आ गया तथा बहन से मिलने पर पता चला कि आये-दिन के लड़ाई झगड़े से मजबूर होकर उसने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया तथा अत्यन्त गभीर स्थिति होने के कारण 23 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। रोहित ने तहरीर में उक्त लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के पति व ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 80(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच सीओ विभव सैनी के हवाले की है।

## एक नजर

### घर के आगे खड़ी बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर।** घर के बाहर खड़ी एक बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली पुलिस ने बाइक स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मौ. शमीम अंसारी पुत्र अनवर हुसैन निवासी मौ. कटोराताल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बाइक संख्या यूके-18 एस-7546 घर के बाहर खड़ी थी, जो चोरी हो गयी है। काफी तलाश किया परंतु कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शमीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।

### तमंचा व कारतूस समेत एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को 315 बोर तमन्चा मय एक अदद जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निखिल प्रभाकर पुत्र अनिल प्रभाकर निवासी पुराना आवास विकास को एक 315 बोर देशी तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस समेत पकड़ा।

### युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अपने पुत्री के बिना बताए घर से गायब होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भीमा पुत्र रामकुमर ग्राम-बासखेडा खुर्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री सिमरन विगत 6 मार्च को रात करीब 10 बजे किसी को बिना कुछ बताये पता नहीं कहां चली गयी है। भीमा ने पनी पुत्री को हर संभावित जगह व सारी रिश्तेदारी में ढूंढ लिया है परन्तु उसकी पुत्री का कहीं भी कुछ पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने भीमा की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी पुत्री की तलाश शुरू कर दी है।

### अष्टमी पर घरों में किया गया कन्या पूजन

**काशीपुर।** नगर व क्षेत्र में चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन कर अपने व्रत का समापन किया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया था। भक्तों ने मां दुर्गा की विशेष आराधना कर देवी स्वरूप कन्याओं के चरण धोकर, उन्हें तिलक लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर और भोजन कराने के उपरांत दक्षिणा भेंट करते हुए चरण छूकर आशीर्वाद लिया और मां दुर्गा से परिवार में सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

### बालिकाओं के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जनपद न्यायाधीश व डीएलएसए अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय के मार्गदर्शन में सचिव शचि शर्मा ने सीसीआईएस एकेडमी में राजकीय बाल किशोरी गृह बख की बालिकाओं के लिए तीन माह का नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू किया। साथ ही सीसीआईएस व डायट अल्मोड़ा में एनएसएस विद्यार्थियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुए। शिविर में नालसा योजनाएं, बाल विवाह निषेध, महिला उत्पीड़न कानून, दहेज निषेध, नि:शुल्क कानूनी सहायता व हेल्पलाइन 15100 की जानकारी दी गई।

### नवरात्र पूजन में सुख-समृद्धि की कामना

**अल्मोड़ा।** राज्य की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को भाटन्यालज्यूला स्थित देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा में भाग लेकर कथा श्रवण किया। कथावाचक कौस्तुभानंद तिवारी की वाणी से प्रभावित होकर उन्होंने इसे आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन संस्कारित समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। इसके बाद उन्होंने सोमेश्वर क्षेत्र के क्वैराली गांव में मां भगवती मंदिर में नवरात्रि पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, मंदिर समिति पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### फायर सीजन के दृष्टिगत सघन निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** फायर सीजन को देखते हुए जनपद में अग्नि सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए फायर विभाग ने सघन निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। एसएसपी चन्द्रशेखर घोड़खे के निर्देशन और मुख्य अग्निशमन अधिकारी नरेंद्र सिंह कुंवर के पर्यवेक्षण में गुरुवार को फायर टीम ने विभिन्न होटल, गेस्ट हाउस, पेट्रोल पंप और स्वास्थ्य केंद्रों का फायर रिस्क निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों की जांच कर उनके सही संचालन की जानकारी कर्मचारियों को दी गई। साथ ही सभी उपकरणों को हमेशा कार्यशील रखने के निर्देश दिए गए। टीम ने आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और बचाव उपायों के प्रति जागरूक किया तथा सतर्कता बरतने की अपील की।

### 28 मार्च को लगेगी राजस्व लोक अदालत

**अल्मोड़ा।** जनपद में लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के लिए आगामी 28 मार्च को राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट ने बार एसोसिएशन से सहयोग मांगा है। राजस्व लोक अदालत में कलेक्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार न्यायालयों में एक साथ सुनवाई होगी। प्रशासन ने अधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण के लिए प्रभावी तैयारी के निर्देश दिए हैं। अधिवक्ताओं से वादकारियों को लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

# पूजा-अर्चना के लिए लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** चैत्र नवरात्र की रामनवमी जिलेभर में धूमधाम के साथ मनाई गई। नवरात्र पर घरों में कन्या पूजन कर लोगों ने नौ दिनों से चल रहे उपवास समाप्त कर माता से सुख-समृद्धि की मन्नत मांगी। गुरुवार को अष्टमी और नवमी पर अल्मोड़ा कलक्ट्रेट परिसर स्थित ऐतिहासिक राम शिला मंदिर में पूजा अर्चना को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से भक्तों का पूजा अर्चना को पहुंचा शुरू हो गया था, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। इसके अलावा नंदादेवी मंदिर, चितई गोलू देवता मंदिर, स्याही देवी, देवी मंदिर खत्याड़ी, बद्रेश्वर मंदिर, पातालदेवी, बानरदेवी, दूनागिरी, विमलकोट मंदिर, डोयलीडाना समेत नगर के मंदिरों में भी दिनभर भक्त दर्शन को बड़ी संख्या में पहुंचे। वहीं, व्रत कर रहे लोगों ने घरों और मंदिरों में कन्या पूजन कर नवरात्र व्रत का पारायण किया। व्रतधारियों ने कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें भेंट स्वरूप माता की चुनरी, फल और रुपये दिये। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी और नवमी पर गुरुवार को घरों में कन्या पूजन कर व्रत का परायण किया। देवी मंदिरों में पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ किया। क्षेत्र के सभी मंदिरों में माता के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। कन्याओं ने भी घर-घर बने पकवान खाये। पंडितों ने बताया कि रामनवमी के पर्व का विशेष महत्व है। गंगा स्नान कर पूजा अर्चना करने वालों को देवी सभी दुखों से दूर करती है।

### मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** भाजपाइयों ने राज्य आंदोलनकारियों को मिलने वाली पेंशन को सम्मान निधि के रूप में कैबिनेट में प्रस्तावित करने का आग्रह किया है। मामले को लेकर कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में आंदोलनकारियों को करीब छह हजार रुपये पेंशन मिलती है। जबकि उनकी आयु 70 से 90 वर्ष के बीच है। ऐसे में वृद्धावस्था के कारण मिलने वाली अतिरिक्त पेंशन राशि 1500 भी पर्याप्त नहीं है। कहा कि जिन आंदोलनकारियों की कुल पेंशन दस हजार रुपये से कम है, उनकी पेंशन में किसी भी प्रकार की कटौती न की जाए। यहां ज्ञापन भेजने वालों में मेयर अजय वर्मा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सिकंदर पवार, मनोज सनवाल, दर्शन रावत, सुरेश केसरी, प्रेम लटवाल, महिपाल सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

# संचलन के माध्यम से एकता और संगठन शक्ति का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर के घोड़िया फील्ड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के 159 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह भोज ने की। कार्यक्रम की शुरुआत संघ की परंपरा के अनुसार आद्य सरसंघचालक प्रणाम से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने नगर में अनुशासित पथ संचलन कर संगठन की एकता, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। संचलन के पश्चात सभी स्वयंसेवक पुन: कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रांत विद्यार्थी प्रमुख शील निधि मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक समरसता और संगठन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति वैज्ञानिक जीवन पद्धति पर आधारित है तथा समाज की एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। साथ ही उन्होंने संघ के नि:स्वार्थ सेवा भाव और शाखा की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत वातावरण में हुआ, जहां स्वयंसेवकों ने समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।



### एसआईआर को लेकर बैठक

**अल्मोड़ा।** डीएम अंशुल सिंह की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस दौरान डीएम ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। साथ ही राजनीतिक दलों से अपने-अपने स्तर पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की कही। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। वहीं, बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विधानसभाओं के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं, जो पुनरीक्षण कार्यों की निगरानी एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

# अलग-अलग हादसों में दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संभल के ग्राम अटवा निवासी 29 वर्षीय राजवीर पुत्र लाखन सुल्तानपुर पट्टी के पास स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था बीती रात्रि करीब 9.30 बजे वह चाय पीने के लिए सड़क किनारे एक खोखे पर आया था कि एसएन इंटर कॉलेज के सामने राजवीर को तेज गति से आ रहे एक कैंटर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए यहां भेज दिया है। उधर दूसरी घटना में ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के लौंगी खुर्द निवासी अमित सैनी पुत्र उदल सिंह की दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक अमित सैनी के परिजनों ने बताया कि वह महुआखेड़ागंज स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था बीती रात्रि करीब 10 बजे वह बाइक से जा रहा था तभी रेलवे फाटक के पास सामने से आ रहे एक बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई तथा दूसरा बाइक चालक सलमान निवासी महुआखेड़ागंज गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे केवीआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अमित सैनी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर चला पुलिस का डंडा

**काशीपुर।** यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। यातायात निरीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में शहर में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। शहर के मुख्य बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में टोइंग वैन की मदद से नियमों का उल्लंघन कर खड़े वाहनों को उठाया गया। इतना ही नहीं, नियम तोड़ने वाले कई वाहन चालकों के मौके पर चालान भी काटे गए, जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। यातायात निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने साफ कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, ताकि शहर में जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# मां का डोला पहुंचने पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मां बाल सुंदरी देवी का डोला आज तड़के विधि-विधान से चैती मंदिर पहुंच गया। मौहल्ला कानूनगोयान स्थित नगर मंदिर (पंडा आवास) से बुधवार मध्यरात्रि के उपरांत करीब पौने चार बजे रवाना हुए डोले के दर्शन करने को रातभर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सड़कों पर जमा रही। बुधवार रात मां बाल सुंदरी देवी का श्रृंगार करने के पश्चात पं. दयाशंकर जोशी ने पंडा परिवार के सदस्यों को पूजा-अर्चना कराई। गुरूवार तड़के करीब पौने चार बजे पंडा विकास अग्निहोत्री नगर मंदिर से देवी की स्वर्ण प्रतिमा लेकर डोले में बैठे और पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कड़ी सुरक्षा के बीच नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए करीब साढ़े चार बजे डोला चैती मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना और आरती के उपरांत देवी मां की प्रतिमा को मंदिर में विराजमान किया गया। इसके बाद प्रसाद चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उल्लेखनीय है कि चैती मेले का धार्मिक महत्व उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठों के समान माना जाता है, यही कारण है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल लाखों में पहुंच जाती है।



# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगी नक्षत्र वाटिका: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी अकांक्षा कोंडे ने नक्षत्र वाटिका को भविष्य में एक आकर्षक, जनोपयोगी एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके समुचित विकास, सौंदर्यीकरण एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नई कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया।



गुरुवार को जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना के साथ बागेश्वर वन प्रभाग अंतर्गत छतीना नर्सरी एवं नक्षत्र वाटिका का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि नक्षत्र वाटिका को इस प्रकार विकसित किया जाए कि यह स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने, साथ ही यहां आने वाले लोगों को पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी भी प्राप्त हो सके। मौके पर वन दरोगा ने जानकारी दी कि नक्षत्र वाटिका नक्षत्रों के अनुरूप पुराणों में वर्णित वृक्षों के आधार पर किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं दायित्व बोध विकसित करना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वाटिका के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करते हुए इसे एक मॉडल स्थल के रूप में स्थापित किया जाए।

### रामचन्द्र मंदिर में श्री रामचन्द्र जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गुरूवार को शहर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री रामचंद्र मंदिर में रविवार को भगवान श्री रामचंद्र का जन्मोत्सव एवं रामनवमी पर्व भव्य उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर व्यवस्थापक पंडित विवेक चंद शर्मा शास्त्री ने बताया कि सुबह 4 बजे से भगवान राम की मंगला आरती, मंगल अभिषेक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 8 बजे मंदिर के दरवाजे आम जनमानस के लिए खोले गए। तत्पश्चात प्रभाकर जोशी द्वारा संगीत के माध्यम से सुंदरकांड पाठ और मंगल गीत प्रस्तुत किए गए। दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र जी की 51वीं महाआरती आयोजित की गई। इसके उपरांत पंचामृत, मिल्क केक सहित भोग प्रसाद सभी भक्तों में वितरित किया गया। पंडित शर्मा ने बताया कि आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में उपस्थित भक्तों ने भगवान रामचंद्र की भव्य झांकी और महाआरती का दृश्य अत्यंत मनोहारी बताया। समारोह में पंडित गिरीश दुर्गापाल, रोहित ठाकुर, राकेश गर्ग, सुशील कुमार अग्रवाल, अमरनाथ जोशी, रिशु अग्रवाल, रजत गर्ग, विशेष पांडेय और रजत शर्मा शामिल रहे।



# हनुमान जी की तरह हो भक्तिभाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जगदम्बा मंदिर के 41वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित रामकथा के सातवें दिन ब्यास जी डा. मनोज पांडे ने सुग्रीव के राज्याभिषेक से लेकर सुन्दरकाण्ड में हनुमान जी के बल, बुद्धि और भक्ति का अत्यंत सुंदर वर्णन किया। ब्यास जी ने कहा कि हनुमान जी के चरित्र से हमें यह सिखने को मिलता है कि अभिमान रहित होकर भक्तिभाव से किए जाने वाले हर कार्य में सफलता मिलती है। ब्यास जी ने सुन्दरकाण्ड का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि सीता की खोज में लंका कौन जाएगा, इस सवाल पर हो रही मंत्रणा के बीच हनुमान जी चुप थे। तब जामवंत जी ने उनसे पूछा कि संसार के हर कार्य को करने की क्षमता रखने के बावजूद वे चुप क्यों हैं? इस पर हनुमान जी ने अपने बलशाली रूप को प्रकट करते हुए लंका जाने की सहमति दी। इसके बाद उन्होंने सुरसा राक्षसी से सामना, मैनाक पर्वत में विश्राम, लंकिनी राक्षसी का वध, विभीषण से भेंट, अशोक वाटिका में प्रवेश और सीता को भगवान राम की मुद्रिका भेंट करने का सजीव वर्णन किया। इसके बाद, बाग को तहस नहस करने पर मेघनाद द्वारा ब्रह्मास्त्र से बांधकर हनुमान जी को रावण के समक्ष ले जाने की घटना का भी विवरण दिया। लंका दहन के बाद, हनुमान जी द्वारा भगवान राम को सुनाए गए वृतान्त का वर्णन करते हुए ब्यास जी ने बंदर सेना द्वारा समुद्र में सेतु बंधन की कथा भी सुनाई। यह सुनकर पंडाल में उपस्थित सैकड़ों भक्त भावविभोर हो उठे। यज्ञ का पारायण 28 मार्च को होगा। बृहस्पतिवार की सुबह, मंदिर परिसर में डा. भुवन चंद्र त्रिपाठी के संरक्षण में यज्ञाचार्य खष्टाबल्लभ पाठक द्वारा मन्त्रोचारण और आह्वान के साथ मंडप और वेदियों का स्थापना एवं रामचंद्र जी का नित्य पूजन किया गया। यजमानों द्वारा गायत्री यज्ञ में आहुतियां दी गईं। नित्य पूजन और हवन में मुख्य यजमान विमल कुमार पांडे, सह यजमान पुष्कर डसीला, निर्मल तिवारी, मनीष जोशी, अभिषेक लटवाल, मुकेश भट्ट, लीलाम्बर पाठक आदि थे। ब्यास जी के साथ कीर्तन मंडली में जगदीश लोहनी, नवीन तिवारी और गोविंद भट्ट भी उपस्थित थे। इस भव्य आयोजन में जगदम्बा मंदिर समिति के अध्यक्ष उमेश पांडे, सचिव विनोद पांडे, कोषाध्यक्ष आशुतोष जोशी, रमेश चंद्र पांडे, घनश्याम भट्ट, एनसी तिवारी, एमसी पंत, अमर मौर्य, पंकज बोरा, इंद्र सिंह, राकेश पांडे आदि भी शामिल थे।

# कुमाऊंनी, राजस्थानी नृत्य व हरिशचन्द्र का नाटक

## पीएम श्री राजकीय बालिका कॉलेज दौलिया में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पीएम श्री राजकीय बालिका कॉलेज दौलिया में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र सम्मान समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और अतिथियों का स्वागत छात्राओं ने बैंड बजाकर किया।



कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट, संरक्षक तारा सिंह (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी), मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान राधा कैलाश भट्ट, सोनी पंत (क्षेत्र पंचायत सदस्य), प्रधानाचार्या तनुजा जोशी (चोरगलिया), किरनलता जोशी (बाल परियोजना अधिकारी), भावना भंडारी (एसएमसी अध्यक्ष), पीटीए अध्यक्ष आशा आर्या (पूर्व अध्यापिका) द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तारा सिंह को बैच लगाकर, अंग वस्त्र भेंटकर, स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि राधा कैलाश भट्ट को भी अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने वंदना और स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की।

इसके बाद छात्राओं द्वारा कुमाऊंनी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, हरिश्चंद्र का नाटक, धूम्रपान निषेध पर नाटक, इंग्लिश सॉन्ग में डांस और योगा डांस जैसे मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट ने पुरातन छात्राओं को भी सम्मानित किया। अंजू आर्या (खेल के क्षेत्र में), किरन राणा (बॉक्सिंग), खुशी आर्य (खेल के क्षेत्र में), हिमानी जोशी (शिक्षा के क्षेत्र में) और ज्योति (एसबीआई बैंक) को बैच लगाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, ब्लॉक, जिला, राज्य स्तर और विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कार और सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की पुरातन छात्राएं जिन्होंने विभिन्न उच्च पदों पर काम किया है, उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम का संचालन बीना मेहरा और कक्षा 11 की छात्रा मनसा नैनवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कल्पना जोशी, हंसा पांडे, देवश्री मंडल, अभिलाषा कीर्ति, रीता लाशपाल, जया आर्य, प्रियंका चमयाल, कंचन पांडे, कमला जोशी, विद्युतमां टम्टा, नीता बिष्ट, मोनिका किलकोटी, रंजन रौतेला, हेमा फुलारा, बीना पंत, प्रदीप कुमार पाठक (वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) भी उपस्थित रहे।

# राम सिंह कैड़ा का जोरदार स्वागत

## उत्तराखंड सरकार के नए कैबिनेट मंत्री को फूलों से लादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड सरकार में हाल ही में कैबिनेट मंत्री बनाए गए भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा का कालाढूंगी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। गुरुवार को राम सिंह कैड़ा का कुमाऊं क्षेत्र के कोटाबाग और कालाढूंगी मंडल में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोटाबाग मंडल के बेलपडाव और नयागांव में मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे के नेतृत्व में स्वागत हुआ, जबकि कालाढूंगी नगर क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल के नेतृत्व में नगर पालिका सभागार में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने इस अवसर पर कहा कि उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा हाई कमान ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा। स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महेश शर्मा, दीवान सिंह बिष्ट, महमूद हसन बंजारा, कैलाश बुधलाकोटी, सुच्चा सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



# 60 लाख की स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

## बनभूलपुरा में डिलीवरी होनी थी यह स्मैक, क्षेत्र की महिला तस्कर भी पुलिस की रडार पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते रात्रि एसओजी व टीपीनगर पुलिस की संयुक्त टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बिलासपुर से हल्द्वानी बनभूलपुरा क्षेत्र में एक महिला तस्कर को डिलीवरी करने जा रही एक महिला तस्कर को 60 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 203 ग्राम स्मैक बरामद की है। महिला के बयान के आधार पर पुलिस अब बनभूलपुरा क्षेत्र की उस महिला के साथ ही बिलासपुर के उस युवक की भी तलाश शुरू कर दी जिससे महिला स्मैक लेकर हल्द्वानी डिलीवरी करने पहुंची थी। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रूपये इनाम की घोषणा।




गुरूवार को बहुद्देशीय भवन में स्मैक तस्करी का खुलासा करते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने बताया कि युवाओं को नशे के जाल से बचाने के उद्देश्य से जनपद में इन दिनों ड्रग माफियों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया गया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि बीते बुधवार की शाम टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार एसओजी व मय टीम के साथ बेलबाबा के पास चैकिंग अभियान चला रखा था। चैकिंग के दौरान एक महिला पिठ्ठू बैग लगाए पैदल जा रही थी। तभी एसओजी हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह कठायत की नजर संदिग्ध अवस्था में आ रही महिला पर पड़ी। शक होने पर टीम ने महिला को रोककर पूछताछ की लेकिन महिला घबराने लगी। पुलिस ने जब महिला के पास रखे बैग की तलाशी ली तो उसमे से 203 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक की कीमत लगभग 60.90 लाख रुपये आंकी गई है। पकड़ी गई महिला तस्कर ने अपना नाम कनिका पत्नी विजय शिवनगर ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर बताया। महिला तस्कर ने बताया कि वह उक्त स्मैक को बिलासपुर से किसी युवक से लेकर हल्द्वानी बनभूलपुरा क्षेत्र में एक महिला को डिलीवरी करने के लिए आई थी। उसने बताया वह पिछले कई सालों से स्मैक डिलीवरी का काम करती थी, और अच्छा मुनाफा कमाती है। जबकि उसके पति विजय एक मजदूरी करते है। पुलिस अब पकड़ी गई महिला तस्कर के आपराधिक इतिहास की जांच में जुट गई। पुलिस ने आरोपी महिला तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जनपद में नशे का कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही ड्रग्स तस्करों की अवैध संपत्ति के विरुद्ध जब्तीकरण की कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी, ताकि नशे के नेटवर्क को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। एसएसपी ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रूपये इनाम की घोषणा की है। टीम में टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पा देवी, कांस्टेबल अनिल टम्टा, तारा सिंह, हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत (एसओजी) और कांस्टेबल भूपेंद्र ज्येष्ठा (एसओजी) शामिल रहे।

### कुंदन को मिलेगा पुलिस मैन आफॅ-द अवार्ड

एसआजी के हेड कांस्टेबल कुंदन कठायत की तत्परता से ही इतनी बड़ी स्मैक तस्करी का खुलासा हो पाया है। दरअसल कुंदन कठायत पुलिस टीम के साथ रामपुर रोड में बेलबाबा के पास चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान उनकी नजर एक पैदल जा रही महिला पर पड़ी। जब महिला की तलाशी ली गई तो उसके पास से 60 लाख रूपये की स्मैक बरामद हुई। कुंदन कठायत पहले भी कई बड़े खुलासों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव को देखते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने उन्हें पुलिस मैन आफ-द अवार्ड से नवाजे जाने की घोषणा की है।

# घर में फांसी लगाकर महिला ने जान दी

## पति की मौत के बाद मानसिक अवसाद में थी

### सुसाइड नोट में खुद को ठहराया मौत का जिम्मेदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पति की मौत के बाद से मानसिक रूप से परेशान चल रही एक महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मरने से पहले महिला एक सुसाइड नोट भी छोड़कर गई जिसमें उसने खुद को मौत का जिम्मेदार ठहराया।



घटना का पता आज गुरूवार की सुबह उस समय चला जब बेटे ने अपनी मां को फंदे से लटका हुआ देखा। चिखपुकार सुनकर आस-पास के लोग भी एकत्र हो गए, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मुखानी के जज फार्म में 43 वर्षीय विमला सती अपने 15 वर्षीय बेटे और सास लीला सती के साथ किराए पर रहती हैं। मकान मालिक पिछले कुछ महीनों से शहर से बाहर हैं और पूरे मकान की जिम्मेदारी उन्होंने विमला सती को सौंपी थी। बताया जा रहा कि विमला सती के पति कौशल कुमार प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे। पिछले साल दो जून को कौशल कुमार ने भी फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली थी। पति की मौत के बाद से ही विमला मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। परिजनों के अनुसार पति की मौत के से ही वह खुद को संभाल नहीं सकी। वह डिप्रेशन की दवाई तक लेती थी। परि. जनों ने बताया कि उन्हें रात में नींद तक नहीं आती थी। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की रात विमला ने अपने बेटे और सास के साथ खाना खाया। इसके बाद वह अपने बेटे दक्ष के साथ रात साढ़े 12 बजे तक टहल रही थीं। इसके बाद वह दो मंजिले में अपने कमरे में सोने के लिए आ गए। गुरूवार की सुबह जब दक्ष उठा तो उसने मां को नहीं देखा। मां दूसरे मंजिल पर नहीं मिली तो वह उसे खोजते हुए मकान मालिक के कमरे में जा पहुंचा। कमरे में पहुंचे ही बेटे ने मां को फंदे से लटका देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर से निकली चीखपुकार सुनकर आस-पास के लोग भी एकत्र हुए और देखा कि विमला मकान मालिक के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और फंदे से महिला के शव को नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो पुलिस को कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ जिसमें विमला ने खुद को मौत का जिम्मेदार बताया है। सुसाइड नोट में मृतका विमला ने लिखा है कि मैं अपनी मौत की जिम्मेदार खुद हूं, अगर जिंदा रही तो पागल हो जाऊंगी। पागल होने से तो मरना अच्छा। इसलिए में आत्महत्या कर रही हूं। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

# शराब में ज़हर मिलाकर गटक लिया, मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बाद युवक ने शराब में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नारायण नगर कुसुमखेड़ा में रहने वाला प्रदीप आर्य पेशे के पुताई का काम करता था। वह यहां पर अपने परिवार और छोटे भाइयों के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी मायके गई हुई है। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की रात को उसकी पत्नी के साथ फोन पर बात हुई थी और किसी बात को लेकर दोनो में बहस हो गई। बताया जा रहा कि प्रदीप ने पत्नी को वापस आने के लिए बोला था। लेकिन पत्नी ने आने से इंकार कर दिया। जिसके बाद प्रदीप तैश में आ गया। बताया जा रहा कि प्रदीप ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलकर गटक गया। प्रदीप की हालत बिगड़ती देख परिजन उसे आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर गए। देर रात प्रदीप ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक प्रदीप का एक 13 साल का बेटे और पांच साल की बेटी है। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# शिवेंद्रालय के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 27वीं नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप (बैडमिंटन) में उत्तराखंड टीम की ओर से शिवेंद्रालय संस्था (द सेंटर फॉर चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में छात्र कोमल जीना ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए मिक्स्ड डबल्स में सिल्वर मेडल तथा वुमेन्स डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। वहीं विनीता जोशी ने भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और सराहनीय प्रदर्शन किया। उनके प्रयास को भी सभी ने सराहा है। शिवेंद्रालय संस्था द्वारा दोनों विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, लगन और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# नवरात्र: नगर निगम में कन्या पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरूवार को नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में इस वर्ष भी भव्य एवं गरिमामय कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर गजराज सिंह बिष्ट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण मित्रों (स्वच्छता कर्मियों) के परिवारों से 208 कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सम्मान और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व नारी शक्ति के सम्मान और आदर का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों के परिवारों की कन्याओं का पूजन कर समाज में समानता, समरसता और सम्मान का संदेश दिया जा रहा है। नगर निगम परिवार स्वच्छता कर्मियों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पूर्व महापौर डा. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, राज्य मंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, अलका जीना, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा विजयलक्ष्मी चौहान, सांसद प्रतिनिधि हिमांशु मिश्रा, चंपा नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति भट्ट सहित पार्षदगण, नगर निगम के अधिक. ारी-कर्मचारी एवं शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बार एसो. के चुनाव कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी बार एसोसिएशन चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतदान से पूर्व गुरुवार को बार भवन जजी परिसर में प्रत्याशियों की समस्याओं और चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि शुक्रवार को भी बार भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद पांडे प्रत्याशियों को 28 मार्च को होने वाली चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देंगे। सुबह 11 बजे से प्रस्तावित इस बैठक में सभी प्रत्याशियों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। बैठक में चुनाव समिति के सदस्य मोहन सिंह बिष्ट, विपिन कुमार अग्रवाल, मोहित मौर्य, सुशील कुमार, मोहित पाण्डेय, राकेश किशोर, विजय सिंह बिष्ट, पारस चंदोला, गौतम प्रकाश सहित अन्य लोग सदस्य रहे।

# गैस सिलेंडर को दर-दर भटक रही जनता

## ठेकेदारों तथा वितरकों की मनमानी पर नाराज़गी, सिटी मजिस्ट्रेट ने किया गोदाम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में इंडियन गैस की आपूर्ति में लगातार व्यवधान के कारण उपभोक्ताओं में गुस्सा और नाराजगी व्याप्त हो गई है। ठेकेदारों और वित. रकों की मनमानी के कारण कई इलाकों में गैस सिलेंडर समय पर नहीं पहुंच रहे, जिससे लोग परेशान होकर दर-दर भटकने को मजबूर हैं। कुछ क्षेत्रों में गैस वाहन तक नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे न केवल असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि नागरिकों में नाराजगी भी बढ़ गई है। इस गंभीर स्थिति के बीच गुरुवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने इंडियन गैस के गोदामों और कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपूर्ति की स्थिति का



गहराई से जायजा लिया और प्रभावित क्षेत्रों में गैस की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से इंडियन गैस की सप्लाई नियमित रूप से नहीं हो रही थी, जिससे उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। खाड़ी देशों में संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंका ने लोगों की चिंता को और बढ़ा दिया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि इंडियन गैस की आपूर्ति कुमाऊँ मंडल विकास निगम और निजी एजेंसियों के माध्यम से की जाती है।

कुछ तकनीकी और प्रशासनिक कारणों के चलते सप्लाई में बाधा आई, जिससे उपभोक्ताओं के बीच नाराजगी देखी गई। निरीक्षण के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी क्षेत्रों में समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं होने दिया जाएगा और वितरकों और एजेंसियों की मनमानी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद हल्द्वानी के छड़ायल, कुसुमखेड़ा और पालीकोठी क्षेत्रों में गैस की आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई। इन क्षेत्रों में कई दिनों से गैस सिलेंडर का इंतजार कर रहे लोग अब राहत की सांस ले रहे हैं। स्थानीय निवासी प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट हैं और उम्मीद जताते हैं कि अब शहर में गैस की नियमित आपूर्ति बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि गर्मी और रसोई के समय में गैस की अनुपलब्धता गंभीर समस्या बन चुकी थी, लेकिन अब प्रशासन की ओर से ली गई त्वरित पहल ने उन्हें बड़ी राहत दी है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने कहा प्रशासन उपभोक्ताओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील है। सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देश दिए गए हैं कि समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। शहरवा. सियों को किसी भी प्रकार की असु. विधा नहीं होने दी जाएगी।

# गर्मी की दस्तक के साथ पेयजल किल्लत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गर्मी की दस्तक शुरू होते ही हल्द्वानी के कई इलाकों में पेयजल किल्लत का संकट गहराने लगा है। गुरूवार को लंबे समय से पेयजल किल्लत से परेशान वार्ड-37 हरिपुरगांगु क्षेत्र और चौफुला चौराहा के लोग का गुस्सा फूट पड़ा और लोगों ने जलसंस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। जिसके बाद इसके बाद सभी कॉलोनी वासियों ने मनु गोस्वामी के साथ शहर विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी समस्या को रखा। जिसपर विधायक ने शीघ्र ही पेयजल समस्या से समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कॉलोनी में आने वाली पीने के पानी की पाइपलाइन में जल संस्थान के अधिकारियों द्वारा वॉल लगने के बाद से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है। पिछले एक महीने से लोग निजी खर्च पर पानी का टैंकर मंग. वाकर अपनी आवश्यकता पूरी कर रहे हैं। पानी को लेकर दर-दर भटक रहे है। उन्होंने कहा कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करा चुके है लेकिन कोई भी समस्या का समाधान करने वाला नहीं है, इसलिए आज मजबूरन होकर क्षेत्र के लोगों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया अगर शीघ्र ही पेयजल किल्लत का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालों में मन्नू गोस्वामी, लीला देवी, उमा, हंसा देवी, सुमन देवी, भावना देवी, तुलसी देवी, दीपा गोस्वामी, डिगर राम, नारायण लाल, चंदन प्रकाश और विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# राम सिंह कैड़ा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार हल्द्वानी पहुंचे राम सिंह कैड़ा का पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने गुरुवार को जोरदार स्वागत किया। लामाचौड़ के भाखड़ा से भाजपा कार्यालय तक जगह-जगह फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया गया। छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले राम सिंह कैड़ा के कैबिनेट मंत्री बनने पर खासकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे और समर्थकों ने फूल वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और उत्तराखंड में भी विकास कार्यों को नई गति मिली है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए गांव-गांव, घर-घर और गली-गली तक पहुंच बनाकर जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# 7 हजार फार्म वितरित, 1 हजार जमा हुए

## बनभूलपुरा: राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बनभूलपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डोर टू डोर वितरण और छह कैंपों के माध्यम से सात हजार फार्म वितरित किए गए हैं। हालांकि, अब तक केवल एक हजार फार्म ही जमा किए गए हैं। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) के सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि इस योजना के तहत फार्म वितरण और जमा करने का कार्य जारी है, और उम्मीद जताई जा रही है कि 31 मार्च तक फार्म जमा होने की संख्या में इजाफा हो सकता है। त्रिपाठी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में छह सार्वजनिक

### कहा-31 मार्च तक फार्म जमा करने का है लक्ष्य

स्थानों पर कैंप आयोजित किए गए हैं, जहां लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है और फार्म वितरित किए जा रहे हैं। अब तक लगभग सात हजार फार्म बांटे गए हैं, लेकिन केवल एक हजार फार्म ही जमा हो पाए हैं। उनका मानना है कि फार्म भरने और जमा करने की प्रक्रिया कठिन है, क्योंकि इसमें कई दस्तावेज और जानकारियां देनी होती हैं, जिसके कारण फार्म की गति धीमी रही है। 31 मार्च तक फार्म जमा होने की उम्मीद जताते हुए, उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो कैंपों की अवधि एक-दो दिन और बढ़ाई जा सकती है। एसएलएसए, प्रशासन और नगर निगम के प्रयास हैं कि निर्धारित तिथि तक सभी फार्म जमा करवा लिए जाएं। उन्होंने बताया कि जनता की सहूलियत के लिए सभी कैंपों में नोटरी अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं, जो फार्म भरने में मदद कर रहे हैं। इसके अलावा, स्टांप शुल्क औरफार्म जमा करने के लिए कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है। त्रिपाठी ने पार्षद मोकिन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे फार्म भरवाने में जनता की मदद कर रहे हैं, और अन्य जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे लोगों को फार्म भरने के लिए प्रेरित करें, ताकि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन हो सके। 31 मार्च के बाद फार्मों की स्क्रूटनी की जाएगी और संबंधित विभाग सोशल और फाइनेंशियल रिपोर्ट तैयार करेंगे। फिलहाल, सभी का ध्यान फार्मों के जमा करने पर है।

# जमरानी बांध: हरिपुर फीडर के कार्यों का निरीक्षण

## पर्यावरण संरक्षण और विकास के संतुलन बनाए रखने का प्रयास सराहनीय: एडीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना के अंतर्गत चल रहे नहर निर्माण एवं पुनर्निर्माण कार्यों का गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (राजस्व) शैलेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। परियोजना, जो काठगोदाम बैराज से लगभग 10 किलोमीटर अपस्ट्रीम गोला नदी पर प्रस्तावित है, का निर्माण वर्ष 2024 से प्रगति पर है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से 15 किलोमीटर लंबी हरिपुरा फीडर नहर के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान नहर में बनाए जा रहे रेगुलेटर, प्रोटेक्शन वर्क, फॉल तथा क्रॉस ड्रेनेज (सीडी) संरचनाओं की तकनीकी गुणवत्ता की विस्तृत



समीक्षा की गई। साथ ही वन्यजीव संरक्षण के लिए बनाए जा रहे एलिफेंट स्टेप्स, रेप्टाइल क्रॉसिंग सहित अन्य विशेष प्रावधानों का भी निरीक्षण किया गया। अपर जिला. धिकारी ने पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने के प्रयासों की सराहना करते हुए निर्माण कार्यों को संतोषजनक बताया। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत नहरों के रिमॉडलिंग और रिनोवेशन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे कमांड एरिया में सिंचाई क्षमता का विस्तार सुनिश्चित होगा। परियोजना के अंतर्गत काठगोदाम बैराज से निकलने वाली मुख्य नहरों गौलावार मुख्य नहर, गौलावार फीडर नहर, हरिपुरा फीडर नहर और पाहा फीडर नहर की कुल 40.82 किलोमीटर लंबाई में सुधार कार्य प्रस्तावित है। अब तक 17.38 किलोमीटर लंबाई में कार्य पूर्ण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान वृक्षों के कारण कार्य में आ रही बाधाओं का भी संज्ञान लिया गया। बताया गया कि नहर के तल और पैरापिट पर लगभग 1090 पेड़ होने के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इन पेड़ों के पातन की अनुमति शासन स्तर पर विचाराधीन है। अपर जिला. धिकारी ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इस समस्या के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगा। परियोजना इकाई ने यह भी जानकारी दी कि वन क्षेत्र में प्रभावित होने वाले पेड़ों के सापेक्ष वन विभाग द्वारा दस गुना वृक्षारोपण किया जाएगा, जबकि नहर के दोनों ओर भी व्यापक पौधारोपण की योजना है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के साथ हुए समझौते के तहत हरिपुरा जलाशय से रामपुर और किच्छा बैराज से बरेली को सिंचाई जल उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही ऊधमसिंह नगर जिले को भी इन नहरों के माध्यम से सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना पूर्ण होने के बाद उत्तराखंड के नैनीताल और ऊधमसिंह नगर तथा उत्तर प्रदेश के बरेली और रामपुर जिलों में 57,065 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिलने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण के दौरान उपमहाप्रबंधक ललित कुमार ने परियोजना की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक मोहम्मद शाहनवाज, क्षेत्रीय अभियंता एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### हिंदू नववर्ष पर युवा शक्ति का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/बेरीनाग।** गंगोलीहाट विधानसभा क्षेत्र में हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता एडवोकेट सुरेंद्र कुमार ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीरामचंद्र के छायाचित्र भेंट कर नववर्ष की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान उन्होंने बेरीनाग, थल और पाखू



क्षेत्रें का दौरा कर युवा साथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से आत्मीय मुलाकात की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं की भागीदारी रही, जहां सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान युवाओं ने एकजुट होकर एडवोकेट सुरेंद्र कुमार के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया और आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में उन्हें पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विकास, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक एकता को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम में युवा नेता दिनेश आर्या, भाजपा बेरीनाग ग्रामीण मंडल के कृष्णा कुमार, उत्तराखंड के लोक गायक संदीप सोनू, लोक गायक कृष्ण कुमार, मनोज कार्की (मन्नू), संदीप मेहता, मोहित मेहरा, राजेंद्र कुमार, विक्की धानिक, दिनेश धानिक सहित कई युवा मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बाइक सवार किशोर के गर्दन में घुसा एंगल, मौत

## हादसे को लेकर लोगों में एनएच के ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ भारी रोष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बुधवार की देर रात सब्जी मंडी गेट के सामने बाइक सवार किशोर की गर्दन में डिवाइडर का लोहे का एंगल घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस घटना के बाद परि. जनों में कोहराम मच गया। वहीं नेशनल हाईवे पर निर्माणाधीन सड़क और कार्यदायी संस्था की घोर लापरवाही बताते हुए क्षेत्र के लोगों में एनएच के ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शि. वनगर ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 7 निवासी सचिन राठौर (16 वर्ष) पुत्र रामानंद राठौर राठौर बुधवार रात करीब 11:30 बजे अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक नैनीताल हाईवे पर सब्जी मंडी गेट के सामने पहुंची, वहां पहले से क्षति ग्रस्त पड़े डिवाइडर से बाइक टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डिवाइडर से लोहे के नुकीले एंगल बाहर की ओर निकले हुए थे। बाइक टकराते ही एक लोहे का एंगल सीधे सचिन की गर्दन में जा घुसा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने आनन-फानन में लहूलुहान सचिन को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन घाव इतना गहरा था कि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक पर सवार दूसरा युवक भी घायल हुआ है, जिसे चेहरे पर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सचिन का बड़ा भाई नितिन राठौर, माता-पिता और छोटी बहन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे। जवान बेटे का शव देख परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। सूचना पर समाज सेवी संजय ठुकराल और गगन ग्रोवर भी अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक जीवन सिंह अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को एंबुलेंस के माध्यम से मोर्चरी भिजवाया। बाद में समाजसेवी संजय ठुकराल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां चारों ओर खून बिखरा हुआ था। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 5-6 महीनों से हाईवे की सड़क को खोदकर छोड़ दिया गया है। ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण न किए जाने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत की गई होती, तो आज एक मासूम की जान नहीं जाती। सुबह पोस्टमार्टम हाउस पर लोगों का तांता लगा रहा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, समाजसेवी सुशील गावा सहित तमाम लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

# धूमधाम से निकला मां अटरिया का डोला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेत्र नवरात्रि के पवित्र पावन अवसर पर रम्पुरा से धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकाला मां अटरिया का डोला निकाला गया।

**■ विधायक शिव अरोरा समेत सैकड़ों भक्त हुए शामिल**

विधायक शिव अरोरा स्वयं भक्तों के साथ-साथ डोले में शामिल हुए और डोले को उठाकर अटरिया मन्दिर पहुंचे। विधायक बोले रुद्रपुर में प्राचीन अटरिया माता मंदिर जिसकी मान्यता बहुत लम्बे समय से चली आ रही है जिनके लाखो भक्त मांनने वाले है उनकी पवित्र डोला बहुत धूमधाम के साथ अटरिया मन्दिर पहुंचा।

विधायक ने कहा अटरिया मंदिर में लाखो भक्त दर्शन को आते हैं। इस वर्ष त्रिशूल चौक से अटरिया मन्दिर मोड़ तक चौड़ीकरण सौंदर्यकरण कार्य चल रहा है। वही जब अगली बार मां अटरिया का भव्य डोला निकलेगा तब यह मार्ग का चौड़ीकरण कार्य हो चुका होगा और इस मार्ग पर लगाने वाले जाम से निजाद मिलेगी।

इस दौरान गिरीश पाल, नाथूलाल गुप्ता, अनिल शर्मा, गीता शर्मा, सौरभ गुप्ता, शुभम, वीरेंद्र शर्मा,सुग्रीम राव मनोज मदान, राधेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

# फैक्ट्री में काम करते समय गिरा श्रमिक, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार को कार्य के दौरान एक श्रमिक ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसने उपचार के दौरान निजी चिकित्सालय में दम तोड़ दिया । मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बरा खास थाना मिलक रामपुर निवासी 17 वर्षीय फैजान पुत्र इसरार यहां सिडकुल की एक फैक्ट्री में ठेकेदार के अधीन काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार को वह काम करने के दौरान अचानक ऊंचाई से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां फैजान ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जाता है कि मृतक फैजान की तीन बहनें व एक छोटा भाई है। जबकि पिता इसरार पूर्व में हुए सड़क हादसे में दोनों टांगों से लाचार हैं।

# एलायंस क्लब द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एलायंस क्लब द्वारा नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। माता को भोग लगाकर भक्तों को पूरी, सब्जी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। कृदय फार्म पर लगाए गए इस भंडारे में पूर्णागिरि धाम को आने एवं जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज कन्याल ने मां दुर्गा से जग कल्याण की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर भक्ति में भी समय लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में जगत जननी की भक्ति को सर्वोपरि माना गया है। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष जितेंद्र पारूथी, कमल गहतोड़ी, पंकज टम्टा, दीपक चंद, केसर पारुथी, नवनीत अरोरा, अंशदीप गंभीर, राहुल शर्मा, राकेश कुमार रॉक्सी, डॉ महेंद्र प्रताप पांडे और गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग टीमने देर रात चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल रुद्रपुर द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व में रुद्रपुर में नियमों का पालन न करने पर व ओवरलोडिंग, बिना फिटनेस, बिना टैक्स वाले वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इस दौरान कुल 21वाहनों का चालान किया गया, 8 वाहनों को सीज किया गया।



अभियान के दौरान तीन ट्रैक्टर ट्राली बिना फिटनेस, बिना टैक्स और व्यावसायिक प्रयोग ओवरलोड थी को सीज कर दिया। वहीं चार ओवरलोड वाहन व बिना ड्राइविंग लाइसेंस में सीज किया गया, जिसमें दो ओवरलोड भूसी की बड़े भर वाहन व एक ओवर हाइट भूसी वाहन व एक बड़ा भार वाहन खनन सामग्री वाला और एक अन्य भरवाहन बिना फिटनेस विदाउट टैक्स शामिल है। अन्य वाहनों का चालान बिना टैक्स, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र व विभिन्न अभियोग में किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नवीन सिंह कहना है कि बिना फिटनेस, बिना टैक्स ओवरलोडिंग गाड़ी न चलाएं व यातायात नियमों का पालन करें। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन नवीन सिंह, परिवहन उप निरीक्षक गोकुल सुप्याल, सहायक निरीक्षक महेंद्र सिंह बोरा, गणेश जोशी, देवेंद्र सिंह, परिवहन आरक्षी रवि, डिंपल सिंह, गौरव सिंह व परिवहन चालक पूरन सिंह बिष्ट शामिल थे।

# अष्टमी और नवमी पर घर-घर हुआ कन्या पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व पर आज गुरुवार को अष्टमी व नवमी पर श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से मां महागौरी व मां सिद्धि दात्रि की पूजा अर्चना की गई साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी व मां सिद्धिदात्रि को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर मां की पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा अपने आवास, प्रतिष्ठान व मंदिरों में कन्याओं का विधि विधान से पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं के चरण धोकर उन्हें चुनरी ओढाकर पूजा की तथा उन्हें प्रसाद खिलाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कन्याओं को कई उपहार भी भेंट किये। उधर नवरात्र के नवमी पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिरों में कई धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए।

मानव कुष्ठ आश्रम में अखंड रामायण पाठ, हवन जाप, अखण्ड महामंत्र व भंडारा आयोजित किया गया। श्री दुर्गा मंदिर खेड़ा, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूत बंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स काला. ेनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस आदि आवासीय क्षेत्रें में भी पावन नवरात्र का अष्टमी व नवमी दिवस और श्री रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।

वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने निवास स्थान पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन किया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से नौ कन्याओं का पूजन कर उनके चरण पखारे और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अभिभावकों की मांग पर जीडी गोयंका स्कूल का भव्य विस्तार

**■ नए ऑडिटोरियम के साथ बनेगा 'फ्यूचर बिल्डिंग सेंटर'**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर के प्रतिष्ठित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। क्षेत्र के अभिभावकों की लगातार बढ़ती मांग और आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता को देखते हुए, विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल के 'ग्रैंड एक्सपेंशन' (भव्य विस्तार) की घोषणा की है। ईश्वर की असीम अनुकंपा से, यह संस्थान अब एक विशाल 'एजुकेशनल और फ्यूचर बिल्डिंग सेंटर' के रूप में नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है।



रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों के अभिभावकों द्वारा लंबे समय से स्कूल में विश्वस्तरीय संसाधनों और अधिक स्थान की मांग की जा रही थी। जनहित और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सर्वोपरि रखते हुए, प्रबंधन ने स्कूल परिसर में व्यापक विस्तार और एक अत्याधुनिक भव्य ऑडिटोरियम के निर्माण का निर्णय लिया है। आज विद्यालय परिसर में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ 'भूमि पूजन' का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर चेयरमैन अतुल गोयल, निदेशक मंडल के रोहित गोयल,रुचि गोयल, निधि गोयल, मुकुंज गोयल, शिवाली गोयल, सनी वर्गीस, प्रिंसिपल रूपाली पुरी समस्त स्टाफ और गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल रूपाली पुरी एवं समस्त स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए और इस नई शुरुआत का स्वागत किया। चेयरमैन अतुल गोयल ने कहा अभिभावकों का अटूट विश्वास ही हमारी असली पूंजी है। उनकी मांग और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हमने इस विस्तार योजना को धरातल पर उतारा है।

प्रिंसिपल और शिक्षकों ने साझा रूप से इस प्रोजेक्ट एक बड़ी उपलब्धि बताया, जो आने वाले समय में विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करेगा। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है।

# केंटर और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एनएच 74 हाइवे एसएन शर्मा इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार केंटर और बाइक की भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार राजवीर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक चन्दौसी क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।



हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। केंटर चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया और चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज मनीष खत्री पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत करते हुए चालक को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को आनन-फानन में एंबुलेंस के जरिए काशीपुर के अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है।

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के असली कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में एडमिशन कम स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन

**■ 130 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक परीक्षा में किया प्रतिभाग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिगराबाग में प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एडमिशन कम स्कॉलरशिप परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा यूकेजी, 5, 8 एवं कक्षा 10 के कुल 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा के सफल संच. ालन हेतु विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में यह संपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुआ।वहीं विद्यालय प्रशासन ने जानक. ारी दी कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले



विद्यार्थियों को 100% तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्रों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

वहीं विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक एवं प्रोत्साहनात्मक कार्यक्रम आयोजित करते रहने की प्रतिबद्धता जताई।

# नगदी और जेवरात से भरा पर्स गिरा, पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** शाकिर अली पुत्र शमीम अहमद निवासी ग्राम बाजपुर गांव ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया की उसकी पत्नी हसीन जहां सुल्तानपुर पट्टी अपने माइके से अपने घर वापस आ रही थी। इस दौरान पत्नी इलेक्ट्रिक रिक्शा से यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान पत्नी हसीन जहां का एक पर्स (हल्का ग्रीन रंग) कहीं रास्ते में पिपलिया मोड़ पेट्रोल पम्प के आस पास गिरकर खो गया है। पर्स में लगभग तीन तोले सोने के आभूषण, नौ तोले चांदी की पायल व 30,000 (तीस हजार रुपये नगद) व मोबाइल फोन व कुछ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज/सामान मौजूद थे। काफी खोजबीन करने के बाद भी पर्स का कोई पता नहीं चल सका। वहीं चौकी प्रभारी मनीष खत्री ने बताया कि मार्ग में लगे कैमरे चेक किए जा रहें, जल्द ही ढूंढ कर पर्स दिलाया जाएगा।

# रेलवे क्रॉसिंग पर आधा घंटा खड़ी रही ट्रेन, मुख्य मार्ग पर लगा लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के रेलवे क्रॉसिंग मेन रोड पर एक ट्रेन करीब 30 मिनट तक खड़ी रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। क्रॉसिंग बंद रहने के कारण मुख्य सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के चलते राहगीरों,और जरूरी कार्य से जा रहे लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। कई वाहन चालक वैकल्पिक मार्ग तलाशते नजर आए। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से ऐसी स्थिति में समयबद्ध व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

# पीड़ित परिवार से मिले भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने नन्हे मुन्हे गौरव से उसके टेड़ा रोड घर पर पहुंचकर मुलाकात की और उसका हाल चाल जाना।

राकेश नैनवाल ने बताया कि कुछ समय पहले गौरव आगरा चाट भंडार में मिला था। उनके पिता की मौत 2020 में हो गई है, पढाई के साथ ही काम करके वह परिवार का पेट पालता है। उसका घर नहीं है और वह किराए पर टूटे हुए घर मे रहता है। उन्होंने बताया कि होनहार गौरव से वादा किया है कि जल्द से जल्द उसे घर दिया जाएगा।कहा कि अपने खर्चा से घर दिलाया जाएगा।

# जिप्सी में बैठकर विद्यार्थियों ने लिया जंगल सफारी का रोमांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय इंटर कॉलेज, चारुबेटा के विद्यार्थियों ने सुरई इको टूरिज्म वन रेंज में आयोजित जंगल सफारी के दौरान प्रकृति और वन्यजीवन का अद्भुत अनुभव प्राप्त किया। इस शैक्षिक भ्रमण का नेतृत्व प्रधानाचार्य 'राम नारायण वर्मा' ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक 'रावेंद्र कुमार रवि, हरिओम पारखी, रामानंद सिंह, बबीता विश्वकर्मा एवं सूरज कुशवाहा' के साथ कक्षा 10, 11 और 12 के कुल 94 छात्र-छात्राओं (41 छात्र एवं 53 छात्राएँ) ने सहभागिता की।



जंगल सफारी के दौरान वन विभाग के अधिकारियोंख्रखटीमा के प्रभागीय वन अधिकारी 'हिमांशु बागड़ी', उप प्रभागीय वन अधिकारी 'संचिता वर्मा', सुरई के वन क्षेत्राधिकारी 'राजेंद्र मनराल', उप वन क्षेत्राधिकारी 'सुंदरलाल वर्मा' तथा वनबीट अधिकारी 'सुखविंदर सिंह' ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। साथ ही जिप्सी संगठन खटीमा के सहायक गाइड भी पूरे समय विद्यार्थियों के साथ रहे। वन विभाग की ओर से सफारी हेतु सोलह 8-सीटर जिप्सियों की व्यवस्था की गई थी। ये वाहन जंगल के दुर्गम मार्गों पर आसानी से चलने योग्य होने के साथ खुले स्वरूप के कारण वन्यजीवों के अवलोकन के लिए अत्यंत उपयुक्त साबित हुए।

सफारी के उपरांत सुरई इको टूरिज्म वन रेंज के गेस्ट हाउस में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। वापसी पर विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने रोमांचक अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प लिया, ताकि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हुए पृथ्वी को सुरक्षित और सुंदर बनाए रखा जा सके।

# आइकन प्रीस्कूल में हुआ भव्य ग्रेजुएशन एवं पुरस्कार वितरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आइकन विद्यालय में ग्रेजुएशन डे एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी, प्री-नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के सभी बच्चों ने भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे ग्रेजुएशन कैप और गाउन में बेहद आकर्षक लग रहे थे। इस अवसर पर सभी बच्चों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को परितोषिक, इनाम, गिफ्ट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व और खुशी व्यक्त की।इस अवसर पर सभी बच्चों को उनके वार्षिक प्रदर्शन के आधार पर रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों '(एकम, यतिका, दिव्यांशु, हरगुन, अक्षी, कनिष्का, अरनव, जियांस, अनिरुद्ध )' को परितोषिक, आकर्षक उपहार, इनाम एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने बच्चों के आत्मविश्वास को और भी बढ़ाया।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष चौधरी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को उत्तराखण्ड के चार साल का कार्यकाल पूरा होने की बधाई दी।भगीरथ लाल चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के चार साल का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है।कहा कि उत्तराखंड राज्य में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने



कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार साल के कार्यकाल के कुशल नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य प्रदेश को विकास की दिशा में अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नगर, ग्रामीण, किसान,गरीब, युवा,महिलाओं और जरूरतमंदों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनहित योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

# संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर मे कांग्रेस पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के लिए ग्राम सावल्दें क्षेत्र में सावल्दें पूर्वी की बैठक आयोजित की गई। बैठक कांग्रेस नेता व पूर्व प्रधान वेद प्रकाश के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई। उसके बाद सावल्दें पश्चिम प्रथम की बैठक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शाहिद हुसैन के निवास पर और सावल्दें पश्चिम द्वितीय की बैठक कांग्रेस नेता रमेश सिंह के निवास स्थान पर आयोजित की गई।जिसमें बूथ कमेटी के साथ बैठक कर बूथ कमेटी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श कर कमेटी का विस्तार किया गया।बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत नें आगामी विधानसभा चुनाव के लिए बूथ कमेटी कों मजबूत करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत ने की।



# नशे के खिलाफ पुलिस की दोहरी पहल, युवाओं को दिलाया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर/ सुल्तानपुर।** नशे के खिलाफ अभियान को और धार देते हुए क्षेत्र में पुलिस ने युवाओं के बीच जागरूकता की मुहिम तेज कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर चौकी इंचार्ज मनीष खत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्र-छात्राओं व एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ "नशा नहीं, जिंदगी चुनें" अभियान की शुरुआत की।

अभियान के दौरान युवाओं से नशे से दूर रहने और समाज में इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की गई। साथ ही "ड्रग्स फ्री देवभूमि" अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर-बैनर के माध्यम से नशे के खिलाफ प्रभावी संदेश दिए। चौकी इंचार्ज मनीष खत्री ने स्पष्ट कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जिसकी शुरुआत युवाओं से ही होनी चाहिए। वहीं चौकी प्रभारी बन्नाखेड़ा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय टांडा गोरू में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर-बैनर के जरिए जनजागरूकता का संदेश फैलाया। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं के सहयोग से भविष्य में कस्बों और गांवों में बड़े स्तर पर अभियान चलाने की रणनीति भी बनाई गई।

# कार और बाइक की जबरदस्त भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## ओवरटेक करते समय कार और बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत

■ **सड़क दुघर्टना का पूरा मामला कार के डैशबोर्ड कैमरे में कैद**





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** चकरपुर बनबसा मार्ग पर बुधवार की देर शाम कार एवं बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। उक्त दुर्घटना उस वक्त हुई जब बाइक सवार ओवरटेक कर रहे थे तभी सामने आ रही कार से आमने-सामने भीड़ गए। जिससे दोनों युवकों की दुखद मौत हो गई। वहीं सड़क दुर्घटना का पूरा वाक्या कार के डैश बोर्ड में लगे कैमरे में कैद हो गया।

सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची चकरपुर पुलिस चौकी टीम ने 108 के माध्यम से दोनो गंभीर घायल युवकों को खटीमा के सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं कार को अपने कब्जे में ले लिया है तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा इतना भीषण था कि बाइक कार को फाड़ते हुए कार के बोनट में धंस कर दो टुकड़ों में बंट गई। जिस वजह से दोनों बाइक सवार युवकों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। जिनका गुरुवार को पोस्टमार्टम किया गया। मृतक युवकों की पहचान नावेद खान उम्र 29 पुत्र बाबू खान निवासी वार्ड नंबर 13 खटीमा एवं नमन उम्र 25 पुत्र सुरेंद्र कुमार वार्ड नंबर 13 खटीमा के रूप में हुई है। दोनो युवकों की असमय मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

चकरपुर चौकी पुलिस पूरे मामले की जांच में जूट गई है। वहीं उक्त दुर्घटना का कार के डैश बोर्ड में लगे कैमरे का फुटेज भी सामने आया है,जिसमे ओवर टेकिंग के दौरान बाइक कार से आमने सामने भिड़ते दिख रही है। सड़क दुर्घटना में दोनों युवकों की दर्दनाक मौत के बाद उनके परिजनों में शोक का माहौल है और रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार नावेद के निकाह की लगभग डेढ़ साल पहले और नमन मोर्या की शादी को लगभग तीन माह पहले हुई थी। दोनो युवक अपने परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गए। चकरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई विकास कुमार के अनुसार दोनो युवकों के शवों का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराया जाएगा।

## एक नजर

### नुक्कड़ नाटक से गूंजा टनकपुर शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जनचेतना कला मंच के सहयोग से शहर के प्रमुख स्थानों शारदा घाट, चड्डा चौराहा, तुलसीराम चौराहा (पूर्णागिरी मिष्ठान भंडार), रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और कार्की फार्म में प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।



**स्वच्छता के लिए जागा जनमानस**

कलाकारों ने स्वच्छता, कूड़ा प्रबंधन, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और पर्यावरण संरक्षण जैसे अहम मुद्दों को बेहद रोचक और सरल अंदाज में प्रस्तुत किया। नाटक ने दर्शकों को न सिर्फ मनोरंजन दिया, बल्कि स्वच्छता के प्रति सोच बदलने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। युवाओं, बच्चों और व्यापारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग करना, सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाना और कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बना सकते हैं।

### पूर्णागिरि मेले में उमड़ रहा जनसैलाब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** पूर्णागिरि मेले के चलते इन दिनों श्रद्धालुओं का टनकपुर आगमन लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर क्षेत्र के वरिष्ठ व्यवसायी दीपक शारदा ने बताया कि प्रतिदिन भारी संख्या में श्रद्धालु टनकपुर पहुंच रहे हैं, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पर दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

**बेकाबू रफ्तार पर लगाम कब? स्पीड ब्रेकर की मांग तेज**

उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य चौराहों और सड़कों पर यातायात नियंत्रण न होने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण की कमी साफ नजर आती है। व्यवसायी दीपक शारदा ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, ताकि वाहनों की गति नियंत्रित हो सके और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसके अलावा उन्होंने बैराज मार्ग पर भी स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित और सहज तरीके से अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# कम्युनिटी हॉल निर्माण को मिली तेजी

■ **1 करोड़ की पहली किस्त जारी, काम ने पकड़ी तेजी**
■ **पत्रकारों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं**
■ **गेस्ट हाउस व कम्युनिटी हॉल से बढ़ेगी क्षेत्र की सामाजिक-सुविधाएं**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में जनपद चम्पावत के टनकपुर क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री की घोषणाओं को धरातल पर उतारते हुए शासन ने टनकपुर में अत्याधुनिक मीडिया सेंटर के निर्माण के लिए कुल 14.24 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री की घोषणा संख्या 351/2022 एवं 39/2023 के तहत मीडिया सेंटर, गेस्ट हाउस और कम्युनिटी हॉल के निर्माण कार्य को गति देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 करोड़ की प्रथम किशत भी जारी कर दी गई है। यह कदम धामी सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता और तेज निर्णय क्षमता को दर्शाता है। टनकपुर में प्रस्तावित मीडिया सेंटर के निर्माण से पत्रकारों को अत्याधुनिक कार्य सुविधाएं मिलेंगी, जिससे सूचना का आदान-प्रदान अधिक प्रभावी और तेज होगा।

वहीं गेस्ट हाउस और कम्युनिटी हॉल के निर्माण से स्थानीय लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे और बाहरी आगंतुकों के ठहरने की भी सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए।

# अंधेरे में डूबा टी-44 अंडरपास

■ **ग्रामीणों की जान पर बन आई, रेलवे की अनदेखी पर फूटा गुस्सा**
■ **मुख्य मार्ग होने के बावजूद नहीं लगी लाइटें**
■ **हादसों और भय का बढ़ा खतरा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहारगोठ स्थित टी-44 रेलवे अंडरपास में लाइटिंग व्यवस्था न होने से स्थानीय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह अंडरपास मनिहारगोठ, सैलानीगोठ, पूर्वी बिचई सहित आसपास के क्षेत्रों को बाजार और हाईवे से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, लेकिन इसके बावजूद यहां आज तक प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि शाम होते ही अंडरपास के अंदर घना अंधेरा छा जाता है, जिससे आवागमन करना जोखिम भरा हो जाता है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है, वहीं असुरक्षा का माहौल भी पैदा हो गया है।

स्थानीय निवासी भूपेंद्र चंद ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार रेलवे के उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी साफ नजर आ रही है। ग्रामीणों ने रेलवे विभाग से जल्द से जल्द अंडरपास में लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

### राष्ट्रीय परीक्षा में टनकपुर का परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के मेधावी छात्र अंकित भट्ट ने विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित भारतीय बौद्धिक राष्ट्रीय परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 91.25 अंक प्राप्त कर पूरे देश में 31वां स्थान हासिल किया है।

**अंकित भट्ट ने देश में हासिल किया 31वां स्थान**

इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए अंकित को ₹2500 की धनराशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यह परीक्षा 1 फरवरी 2026 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी डा. अब्दुल शाहिद खान के साथ समिति के सदस्य डा. सुषमा मक्कड़, डा. विमल जोशी, डा. होशियार सिंह एवं डा. मीनाक्षी जोशी ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी ने अंकित को बधाई देते हुए उनके परिश्रम, लगन और प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# रसोई गैस की बढ़ती जा रही है किल्लत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** रसोई गैस की किल्लत लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। इंडियन गैस की गाड़ी आने की सूचना के चलते गुरुवार की सुबह 5 बजे से ही महिलाओं और बुजुर्गों की लंबी कतारें लग गईं। लोग दोपहर करीब 2 बजे तक गैस सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहे। लेकिन गाड़ी के न पहुंचने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।

घंटों इंतजार के बावजूद गैस की गाड़ी नहीं पहुंचने पर लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश देखने को मिला। लाइन में लगे लोगों का कहना था। कि यह समस्या कोई नई नहीं है। बल्कि आए दिन उन्हें इसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वितरण व्यवस्था की कमी के चलते लोगों को सुबह से ही लाइन में लगना मजबूरी बन जाती है। जिससे खासकर महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गैस वितरण की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। समय पर गाड़ी न पहुंचने और स्पष्ट जानकारी न मिलने के कारण लोगों का पूरा दिन बर्बाद हो जाता है। कई लोगों को बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटना पड़ता है।जिससे उनके सामने घरेलू कामकाज का संकट खड़ा हो गया है। मौके पर लंबे समय तक अव्यवस्था का माहौल बना रहा और लोगों ने प्रशासन से व्यवस्था में सुधार की मांग करते हुए नियमित और समयबद्ध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही।वही गैस मैनेजर प्रबन्धक बाजपुर राम बाबू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्लांट में गाड़ी न लगने पर ऐसा हुआ है। अगर प्लांट से गाड़ी की व्यवस्था होती है। तो नगर में गैस का वितरण किया जाएगा ।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ शातिर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर जनपद में अवैध असलाह एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बाजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान मुडियाकला मरियमपुर रोड स्थित ट्यूबवेल के पास से पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अल्ताफ हुसैन पुत्र सलामुद्दीन निवासी टोपा कॉलोनी, थाना बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर कोतवाली बाजपुर में अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 118/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक धीरेन्द्र परिहार, उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह एवं कांस्टेबल विपिन चन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध तमंचा व स्मैक के साथ पुलिस ने एक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत पुलिस क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उप निरीक्षक के दिशा निर्देशन में ग्राम बनगवां निवासी कुलदीप सिंह पुत्र बचन सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 2.67 ग्राम अवैध स्मैक, एक अवैद्य तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पुलिस टीम में 17 मिल चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ललित बिष्ट, अपर उप निरीक्षक पूरन पांडे, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार तथा कांस्टेबल त्रिभुवन पलड़िया शामिल रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग दंपति गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** केलाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार बुजुर्ग दंपति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया।

गुरुवार को राजपुरा नंबर दो निवासी 70 वर्षीय जीत सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह अपनी पत्नी 70 वर्षीय विद्या के साथ बाइक से हरिपुरा से गदरपुर के पास सकैनिया स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान केलाखेड़ा में मसीत मोड़ के निकट पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

# पोस्टमार्टम हाउस में पहुंचे गाबा ने बंधाया परिजनों को ढांढस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस में आज दुर्घटनाओं एवं संदिग्धावस्था में दिवंगत हुए छह पार्थिव देहों पोस्टमार्टम हुए । मृतकों के परिजनों के चीत्कारों एवं विलाप से माहौल खासा गमगीन हो गया। हर सुख दुख में पहुंचने वाले सुशील गाबा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर सभी दिवंगतों के परिजनों को ढांढस बंधाकर दुख: व्यक्त किया। समाजसेवी सुशील गाबा ने बताया कि सचिन राठौर पुत्र रामानंद की विगत रात्रि वैंडिंग जोन से पार्टी करके वापस अपने निवास शिवनगर वार्ड 7 जा रहे थे कि सब्जी मंडी के पास अचानक वाहन असंतुलित होकर गिरनें से उनकी गर्दन 80 प्रतिशत कट गयी और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों ने कहा कि ऐसे वाहन



असंतुलित नहीं हो सकता, अत: मामले की पूरी जांच होनी चाहिए।

वहीं आकाश तिवारी पुत्र सत्येन्द्र कुमार का शव सिडकुल ढाल पर मिला, शव पर नील पड़े होने से उसकी हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों नें घटना के खुलासे की मांग की है। अन्य घटनाओं में भी परमानन्द निवासी ग्राम छतरपुर, फैजान पुत्र इसरार निवासी तहसील मिलक की एक होटल में कार्य के दौरान छत से गिरनें, मोहन सिंह पुत्र शसर सिंह निवासी जगतपुरा व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति की भी हादसे के दौरान मृत्यु हो गई है।

समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नौजवानों की हादसों एवं संदिग्ध हालातो में मौतों पर हमें गंभीर होना पड़ेगा। एक नौजवान की मौत पूरे परिवार को मानसिक व आर्थिक रूप से तोड़कर रख देती है। संताप और दुख उसके परिवार को हमेशा के लिए घर लेता है। नौजवानों को अपनी संगति सुधारनें के साथ ही प्रशासन को दुर्घटनाओं व अपराधों पर सख्ती से कठोर कार्यवाही कर समाज में कानून का इकबाल मजबूत करना होगा।

### अवैध स्मैक के साथ एक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने वार्ड नंबर 4 खान्का मस्जिद के पास इस्लामनगर निवासी मोहम्मद अमान पुत्र अलाउद्दीन को 3.05 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार तथा इसाक मोहम्मद शामिल रहे।

### वरिष्ठ व्यवसायी के निधन पर जताया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** वरिष्ठ व्यवसायी वशिष्ठ देव (60) का शनिवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इसके उपरांत उनका दोपहर बाद मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां चिता को मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र यशपाल शर्मा ने दी। वह अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी और दोनों पुत्र यशपाल शर्मा और संजय शर्मा को रोता बिलखता छोड़ गए। अंतिम संस्कार में वहां राजू भंडारी, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, उमेश, दिनेश, राजेन्द्र, रामचन्द्र, सूरजभान आदि लोग मौजूद थे।

# चंपावत में मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर हुई बैठक

■ **एसआईआर अभियान को लेकर प्रशासन सख्त**
■ **उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या बोले हर योग्य मतदाता जुड़े**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** तहसील परिषद चंपावत में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अनुराग आर्या की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदाता सूची को अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उप जिलाधिकारी अनुराग आर्या ने बताया कि एसआईआर एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची में योग्य नागरिकों के नाम जोड़ना, अयोग्य नामों को हटाना और किसी भी प्रकार की त्रुटियों को सुधारना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने आगे बताया कि इस अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यकतानुसार सूची में संशोधन करेंगे। इस दौरान मतदाताओं को अपने पहचान पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी हो सके। बैठक में मौजूद सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ललित मोहन भट्ट, कांग्रेस के अब्दुल खान सहित अन्य दलों के पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान तहसीलदार ब्रज मोहन आर्य, राजस्व निरीक्षक दीनदयाल वर्मा, निर्वाचन विभाग की डीआईओ उमा टम्टा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# आईएएस अनुज पंत का जिलाधिकारी आवास में सम्मान

■ **डीएम मनीष कुमार से मिली सेवा और सादगी की प्रेरणा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा में 69वीं रैंक हासिल करने वाले छुलापे गांव के 23 वर्षीय अनुज पंत का आज जिलाधिकारी आवास में सम्मान किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार ने न केवल अनुज बल्कि उनके माता-पिता और परिजनों का भी सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए अनुज को प्रशासनिक सेवा के मूल्योंखईमानदारी, सादगी और निष्ठाखका पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी बनना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ ही बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। अधिकारी को जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु बनकर कार्य करना होता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि किसान परिवार से निकलकर सरकारी स्कूल में पढ़ाई और कठिन परिश्रम के बल पर ही वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी यह सोचकर कार्य करे कि उसे मिलने वाली सुविधाओं के बदले वह आम जनता के लिए क्या कर रहा है?तो उसकी कार्यशैली स्वत: ही बदल जाती है और उसके कार्यों से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आने लगेगी।

अनुज पंत ने जिलाधिकारी से हुई इस मुलाकात को अपने जीवन का महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि उन्हें जो मार्गदर्शन मिला है, वह उनके लिए धरोहर के समान है और आगे के जीवन में पथप्रदर्शक का काम करेगा। इस दौरान अनुज के माता-पिता मीना पंत और दिनेश पंत सहित बुआ प्रेमा कलखुड़िया, जिपं सदस्य योगेश जोशी, एलआईसी के प्रमुख अभिकर्ता के एन पंत, ग्राम प्रधान छुलापे गंगादत्त पंत, झिरकुनी के प्रधान नवीन जोशी समेत अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने जिलाधिकारी की कार्यशैली और उनकी सादगी की सराहना की।

### दो अप्रैल को निकलेगी विशाल भगवा ध्वज यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर दो अप्रैल को बाजपुर भगवामय नजर आएगा। संकटमोचन श्री बालाजी घाटा प्रचार समिति, बांकेनगर के तत्वावधान में अनाज मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर में दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इसके बाद दोपहर 2 बजे से 5100 ध्वजों के साथ भव्य भगवा ध्वज यात्रा निकाली जाएगी, जो अनाज मंडी से शुरू होकर मुख्य मार्ग, बेरिया रोड, राजीव कॉलोनी, रामराज रोड और पहाड़ी कॉलोनी होते हुए बांकेनगर स्थित बालाजी घाटा मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता 'छन्नू' ने बताया कि ध्वज यात्रा के लिए ध्वज मंदिर कमेटी द्वारा नि:शुल्क दिए जाएंगे, जिन्हें श्रद्धालु अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर स्थापित कर सकेंगे। वहीं तीन अप्रैल को सायं 7 बजे से संकटमोचन श्री बालाजी घाटा मंदिर में बाबा का भव्य दरबार सजेगा, जिसमें टी-सीरीज के प्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा, गोपाल कृष्ण 'पाली' और मानव जिंदल भजनों की प्रस्तुति देंगे।

# उधमसिंह नगर के डीएम का आदेश सही: हाई कोर्ट

## राष्ट्रीय राजमार्ग 74 के भूमि अधिग्रहण मामले में मुआवजा राशि बढ़ाने की याचिकाओं पर सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग 74 के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में मुआवजे की राशि बढ़ाने की मांग करने वाली डेढ़ दर्जन से अधिक याचिकाओं पर एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कानूनी उपायों का पालन नहीं किया गया तो सीधे रिट याचिका के माध्यम से राहत पाना संभव नहीं होगा। अदालत ने ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी द्वारा समय सीमा के आधार पर खारिज किए गए आवेदनों के खिलाफ दायर याचिक. ाओं को सुनने से इनकार कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के पास मध्यस्थता और सुलह अधिनियम 1996 की धारा 34 के तहत जिला न्यायाधीश के



समक्ष अपील करने का एक वैकल्पिक वैधानिक विकल्प मुहैया है चूंकि कानून में पहले से ही एक स्पष्ट उपचार मौजूद है इसलिए संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत सीधे उच्च न्यायालय में रिट याचिकाएं विचारणीय नहीं मानी जा सकतीं। इस तकनीकी आधार पर कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बता दें यह पूरा विवाद काशीपुर से सितारगंज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग 74 के चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि से जुड़ा है।

इस मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्ष 2015 और 2017 में मुआवजा अवार्ड पारित किए गए थे। याचिकाकर्ता श्रवण सिंह, जसवीर सिंह, राजेंद्र कुमार सहित अन्य का तर्क था कि वित्तीय तंगी और कानूनी जानकारी के अभाव के कारण वे समय पर अवार्ड को चुनौती नहीं दे पाए और सात साल की देरी के बाद उन्होंने मुआवजे में वृद्धि के लिए आवेदन किया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील ने तर्क दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में मुआवजे की वृद्धि के लिए आवेदन करने की कोई निश्चित समय सीमा तय नहीं है। उन्होंने मध्यस्थता अधि. नियम की धारा-2(4) का हवाला देते हुए कहा कि धारा -43 (जो समय सीमा की बात करती है) अन्य अधिनियमों के तहत होने वाली मध्यस्थता पर लागू नहीं होनी चाहिए। उनके अनुसार जब मूल कानून मौन हो तो सात साल बाद भी आवेदन स्वीकार किया जाना चाहिए। दूसरी ओर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने इन दलीलों का कड़ा विरोध किया। एनएचएआई के अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि मध्यस्थता की कार्यवाही शुरू करने के लिए परिसीमा अधिनियम का अनुच्छेद 137 लागू होता है जिसके तहत केवल 3 वर्ष की समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने केरल उच्च न्यायालय के हालिया फैसलों का भी उदाहरण दिया जिसमें कहा गया था कि कलेक्टर के निर्णय के खिलाफ तय याचिका विचारणीय नहीं है। कोर्ट ने यह भी संज्ञान में लिया कि वर्तमान में यह कानूनी प्रश्न कि क्या मध्यस्थता की कार्यवाही पर परिसीमा अधिनियम लागू होगा या नहीं अभी भी सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष विच. ाराधीन है। ऐसी स्थिति में जबकि मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है उच्च न्यायालय ने मौजूदा कानूनी ढांचे और मुहैया वैकल्पिक उपायों को प्राथमिकता देना उचित समझा। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने ऊधम सिंह नगर के कलेक्टर के आदेश को सही ठहराते हुए याचिकाकर्ताओं को संबंधित जिला न्यायालय जाने की छूट दी है।

### सैम मंदिर वार्ड में स्वच्छता गोष्ठी

**बागेश्वर।** नगर पालिका परिषद बागेश्वर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सैम मंदिर वार्ड में स्वच्छता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने का आह्वान किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिक. ारी वीएस जीना ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालने की आदत विकसित करने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने लोगों से अपने घरों का कूड़ा नदी नालों में न डालने की अपील की है। उन्होंने कहा यदि कोई इस प्रकार की हरकत करते हुए पकड़ा गया तो कठोर कार्रवाई अम्ल में लाई जाएगी। इस मौके पर सभासद विजयपाल सिंह व स्थानीय लोग सहित स्वच्छता कर्मी मौजूद थे।

# किराए पर बुलेट लेकर फरार हुआ पर्यटक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र से किराये पर ली गई बुलेट बाइक लेकर फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सर्विलांस टीम की मदद से बाइक को गाजियाबाद के डासना क्षेत्र से बरामद किया गया। मामले के अनुसार तल्लीताल निवासी अनीष कुमार ने अपनी हंटर बुलेट यूके 04 टीबी-6949 एक पर्यटक को दो दिन के लिए किराये पर दी थी। तय समय 24 मार्च तक बाइक वापस न करने और मोबाइल फोन बंद मिलने पर पीड़ित ने थाना तल्लीताल में शिकायत दर्ज कराई थी। जीपीएस लोकेशन ट्रैक करने पर बाइक की लोकेशन पहले गजरौला के पास मिली जिससे चोरी की आशंका और बढ़ गई। तल्लीताल थाने के एसआई सतीश उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी का पीछा करते हुए गाजियाबाद के डासना क्षेत्र तक पहुंच बनाई। यहां बाइक स्वामी ने अपनी बाइक व युवक के पास अपने हेलमेट की पहचान की जबकि आरोपी ने नंबर प्लेट बदलकर यूपी 32 एनएच 5715 लगा दी थी। चेसिस नंबर मिलान करने पर बाइक की पुष्टि हो गई। पुलिस ने आरोपी अक्षत बाजपाई निवासी बड़ी काली जी मंदिर बाजार लखनऊ को बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सुरक्षित और आसान सफर का दिया संदेश

## युवा नेता राहुल दरम्वाल और उनकी टीम ने सड़कों के गड्ढे भरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** रामनगर-हल्द्वानी हाईवे पर बैलपड़ाव के पास सड़कों के बड़े गड्ढों को भरकर राहुल सिंह दरम्वाल और उनकी टीम ने यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आसान सफर का संदेश दिया। यह अभियान सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाया गया। र

ाहुल सिंह दरम्वाल ने बताया कि इस हाईवे पर यातायात का भारी दबाव है, जहां रोजाना हजारों लोग स्कूटी, बाइक और अन्य वाहनों से सफर करते हैं। गड्ढों के कारण सड़कों पर लगातार हादसों का खतरा बना रहता है, जिससे न केवल यात्री घायल होते



हैं बल्कि कई बार मौतों की घटनाएं भी हो रही हैं। इसलिए, सड़कों की मरम्मत और गड्ढों को भरने की आवश्यकता है, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके। राहुल सिंह दरम्वाल और उनकी टीम ने बैलपड़ाव के पास सड़क पर बड़े गड्ढों को भरकर इस मुहिम को आगे बढ़ाया।

इस दौरान कमल रावत, कुलदीप बिष्ट, केशव बिष्ट, सौरभ छिमवाल (सन्नी), विशाल रावत, करन नेगी, गुड्डू अधिकारी जैसे कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। राहुल दरम्वाल ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ सड़क को गड्ढा मुक्त करना नहीं है, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनका सफर आसान बनाना है। इस मुहिम के तहत वे प्रशासन, पीडब्ल्यूडी विभाग और एनएच विभाग से भी सड़कों को जल्द से जल्द ठीक करने की अपील करते रहते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से वे खुद भी सड़कों के गड्ढे भरने का काम करते आए हैं और लगातार अपने मित्रों की टीम के साथ इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस अभियान के दौरान अन्य उपस्थित लोग भी सक्रिय रहे, जिनमें गोविंद खनायत, खीम खनायत, कप्तान सिंह, लोकश आर्य और सोनू तिवारी जैसे लोग शामिल थे।

### बिजली आपूर्ति ठप

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में घंटों विद्युत आपूर्ति ठप होने पर लोगों ने विभाग पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि आम आदमी अपना न खा के बिजली का बिलों का भुगतान करता है। उसके बावजूद उन्हें ही विद्युत कटौती का सामना करना पड़ता है। बता दें कि नगर के कठायतबाड़ा वार्ड स्थित द्यांगण क्षेत्र में गुरुवार रात से बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण लोगों को करीब 17 घंटे तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिससे लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने बताया कि गुरुवार रात लगभग आठ बजे अचानक बिजली गुल हो गई, जिसके बाद पूरी रात और शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली न होने से लोगों को दैनिक कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। लोगों का कहना है कि वे कई बार विभाग को फोन कर स्थिति के बारे में अवगत करवा चुके हैं।

# तीन साल बाद मिला मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में एक व्यक्ति का तीन साल पहले खोया मोबाइल फोन संदिग्ध परिस्थितियों में एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में मिलने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की है। तल्लीताल निवासी पीड़ित मुकेश साह ने तल्लीताल थाने में शिकायत करते हुए कहा है कि उसका आईफोन वर्ष 2023 में खो गया था। कुछ दिन पूर्व जब वह तल्लीताल बाजार क्षेत्र की एक मोबाइल की दुकान पर सिम कार्ड लेने गये तो उसे अपना ही फोन दुकान में काउंटर के नीचे रखा हुआ दिखा। पूछताछ करने पर दुकानदार ने बताया कि किसी ग्राहक ने उसे फोन का आईकलाउड लॉक तोड़ने के लिए दिया था। पीड़ित का आरोप है कि दुक. ानदार ने फोन लेने से पहले न तो किसी प्रकार का पहचान पत्र लिया और न ही कोई बिल बनाया जब युवक ने फोन वापस मांगा तो दुकानदार ने मना कर दिया। बाद में जब युवक ने अपने फोन के बाकस और आईएमईआई नंबर से पुष्टि की तो दुकानदार ने फोन वापस कर दिया हालांकि दुकानदार उस व्यक्ति की पहचान बताने से इंकार कर रहा है जिसने फोन उसे दिया। पीड़ित युवक ने शिकायत करते हुए कहा है कि फोन की स्थिति खराब हो चुकी है। टच काम नहीं कर रहा है, स्क्रीन में खराब है और फोन के कुछ पुर्जे भी गायब हैं जिससे छेड़छाड़ की आशंका जताई गई है। उसने मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति की पहचान करने तथा दुकानदार की भूमिका व बीते तीन वर्षों के दौरान फोन का किसी गलत गतिविधि में इस्तेमाल न हुआ हो इसकी जांच करने की मांग की है। तल्लीताल कोतवाली के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# लक्ष्यगीत के साथ शुरू हुआ चौथा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राजकीय पालीटेक्निक नैनीताल में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रात: काल लक्ष्य गीत के साथ की गई। सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक लक्ष्य गीत गाकर दिन के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इसके उपरांत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में तर्कशक्ति, अभिव्यक्ति कौशल तथा आत्मविश्वास का विकास हुआ। कार्यक्रम के अगले चरण में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



स्वयंसेवकों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर टीम भावना, अनुशासन एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन कियाए जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण एवं आनंदमय बना रहा। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा नारायणनगर, पिटरिया एवं गैरिखेत क्षेत्रों में साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। चौथे दिन कार्यक्रम ज्ञानवर्धक, मनोरंजक एवं सामाजिक जागरूकता से परिपूर्ण रहा। सभी स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए शिविर के उद्देश्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर

### खुर्पाताल झील से जल भर निकाली कलश यात्रा

**नैनीताल।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर बीरवार को खुर्पाताल ग्राम सभा में निकाली कलश यात्रा जिसमें खुर्पाताल के न्याय पंचायत के भक्तगण वह स्थानीय लोग जयकारे बैन्ड बाजे के साथ पूरे ग्राम सभा में कलश यात्रा निकाली जो पिंगला देवी मंदिर पहुंची। इस दौरान अखंड रामायण का पाठ समेत कई अन्य अनुष्ठान किए बाद में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर जीवन सिंह नेगी, कुबेर सिंह, दीपक सिंह, जीवन बिष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, ग्राम प्रधान हंसी नेगी, पूर्व प्रधान गणेश सिंह, देवेन्द्र नेगी तथा वीरेंद्र सिंह खनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### नैनीताल में पेट्रोल न मिलने से दो घंटे रही परेशानी

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित पेट्रोल पंप में बीरवार को कुछ देर के लिए तेल नहीं मिल सका जिसके चलते वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में पेट्रोल की गाड़ी आने के बाद सुचारू रूप से सभी वाहन चालकों को पेट्रोल दिया गया। करीब दो घंटा पेट्रोल की आपूर्ति बाधित रही। तल्लीताल पेट्रोल पंप के मैनेजर दीपक तिवारी ने बताया कि सुबह से पेट्रोल मिल रहा था। दोपहर में कुछ देर के लिए पेट्रोल की आपूर्ति बाधित रही और पेट्रोल की गाड़ी आने के बाद सभी को पेट्रोल दिया गया।

### रामनवमी पर निकाली मोटरसाइकिल रैली

**नैनीताल।** रामनवमी के मौके पर नैनीताल में वीरवार को जयश्री राम सेवा दल, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मोटर साइकिल रैली निकाली। इससे पूर्व रैली फ्लैट्स से शुरु होकर मस्जिद तिराहा होते हुए सूखाताल पहुंची। उसके बाद फिर सूखाताल से रैली मल्लीताल होते हुए माल रोड तथा अंत में तल्लीताल फिर हल्द्वानी रोड होते हुए श्री हनुमानगढ़ मंदिर तक गई। उसके बाद वापस फ्लैट्स में जाकर संपन्न हुई। रैली के दौरान जयकारा के नारे लगाए, रैली के दौरान कई वाहन जाम में फंस गए जिससे भक्तजनों को काफी परेशानी भी उठानी पड़ी। इस दौरान ध्वज के समीप भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया।इस दौरान सुनील बिष्ट, रोहित आर्य, करन कुमार, पंकज बिष्ट, किशोर सिंह ढैला, बिमल चंद्र, प्रमोद कुमार, मोि. हत आगरी, मुकेश कुमार, अभिषेक पंत, विशाल बिष्ट, अंकित चंद्रा, विवेक वर्मा सहित पांच दर्जन से अधिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### नैनीताल के मंदिरों में दिनभर रही भक्तों की भीड़

**नैनीताल।** नवरात्र पर्व के तहत बीरवार को नगर के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तजनों की भीड़-भाड़ से काफी रौनक देखने को मिली। भकतों ने उपवास रखकर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की। कई मंदिरों में कन्या पूजन का विशेष आयोजन भी किया गया। बता दें सुबह से ही नगर के श्री मां नयना देवी मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ लगी रही। मां के दर्शनों के लिए भक्तजन लंबी लाइन में लगे हुए थे। इस दौरान भक्तों ने कन्या पूजन भी किया। इस दौरान पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, भुवन कांडपाल, गणेश बहुगुणा, नवीन चंद्र तिवारी सहित मंदिर प्रबंधन समिति के शैलेन्द्र मेलकानी व अन्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा नगर के मां मनसा देवी मंदिर, गुफा महादेव मंदिर, मां पाषाण देवी मंदिर, हनुमानगढ़ मंदिर, स्नोव्यू स्थित देव मंदिर समेत नगर के अन्य मंदिरों में भक्तों ने जाकर पूजा अर्चना की। नवरात्र पर्व के चलते नगर के अधिकांश मंदिरों को इन दिनों बेहद ही आकर्षक बिजली की मालाओं से सजाया गया है जिसकी वजह से रात के अंधरे में इन मंदिरों की दूर से शोभा देखते ही बन रही है।

### मंदिर के सपीप नाले में सीवर बहने से वातावरण प्रदूषित

**नैनीताल।** नगर के श्री मां नयना देवी मंदिर के समीप में बहने वाले नाले में सीवर बहने से लोगों को कफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें इस नाले का अकसर यही हाल रहता है। बीरवार को नवरात्र के चलते काफी संख्या में भक्तजन पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर में पहुंचे थे। इस दौरान भी नाले में अचानक सीवर बहने से दुर्गंध आने लगी। इस दौरान मंदिर परिसर में कन्या पूजन करने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ी। बाद में लोगों ने इसकी सूचना जल संस्थान को दी। लोगों का कहना था कि अकसर इस नाले सीवर बहती रहती है जिससे वातावरण के प्रदूषण होने के साथ ही नाले में बहता सीवर पानी के साथ नैनीझील को भी प्रदूषित करता है।

### एनएसएस शिविर के तहत हुए विविध कार्यक्रम

**नैनीताल।** जिले के बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवस में स्वयंसेवियों ने ग्राम रोपा के सेरा में श्रमदान एवं जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया। इसके साथ ही बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विनय कुमार विद्यालंकार ने करते हुए कहा कि मन रूपी मन्दिर की सफाई निरंतर होनी चाहिए तभी हम सकारात्मक रह सकते हैं और आध्यात्म के मार्ग सरलता एवं सहजता से चल सकते हैं। बौद्धिक सत्र की मुख्य वक्ता शिक्षिका तारा पनेरू ने हार्टफुलनेस विषय पर विचार रखे। इस दौरान एनएसएस प्रभारी ममता पांडे, डा. निर्मला, प्रेमा देवी, हिमानी बिष्ट, छाया पंत, बबीता करगेती, निकिता बधानी, मानसी, ममता बोहरा तथा पूजा जोशी आदि उपस्थित रहे।

### महातपस्या अभियान चौथे दिन भी जारी

**बागेश्वर।** पृथक ब्लॉक की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों का क्रमिक अनशन और महातपस्या अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने उम्मीद जताई कि नवरात्र में की गई तपस्या का उन्हें जल्द ही फल मिलेगा और केंद्र सरकार उनकी लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करेगी। गुरुवार को कालिका मंदिर प्रांगण में आयोजित महातपस्या में अनिल चंदोला, दिध. ेश वर्मा और भैरव दत्त चंदोला अनशन पर बैठे।

# हरीश पनेरू ने कैड़ा को दिखाया आईना

## भीमताल विधानसभा में मंत्री के आगमन से पहले खुद भरे सड़कों के गड्ढे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** विधानसभा की सड़कों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। पनेरू ने पदमपुरी-खुटानी धारी मार्ग पर खस्ताहाल सड़कों के गहरे गड्ढों को मिट्टी से भरकर नए नवेले मंत्री को आइना दिखाया है। विदित हो कि यह मार्ग नए मंत्री राम सिंह कैड़ा के विधानसभा क्षेत्र में आता है। कल शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा का पहली बार पदमपुरी धारी आगमन है। पनेरू ने कहा मंत्री को सड़क में चलते हुए झटके महसूस न हों इसीलिये स्वागत के तौर पर सड़कों के गड्ढे भरने का काम किया गया है, कहा कि यह मंत्री बनने के बाद उनके पहले दौरे का अवसर है और इस मौके पर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। एक सप्ताह के भीतर सड़क सही नहीं होती तो अगला दौरा उन्हें भारी पड़ेगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों में स्थानीय विधायक ने इस मार्ग की सुध नहीं ली और जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। पनेरू ने कहा अगर रातों-रात यह सड़क बनाई जाती है तभी हम मानेंगे कि जनता की भलाई के लिए पद मिला है। हरीश पनेरू ने कहा कि मंत्री बनने के तुरंत बाद उन्होंने अपने हल्द्वानी के जज फार्म के घर की सड़कों का रातों-रात निर्माण करवा लिया है, जिससे यह दर्शाता है कि उनके द्वारा केवल व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता दी जा रही है। पनेरू ने आरोप लगाया कि धामी सरकार ने मंत्री पद क्षेत्र की सड़कों में भ्रष्टाचार और जनता की गाढ़ी कमाई के दुरुपयोग के रूप में इनाम स्वरूप भेंट दिया है, जबकि क्षेत्र की सड़कों में भ्रष्टाचार चरम पर है। पनेरू ने मामले में अंकिता भंडारी के आरोपी गट्टू को भीमताल में रिसॉर्ट गिफ्ट किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे स्पष्ट है कि जनता के हित की बजाय निजी और राजनीतिक हितों को महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा इसका हिसाब जनता 2027 के विधानसभा में चुकता करेगी।

### भक्ति से मनाया नवरात्रि

**बागेश्वर।** नवरात्रि के दुर्गाष्टमी का पर्व भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने अपने अपने घरों में माँ महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। साथ ही श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विशेष रूप से कन्या पूजन किया। कन्याओं को माता रानी का स्वरूप मानकर उनका आदर-सत्कार किया गया। इस दौरान उनके चरण पूजकर तिलक लगाया गया और हलवा-पूरी व चने का प्रसाद खिलाया गया। कन्या पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें उपहार व दक्षिणा भेंट की। इसके साथ ही व्रत रखने वाले लोगों ने विधि-विधान से अपना व्रत खोला। इसी क्रम में जिले के कपकोट, गरुड़, कांडा, दुगनाकुरी, आदि क्षेत्रों में भी देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ हरेला काटा गया।

# 27 स्कूलों में से 10 स्कूल शिक्षक विहीन: बिष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तरांचल स्टेट प्राईमरी टीचर एसोसिएशन ओखलकान्डा के अध्यक्ष जीएस बिष्ट ने बताया कि नैनीताल जिले के तहत ओखलकांडा विकास खंड में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। बिष्ट के मुता. बिक विकासखंड में कुल 27 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं और इन 27 विद्यालयों में मात्र 28 शिक्षक कार्यरत हैं जबकि एक विद्यालय में कम से कम चार-चार शिक्षक होने चाहिए। वर्तमान में स्थिति यह है की इन 27 विद्यालयों में 10 विद्यालय अध्यापक विहीन हैं। इन 10 विद्यालयों का संचालन प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा किया जा रहा है जिनको मजबूरन अपने मूल विद्यालय छोड़कर उक्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों का संचालन करना पड़ रहा है। कहा कि प्राथमिक शिक्षक संगठन इस गंभीर प्रकरण को कई बार अधिकारियों एवं विभाग के सम्मुख उठा चुका है परंतु इस पर आज तक कोई भी सकारात्मक



कार्रवाई प्रारंभ नहीं हो पाई है वहीं दूसरी तरफ सुगम क्षेत्र के विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं दुर्गम विकास खंडों के शिक्षक मांग करते हैं की सुगम में मानक से अधिक शिक्षकों को दुर्गम के उक्त अध्यापक विहीन और एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में भेजा जाए जिससे उन विद्यालयों का संचालन भी सुचारू रूप से हो सके। कहा कि बार-बार शिक्षकों पर यह आरोप लगते हैं कि शिक्षकों के कारण पहाड़ के विद्यालय में छात्र पलायन कर रहे हैं परंतु हकीकत यह है कि शिक्षकों की कमी के कारण उक्त विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर हैं। विगत तीन-चार वर्षो में शिक्षकों की कमी के कारण विकास ओखलकान्डा में आठ उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं अगर समय रहते इन विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई तो आने वाले वर्षों में बहुत से विद्यालयों में ताले नजर आएंगे । यदि समय रहते नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व उक्त प्रकरण पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है तो प्राथमिक शिक्षक संगठन धरना प्रदर्शन करने हेतु विवश होगा।यहां पर गौर करने वाली बात यह भी है कि अप्रैल माह से जनगणना का कार्य भी प्रारंभ होने वाला है और प्रत्येक गांव से एक शिक्षक को जनगणना में लगाया जाएगा जिससे दुर्गम के विद्यालयों की स्थिति और भी दयनीय हो जायेगी जबकि प्रत्येक गांव से एक एक शिक्षक पहले से ही बीएलओ का कार्य भी कर रहे हैं।बिष्ट ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को जबरन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भेजने का प्राथमिक शिक्षक संगठन विरोध करता है और अनुरोध करता है कि जल्द से जल्द प्राथमिक से उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नति की जाय और प्राथमिक विद्यालयों में नवनियुक्तियां की जाए साथ ही संगठन यह भी अनुरोध करता है कि जिन शिक्षकों को उक्त विद्यालयों में जबरन भेजा गया है उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाए।

# तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने व्यापारी को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पुलिस की ओर से बार-बार गुजारिश किए जाने के बाद भी नैनीताल में वाहन चालकों के हौसले बुलंद हो चले हैं। बीती देर रात तेज रफ्तार स्कूटी चालक ने राह चल रहे व्यापारी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि व्यापारी छिटक कर दूर जा गिरा और उसका पैर टूट गया। इस बीच लोगों की भीड़ बढ़ी तो स्कूटी सवार दो युवक भाग गए लेकिन चालक लोगों के हत्थे चढ़ गया जिस पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने कोतवाली में जमकर हंगामा किया। चोटिल के स्वजनों की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल हंस निवास निवासी गिरीश चंद्र तिवारी की पालिका बाजार में मोमबत्ती की दुकान है। बुधवार देर रात दुकान बंद करने के बाद वह पैदल घर की ओर जा रहे थे। वह रॉयल होटल कंपाउंड के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह छिटक कर दूर जा गिरे। हादसा होता देख लोग एकत्रित हुए तो स्कूटी सवार दो युवक फरार हो गए। लेकिन लोगों ने चालक को पकड़ लिया। लोगों से स्ट्रेचर पर चोटिल व्यापारी को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया जहां भर्ती कर उन्हें उपचार दिया गया। दूसरी ओर हादसे के बाद लोग कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली आ धमके जहां लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बीच बचाव कर किसी तरह मामला शांत किया। सुबह चोटिल को उपचार के लिए परिजन हल्द्वानी ले गए। चोटिल व्यापारी की पत्नी संतोषी तिवारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है।

# विद्यार्थी जीवन में सहज योग जरूरी

## ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने सहजयोग के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** विद्यार्थी जीवन में सकारात्मक सोच, सुख तथा शांति व मानसिक तनाव मुक्त जीवन शैली के लिए सहजयोग जरुरी विषय को लेकर बुधवार को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में कर्नल वीरेन्द्र तिवारी ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहजयोग के नियमित ध्यान से हमारे मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, आध्यात्मिक समझ में सुधार होता है। मानसिक संतुलन और निरोग शरीर मिलता है तथा शैक्षिक गुणवत्ता में अत्यधिक लाभ प्राप्त होता है। ध्यान किया नहीं जा सकता हम ध्यान की स्थिति में चले जाते हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है व्यक्ति के विचार या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्य काल में जब हम



अत्यधिक भूतकाल या भविष्य काल के विचारों में चले जाते हैं तो हमारे शरीर में तनाव आ जाता है और हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक असंतुलन आ जाता है। कहा कि श्री माताजी निर्मला देवी द्वारा बताएं सहजयोग ध्यान करने से हम स्वयं ही निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर जाते हैं और वर्तमान की स्थिति में आ जाते हैं। कहा कि आज के इस युग में सकारात्मक सोच के लिए सहजयोग.ध्यान बहुत ही कारगर है। श्रीमाताजी निर्मला देवी ने 5 मई 1970 से गुजरात नारगोल से सहजयोग की शुरुआत की थी जो आज विश्व के 150 से ज्यादा देशों के लाखों लोग सहजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त कर रहे हैं यह एक स्वत: होने वाली प्रक्रिया है जिसमें हम शरीर में उपस्थित तीनों नाड़ियां इड़ा, पिंगला, सुषुना व सात चक्रों में कुंडलिनी जागरण से संतुलन प्राप्त करते हैं। अंत में उपस्थित 230 विद्यार्थी एटीचर्स व स्टाफ को कुंडलिनी जागरण व अपने आत्म साक्षात्कार की अनुभूति हुई। इस अवसर पर 200 विद्यार्थी जिनमें कुछ विद्यार्थी नाइजीरिया, युगांडा व सूडान से भी इस कार्यक्रम में समि. लित थे। यूनिवर्सिटी नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डा. नेहा भट्ट, चिकित्सा अधिकारी सर्जन डा. वीरेन्द्र मिश्रा, राज्य नारी सशक्तिकरण समन्वयक तृप्ति तिवारी, केंद्र समन्वयक नैनीताल वंदना, नारी शक्ति समन्वयक नैनीताल रेनू आगरी, बाल शक्ति समन्वयक दिव्या आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# जल प्रबंधन पर संगोष्ठी 30 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के इतिहास विभाग एवं यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च सोमवार को एक दिवसीय अंतरविषयी संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के आयोजक सचिव प्रो. रीतेश साह के मुताबिक संगोष्ठी का विषय पारंपरिक जल प्रबंधन स्वदेशी ज्ञान और हिमालयी क्षेत्र (भारत-नेपाल) में सतत भविष्य रखा गया है। बताया कि संगोष्ठी मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चल रही उनकी एक शोध परियोजना का हिस्सा है जिसमें देवभूमि उत्तराखंड के मानसखंड क्षेत्र तथा नेपाल के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र में पारंपरिक जल प्रबंधन तकनीकों का तुलनात्मक अध्ययन किया जा रहा है। कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित द हर्मिटेज में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में आईसीआईएमओडी काठमांडू के वरिष्ठ जल संसाधन विशेषज्ञ डा. संजीव कुमार भुचर उपस्थित रहेंगे जबकि नेपाल के पूर्व मुख्यमंत्री राजेन्द्र सिंह रावल मुख्य वक्ता के रूप में विचार रखेंगे। इसके अतिरिक्त प्रो. वसुंधा पांडेय (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो. राजेश खरात (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय) तथा प्रो. पीसी तिवारी (कुमाऊं विश्वविद्यालय) विभिन्न सत्रों में संबोधित करेंगे। संगोष्ठी के समन्वयक व विभागाध्यक्ष इतिहास प्रो. संजय घिल्डियाल ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य हिमालयी क्षेत्रों में पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणालियों की प्रासंगिकता को पुनर्स्थापित करना तथा सतत विकास के लिए स्वदेशी ज्ञान को बढ़ावा देना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से संगोष्ठी में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है।

# देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर को मिलेगा स्मार्ट व जाम-मुक्त परिवहन नेटवर्क

## सीएमपी-2024 पर सचिवालय में मंथन, इलेक्ट्रिक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, रोपवे और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम से बदलेगी राज्य की तस्वीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में उत्तराखंड में आधुनिक और सुदृढ़ आधारभूत ढांचे के निर्माण की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राज्य के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक, पर्यटन और प्रशासनिक कॉरिडोर, देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने के लिए कॉम्प्रीहेन्सिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी)-2024 पर उच्चस्तरीय मंथन किया गया। आवास सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में यह महत्वपूर्ण बैठक राज्य सचिवालय में आयोजित हुई, जिसमें इस पूरे कॉरिडोर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुव्यवस्थित और पर्यावरण-अनुक.ूल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की शुरुआत मैसर्स



यूएमटीसी द्वारा सीएमपी-2024 के अद्यतन प्रस्तावों के प्रस्तुतीकरण से हुई, जिसमें देहरादून (देहरादून शहर, विकासनगर, ऋषिकेश) और हरिद्वार (हरिद्वार शहर, रुड़की, भगवानपुर) क्षेत्र की मौजूदा यातायात चुनौतियों और उनके समाधान को विस्तार से रखा गया। इसके बाद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजना के तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया। सचिव आवास ने निर्देश दिए कि सीएमपी के सभी प्रस्तावों को संबंधित मास्टर प्लान में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि आने वाले समय में शहरी परिवहन अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में तैयार होने वाली सभी योजनाओं में एकीकृत परिवहन प्रणाली की अवधारणा को केंद्र में रखा जाए।

### बढ़ते यातायात दबाव का समाधान, लोगों को मिलेगा राहत भरा सफर

देहरादून-हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर वर्तमान में राज्य का सबसे व्यस्त क्षेत्र बन चुका है।ै फ्क्ब्स् जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार, तेजी से हो रहे शहरीकरण और पर्यटन गति.विधियों में वृद्धि के चलते यहां यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। पीक आवर्स में जाम, अव्यवस्थित पार्किंग, सीमित सड़क क्षमता और सार्वजनिक परिवहन की कमी जैसी समस्याएं आम लोगों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। सीएमपी-2024 इन चुनौतियों का दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है, जिससे आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। इस योजना के तहत परिवहन को लोग-केंद्रित, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने और पैदल व साइकिल चाल.कों के लिए बेहतर सुविधाएं विक.सित करने की दिशा में कई ठोस कदम प्रस्तावित किए गए हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी।

सीएमपी-2024 के अंतर्गत कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जो इस पूरे कॉरिडोर की तस्वीर बदलने की क्षमता रखती हैं।

देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच लगभग 73 किलोमीटर लंबी ई-बीआरटीएस (इलेक्ट्रिक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) प्रणाली विकसित करने की योजना है।

बैठक में उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त) संजीव मेहता, महाप्रबंधक (सिविल) संजय जी. पाठक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार की दूरदर्शी सोच, विकास को मिलेगी नई रफ्तार : डॉ. राजेश

आवास सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार उत्तराखंड के प्रमुख शहरी क्षेत्रों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सीएमपी-2024 इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें एकीकृत और आधुनिक परिवहन प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया गया है। हमारा उद्देश्य है कि देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच आवागमन को अधिक सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध बनाया जाए। ई-बीआरटीएस (इलेक्ट्रिक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम), रोपवे, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट और ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट जैसी योजनाएं न केवल यातायात समस्याओं का समाधान करेंगी, बल्कि राज्य के पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नई गति देंगी। आने वाले समय में यह कॉरिडोर देश के अन्य राज्यों के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा।

# हर्रावाला कैंसर अस्पताल शीघ्र चालू करने की मांग

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर हर्रावाला में बने कैंसर अस्पताल को शीघ्र शुरू करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हुए लगभग दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को उनके स्वास्थ्य मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई भी दी।

साथ ही, लैब तकनीशियन के पदों पर भर्ती को लेकर भी मांग रखी गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि जिन छात्रों ने दस वर्ष पूर्व संबंधित डिग्री प्राप्त की है, उन्हें वरीयता के आधार पर नियुक्ति दी जानी चाहिए।

मुलाकात करने वालों में कुलदीप बुटोला (पूर्व मंडी



■ स्वास्थ्य मंत्री से मिला क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधिमंडल

अध्यक्ष), एडवोकेट मूलचंद शीर्षवाल (पूर्व ग्राम प्रधान, हर्रावाला), विनोद कुमार (पूर्व पार्षद, हर्रावाला), आनंद कुमार (जिला उपाध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा) मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज छात्रा की संदिग्ध मौत मामले का महिला आयोग ने लिया संज्ञान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज की पीजी छात्रा डॉ. तनवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले का अत्यंत गंभीर एवं स्वत: संज्ञान लिया है। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त वायरल वीडियो और मीडिया रिपोर्ट्स पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन को इस प्रकरण में तत्काल कड़ी कार्रवाई एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए है।

देहरादून स्थित एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज की पीजी छात्रा डॉ. तनवी अपनी कार में संदिग्ध अवस्था में अचेत मिली थीं, जिन्हें अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब मृतका के पिता ने विभागाध्यक्ष पर अत्यंत संगीन आरोप लगाए है कि



■ विभागाध्यक्ष पर मानसिक उत्पीड़न, फेल करने की धमकी और पैसों की मांग के आरोपों को लेकर आयोग का सख्त रुख

■ महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने डॉ. तनवी मौत मामले में पुलिस को दिए गम्भीर व निष्पक्ष जांच के निर्देश

नई विभागाध्यक्ष द्वारा उनकी पुत्री का लंबे समय से मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा था। उन्होंने यह भी साझा किया कि छात्रा को लगातार फेल करने की धमकियां दी जा रही थीं और अवैध रूप से पैसों की मांग भी की गई थी।

मृतका के पिता ने दावा किया है कि उनके पास इन सभी उत्पीड़नकारी गतिविधियों और कॉल की सभी रिकॉर्डिंग साक्ष्य के रूप में मौजूद हैं। आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक देहरादून, शहर प्रमोद कुमार को निर्देशित किया कि प्रकरण की अत्यंत सूक्ष्मता और गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान जो भी तथ्य और साक्ष्य प्रकाश में आएं, उनके आधार पर बिना किसी विलंब के कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान में बेटियों का उत्पीड़न और उन पर मानसिक दबाव बनाना असहनीय है और आयोग इस मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया की पुलिस द्वारा मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। महिला आयोग ने पुलिस विभाग से इस मामले में जांच रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करने के लिए भी कहा है।

## सपनों का कत्ल या सिस्टम की क्रूरता?

# महंत इंद्रेश विवि की छात्रा डॉ. तन्वी की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** आँखों का डॉक्टर बनकर दुनिया को रौशन करने का सपना संजोए अंबाला से देहरादून आई डॉ. तन्वी की अपनी आँखें हमेशा के लिए बंद हो गई हैं। श्री महंत इंद्रेश आयुर्विज्ञान संस्थान में एमएस आई की छात्रा डॉ. तन्वी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने एक बार फिर मेडिकल शिक्षा के भीतर के डरावने सच और विभागाध्यक्षों एचओडी की कथित तानाशाही को कटघरे में खड़ा कर दिया है। बीते 24 मार्च की सुबह देहरादून के लिए किसी काली सुबह से कम नहीं थी। डॉ. तन्वी अपनी गाड़ी में मृत पाई गईं। उनके हाथ में श्कैनोलाश लगा हुआ था, जो इस बात का संकेत है कि मौत किसी सामान्य वजह से नहीं, बल्कि किसी गहरे अवसाद और बाहरी दबाव का नतीजा थी। पुलिस घटना को आत्महत्या के

■ अंबाला की बेटी, देहरादून में 'अंधेरों' की भेंट चढ़ी

■ थीसिस के नाम पर एचओडी पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप, मुकदमा दर्ज

कोण से देख रही है, लेकिन परिवार इसे 'मानसिक हत्या' करार दे रहा है। क्षेत्राधिकारी अंकित कंडारी के अनुसार डॉक्टर की मौत को लेकर पुलिस जांच में जुटी है पिता के द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

**ऑडियो क्लिप में कैद है 'खौफ' का सच:** तन्वी के पिता ललित मोहन ने विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ. प्रियंका गुप्ता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में पिता ने स्पष्ट किया है कि थीसिस जमा करने के नाम पर डॉ. प्रियंका तन्वी को लंबे समय से प्रताड़ित कर रही थीं। मर्तका के पिता ने बताया कि मेरी बेटी मुझे खुद के साथ टॉर्चर होते देख टूट चुकी थी। वह होनहार थी, लेकिन सिस्टम की क्रूरता ने उसे हारने पर मजबूर कर दिया।बताया जा रहा है कि तन्वी के पास एचओडी द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न की रिकॉर्डेड बातचीत भी थी, जिसकी डिवाइस अब पुलिस के कब्जे में है। यह रिकॉर्डिंग इस मामले में सबसे बड़ा सबूत साबित हो सकती है।

### महंत इंद्रेश विवि: 'मौत का दोहरा इतिहास'

यह पहली बार नहीं है जब इस विश्वविद्यालय की चहारदीवारी के भीतर किसी युवा डॉक्टर की सांसें थमी हों। यह अपनी तरह की दूसरी घटना है। सवाल यह उठता है कि क्या विवि प्रशासन छात्रों की मानसिक स्थिति को लेकर पूरी तरह संवेदनहीन है? आखिर क्यों बार-बार इसी संस्थान से ऐसी खबरें निकलकर सामने आ रही हैं?

---

### शुतुरमुर्ग बना प्रशासन, खामोश हैं जिम्मेदार

हैरानी की बात यह है कि इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई ठोस स्पष्टीकरण या सहानुभूति पूर्ण कदम नहीं उठाया गया है। शहर का वातावरण रहस्यों से भरा है, तथ्य चीख-चीखकर गवाही दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने श्शुतुरमुर्गश की तरह अपनी आँखें बंद कर रखी हैं। दूसरी ओर घटना के बाद सोशल मीडिया पर उत्तराखंड पुलिस और अधिकारियों को टैग कर न्याय की मांग की जा रही है। युवा डॉक्टरों और आम जनता में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि क्या डिग्री हासिल करने की कीमत जान देकर चुकानी होगी? वही लोग सवाल पूछ रहे है कि एचओडी प्रियंका गुप्ता और तन्वी के बीच थीसिस को लेकर क्या विवाद था? विवि प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक क्यों नहीं लिया? गाड़ी में कैनोला लगे होने की स्थिति में क्या यह नियोजित मौत थी? ऑडियो क्लिप में ऐसी कौन सी बातें हैं जिन्होंने तन्वी को आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर किया? इन सब सवालों को लेकर भी पुलिस अब जांच पड़ताल में जुटी है।

# पूर्व श्रम उप आयुक्त समेत बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल

■ दायित्वधारी गैरोला एवं प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने सभी को पार्टी में कराया शामिल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सेवानिवृत श्रम उपआयुक्त समेत बड़ी संख्या में लोगों ने गुरुवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर सभी नए सदस्यों ने पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की मुहिम में सहभागी बनने का प्रण लिया

पार्टी मुख्यालय में हुए इस ज्वाइनिंग कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बीस सूत्रीय क्रियान्वहन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति गैरोला



एवं प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने सभी को पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए श्री गैरोला ने कहा, आप सभी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री धामी के चतुर्दिक विकास नीति से प्रभावित होकर यहां आए हैं। दुर्गा अष्टमी के पवित्र अवसर पर आप सबका सेवा भाव की दृष्टि से भाजपा में शामिल होना श्रेष्ठतम कदम है। आप सभी केवल एक पार्टी नहीं अपित भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने कहा कि, भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। आप सभी लोग भी सेवा समर्पण के इसी भाव के साथ पार्टी में शामिल हुए हैं, जो हमारे अंतोष्य के अभियान को मजबूती देगा। भाजपा राष्ट्र निर्माण के बड़े लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है, जिसके क्रम में उत्तराखंड में भी ऐतिहासिक और नवाचार के कार्य संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर कर सरकार में दायित्वधारी पीसी नैनवाल, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, डा आर पी रतूड़ी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### इन्होंने ली भाजपा की सदस्यता

आज पार्टी की सदस्यता लेने वालों में नरेश भारद्वाज आकाश पवार, राहुल पाल, रोशन, अंशुल तिवारी, अंकित तिवारी, पीयूष चौहान, सुनील चौहान, बृजेश कुमार, हिमांशु चंद्र, दीपक कुमार, गोपाल राम, कैलाश चंद्र, श्रीमती चयनिका आर्य, श्रीमती प्रियंका आर्य, श्रीमती भावना आर्य, कैलाश कुमार, सुंदर सिंह, गणेश मेहरा, वीरेंद्र कुमार, जीवन सिंह रावत, सरिता आर्या, मीनू आर्य, ज्योति तिवारी, गीता तिवारी, विक्रम सिंह, कुलदीप सिंह, मेजर सिंह, प्रीतम सिंह, कश्मीर सिंह, संजीव चौहान, कुलविंदर सिंह शामिल रहे।

### डॉ. ऐरन 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित

देहरादून। पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, सम्मेलन एवं फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में रासबिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन को उनके चिकित्सा एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, वहीं, 26 शिक्षकों, वैज्ञानिकों और शोधार्थियों को भी नवाजा गया।

यह कार्यक्रम न्यू फ्रंटियर इन एप्लाइड जीनोमिक्स, मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स एंड एडवांस्ड सिस्टम्स इन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन लाइफ साइंस-2026 विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से लगभग 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स आधुनिक चिकित्सा का आधार बन चुका है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए दून पुलिस ने एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले अभियुक्त को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नाबालिग को नशीला पदार्थ पिलाकर घटना को अंजाम देने की कोशिश की थी, लेकिन लोगों के आने की आहट पाकर वह मौके से फरार हो गया था।

मामला कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र का है। 25 मार्च 2026 को एक महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर दी कि शोएब नामक युवक उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि शोएब ने किशोरी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ छेड़छाड़ और गलत काम (दुष्कर्म का प्रयास) किया। इस दौरान मौके पर कुछ लोगों के आ जाने के कारण आरोपी पीड़िता को छोड़कर भाग निकला। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी देहरादून ने तत्काल पुलिस टीम का गठन कर आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कोतवाली पटेलनगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी शोएब (18 वर्ष) पुत्र आलिम, निवासी पठानपुरा गदेवडा, थाना बेहट, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वर्तमान में नयागांव, पटेलनगर में ताहिर हसन के मकान में रह रहा था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की सुसंगत धाराओं और 3/4 पोक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को 315 बोर तमन्चा मय एक अदद जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने निखिल प्रभाकर पुत्र अनिल प्रभाकर निवासी पुराना आवास विकास को एक 315 बोर देशी तमन्चा व एक जिन्दा कारतूस समेत पकड़ा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बीकेटीसी सीईओ पद की अहर्ता में बदलाव पर सवाल

■ अधिवक्ता विकेश सिंह नेगी की आरटीआई से हुआ खुलासा

■ 11 लाख की विशेष पूजा प्रस्ताव पर भी जताई आपत्ति

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विकेश सिंह नेगी ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के हालिया प्रस्तावों पर सवाल उठाए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विकेश सिंह नेगी ने बताया कि उन्होंने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत बीकेटीसी से वर्तमान बोर्ड के गठन के बाद आयोजित बैठकों का विस्तृत ब्योरा मांगा था। इसके जवाब में बीकेटीसी के लोक सूचना अधिकारी की और से 9 जुलाई 2025 को आयोजित बोर्ड बैठक के प्रस्तावों की छायाप्रति एवं शासन



को भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई गई। इन दस्तावेजों के अध्ययन के बाद कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जिन पर सार्वजनिक बहस और समीक्षा की आवश्यकता है।

विकेश सिंह नेगी ने कहा कि बोर्ड बैठक में मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) पद की अर्हताओं में संशोधन का प्रस्ताव पारित किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 1985 की सेवा नियमावली में सीईओ पद के लिए मात्र स्नातक डिग्री की अर्हता निर्धारित थी, जबकि वर्ष 2023 में लागू नई सेवा नियमावली में इसे संशोधित करते हुए प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी होना अनिवार्य किया गया था।हालांकि, वर्तमान बोर्ड ने इस प्रावधान को "एकांगी" और "परिवर्तनशील व्यवस्था के अनुक.ूल नहीं" बताते हुए इसे हटाने की सिफारिश की है। नेगी ने इस तर्क को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि देश के अधिकांश प्रमुख श्राइन बोर्डों, जैसे वैष्णो देवी, तिरुपति बालाजी आदि में सीईओ पद पर अनुभवी आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है, जिससे प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता बनी रहती है।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर पड़ सकता है असर

विकेश सिंह नेगी ने आगे कहा कि वर्ष 2023 में बनाई गई सेवा नियमावली का उद्देश्य बीकेटीसी के प्रशासन को अधिक पेशेवर और जवाबदेह बनाना था। इसमें स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया गया था कि सीईओ पद पर नियुक्ति के लिए प्रशासनिक अनुभव के साथ प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी होना आवश्यक होगा। आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी सामने आया है, जिसमें बीकेटीसी ने विशेष पूजा के लिए न्यूनतम 11 लाख रुपये शुल्क निर्धारित करने की बात कही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विकेश सिंह नेगी ने कहा कि मंदिरों में श्रद्धा और आस्था सर्वोपरि होनी चाहिए।

### निजमुला-विरही मोटर मार्ग पर 'काली चट्टान' बनी मुसीबत

**चमोली।** मानसून की आहट के साथ ही पहाड़ों में जनजीवन और यातायात को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। निजमुला-विरही मोटर मार्ग पर स्थित श्काली चट्टानश एक बार फिर क्षेत्रीय जनता और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रही है। यदि समय रहते इस डेंजर जोन का स्थाई उपचार नहीं किया गया, तो आगामी बरसात में यह मार्ग स्थानीय ग्रामीणों के लिए श्नासूरश साबित हो सकता है।

बीते वर्ष के जख्म अभी भरे नहीं हैं। पिछली बरसात के दौरान काली चट्टान से हुए भारी भूस्खलन के कारण यह महत्वपूर्ण सड़क मार्ग लगातार 10 दिनों तक पूरी तरह बंद रहा था।

मार्ग बंद होने से दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्य बाजार और जिला मुख्यालय से कट गया था, जिससे आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति ठप हो गई थी और मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। निजम.ुला घाटी को जोड़ने वाला यह एकमात्र मुख्य मार्ग है।

# अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण सिखाएगा आवेदन की बारीकियां

■ जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बुलाई 28 को बैठक

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में अल्पसंख्यक शिक्षा संस्थानों को मान्यता देने के लिए बने प्राधिकरण अब संस्थाओं को आवेदन प्रक्रिया और नियमों की जानकारी देगा। प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरजीत सिंह के निर्देश पर देहरादून जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जी एस रावत ने पूर्व में मान्यता प्राप्त मदरसों की पहली बैठक 28 मार्च को बुलाई है। देहरादून जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जी एस रावत ने बताया कि बैठक में नए एक्ट को आसान भाषा में समझाया जाएगा और खासतौर पर धारा 14 के तहत मान्यता लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। संस्थानों को बताया जाएगा कि वे किस तरह आवे.दन करें और किन-किन नियमों का पालन जरूरी है। प्राधिकरण के गठन के बाद फिलहाल नियमावली तैयार करने, पाठ्यक्रम बनाने और संस्थानों की समस्याओं को समझने का काम चल रहा है। अब संस्थानों को सीधे तौर पर जागरूक करने की पहल शुरू की जा रही है।

### मान्यता के लिए शर्तें

प्राधिकरण से मान्यता लेने के लिए संस्थानों को ये शर्तें पूरी करनी होंगी। अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा संचालित हो, संस्था पंजीकृत सोसाइटी, ट्रस्ट या गैर-लाभकारी कंपनी के तहत हो, जमीन संस्था के नाम पर हो (मालिकाना हक या लीज), सभी लेन-देन बैंक खाते से हों,प्रबंधन में अधिकतर लोग अल्पसंख्यक समुदाय से हों, संस्था का उद्देश्य समुदाय की सेवा करना हो,किसी को भी धार्मिक गति.विधियों के लिए मजबूर न किया जाए, शिक्षक नियुक्ति तय योग्यता के अनुसार हो,सभी सरकारी और प्राधिकरणकेनियमों का पालन जरूरी होगा वकोई भी गतिविधि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली न हो।

**पुराने मदरसों को फिर से लेनी होगी मान्यता:** प्राधिकरण की धारा 4 के तहत जो मदरसे पहले से उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त हैं, वे सत्र 2025-26 तक अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। लेकिन सत्र 2026-27 से धार्मिक शिक्षा चलाने के लिए उन्हें पहले शिक्षा विभाग और फिर प्राधिकरण से दोबारा मान्यता लेनी होगी।

### राज्यपाल से की भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक मंच थिंक टैंक के सदस्यों ने मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से लोक भवन में भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक मंच थिंक टैंक के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने सदस्यों के अनुभवों और उनके गहन ज्ञान के आधार पर विभिन्न सामरिक एवं वैश्विक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

थिंक टैंक के वरिष्ठ पूर्व सैन्य अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों द्वारा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और इसके राष्ट्रीय प्रभावों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह (से नि), भारत के पूर्व विदेश सचिव एवं राजदूत श्याम सरन, वाइस एडमिरल ए. जी. थपलियाल (से नि), एयर वाइस मार्शल अरविंद वर्मा (से नि), मेजर जनरल संजय शर्मा (से नि), मेजर जनरल अभय कार्की (से नि), ब्रिगेडियर संतोष नायर (से नि), ब्रिगेडियर अनिल शर्मा (से नि), ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता (से नि), संजीव चोपड़ा, शत्रुघ्न सिंह, प्रो. दुर्गेश पंत मौजूद रहे।

CMYK



### उत्तराखण्ड के हज यात्रियों की मेडिकल स्क्रीनिंग व वैक्सीनेशन की तारीख तय

# हाजियों की सुविधा को दी गई तरजीह : खतीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड राज्य हज समिति ने हज-2026 के लिए चयनित हज यात्रियों की सुविधा के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग और वैक्सीनेशन का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

हज समिति के अध्यक्ष खतीब अहमद ने बताया कि सभी चयनित आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार हरिद्वार और पौड़ी गढ़वाल के हज आवेदकों की मेडिकल स्क्रीनिंग 27 मार्च सुबह 9 बजे से उप जिला चिकित्सालय रुड़की में होगी। वहीं देहरादून जनपद के आवेदकों का परीक्षण 28 मार्च 2026 को सुबह 9 बजे से जिला चिकित्सालय कोरोनेशन, डालनवाला में किया जाएगा। उधमसिंहनगर जनपद के जसपुर, काशीपुर और बाजपुर क्षेत्र के आवेदकों की स्क्रीनिंग 31 मार्च को सुबह 9 बजे से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय काशीपुर में निर्धारित की गई है। इसी दिन रुद्रपुर, गदरपुर, लालपुर, किच्छा, पंतनगर, खटीमा, सितारगंज तथा चम्पावत जिले के आवेदकों का परीक्षण राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर में होगा। नैनीताल और अल्मोड़ा जनपद के हज आवेदकों की मेडिकल स्क्रीनिंग 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे से बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित तिथियों की सूचना हाजियों को कवर हेड के मोबाइल नंबर पर भी भेजी जाएगी। सभी हज यात्रियों से अपील की गई है कि वे निधरित तिथि, समय और स्थान पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से अपना मेडिकल परीक्षण और वैक्सीनेशन कराएं। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी मोहम्मद आरिफ ने भी निर्देश जारी करते हुए सभी चयनित यात्रियों से समय का विशेष ध्यान रखने को कहा है।



**❖हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल की मेडिकल स्क्रीनिंग 27 मार्च सुबह 9 बजे से उप जिला चिकित्सालय रुड़की में, देहरादून की परीक्षण 28 मार्च को सुबह 9 बजे से जिला अस्पताल कोरोनेशन, डालनवाला में, उधमसिंहनगर के जसपुर, काशीपुर व बाजपुर की स्क्रीनिंग 31 मार्च को सुबह 9 बजे से एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय काशीपुर में निर्धरित की गई है।**

**❖रुद्रपुर, गदरपुर, लालपुर, किच्छा, पंतनगर, खटीमा, सितारगंज व चम्पावत जिले के आवेदकों का परीक्षण राजकीय मेडिकल कॉलेज, रुद्रपुर में नैनीताल और अल्मोड़ा जनपद के हज आवेदकों की मेडिकल स्क्रीनिंग 01 अप्रैल को सुबह 9 बजे से बेस चिकित्सालय हल्द्वानी में**

## गंग नहर पुलिस ने दबोचा नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर पुलिस द्वारा नाबालिका के साथ कुकर्म करने के आरोपी को धर दबोचा है।आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली गंगनहर पर वादी द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया की साकिर पुत्र तासीन निवासी ग्राम रसूलपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार द्वारा उसकी नाबालिक लडकी उम्र 14 वर्ष को बहला फुसलाकर बलात्कार किया गया है। घटना की संवेदनशीलता देखते हुये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा तत्काल मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश दिये गये जिस आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा तत्काल टीम का गठन करते हुये अभियुक्त साकिर की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी गयी जो लगातार फरार चल रहा था। आरोपी साकिर ग्राम रसूलपुर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में महिला उप निरीक्षक करुणा रौकली, कोतवाली गंगनहर,कांस्टेबल नितिन और अर्जुन शामिल रहे।

## दो अंतर्राज्यीय गोतस्कर पकड़े, महिंद्रा पिकअप व चार जिंदा गोवंश बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** सघन चेकिंग अभियान में नारसन पुलिस चौकी को मिली बड़ी सफलता मिली है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत 02 अंतर्राज्यीय अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे महिंद्रा पिकअप में क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 4 जिंदा गोवंश भी बरामद कर लिये हैं।

जानकारी के अनुसार जनपद में अवैध गतिविधियों और तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु अंतर्राज्यीय सीमाओं पर चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना कोतवाली मंगलौर पुलिस को आज एक अहम सफलता हाथ लगी है। पुरकाजी बॉर्डर पर पुलिस की मुस्तैदी ने गोवंश की तस्करी कर रहे अपराधियों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। दिनांक 26/03/2026 की प्रातः उ0नि0 हेमदत्त भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम मोहम्मदपुर झाल नहर पटरी के पास पुरकाजी बॉर्डर पर पूरी मुस्तैदी के साथ सघन चेकिंग अभियान में मामूर थी। बॉर्डर पर हर आने-जाने वाले वाहन पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान एक महिंद्रा पिकअप के चालक ने बॉर्डर पर पुलिस की सख्त चेकिंग देखकर घबराहट में वाहन को तेजी से खेतों की ओर जाने वाले चकरोड़ की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए और मुखबिर की सटीक सूचना पर बिना एक पल गँवाए वाहन का पीछा किया और महज 100 मीटर की दूरी पर घेराबंदी कर महिंद्रा पिकअप को धर दबोचा। वाहन का निरीक्षण करने पर उसके अंदर 04 जिंदा गोवंश गायें अत्यंत दयनीय अवस्था में, क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे हुए मिले। पकड़े गए अंतर्राज्यीय अभियुक्तों ने पूछताछ में कबूला कि वे इन गायों को यूपी के जोहड़ी (बागपत) से लेकर आए थे और पुलिस की आँखों में धूल झोंककर बॉर्डर पार करते हुए मंगलौर में लाना बताया गया है, पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल बेजुबान जानवरों को क्रूरता से बचाया गया, बल्कि तस्करी के एक अंतर्राज्यीय नेटवर्क को भी झटका लगा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में आबिद पुत्र नसीम, निवासी: ग्राम जोहड़ी, थाना बिनोली, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश उम्र लगभग 22 वर्ष, सोनू शर्मा, निवासी: ग्राम जोहड़ी, थाना बिनोली, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश है। चौकी इंचार्ज हेमदत्त भारद्वाज और उनकी टीम द्वारा सफलता मिली है।

## अष्टमी पर कन्या पूजन व मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नवरात्र के पावन अष्टमी पर्व पर रुड़की शहर पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा में सराबोर नजर आया। घर-घर में मां दुर्गा के स्वरूप मानी जाने वाली नन्हीं कन्याओं का विधि-विधान से पूजन किया गया, वहीं मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कंजक रूप में आई छोटी-छोटी कन्याओं के चरण पूजे, उन्हें हलवा-पूरी का भोग लगाया और उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई स्थानों पर छोटे बालक भी हनुमान जी का रूप धारण कर पूजन में शामिल हुए, जिससे माहौल और अधिक भक्तिमय हो गया। पूरे शहर में "जय माता दी" के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। घरों में पूजन के बाद श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों की ओर पहुंचे, जहां मां दुर्गा के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। दुर्गा चौक समेत प्रमुख मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपनी मनोकामनाएं मां के चरणों में अर्पित कीं। इस बीच, नेहरू स्टेडियम के समीप स्थित शहर के प्रसिद्ध मां दुर्गा मंदिर को विशेष रूप से



सजाया गया। मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाने के साथ-साथ रात्रि में आकर्षक रोशनी से जगमगाया गया, जिससे इसकी भव्यता और बढ़ गई। मंदिर प्रबंधक समिति के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस बार भी विशेष सजावट की गई है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मंदिर परिसर में कीर्तन मंडलियों द्वारा मां दुर्गा के भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। वहीं अष्टमी और नवमी के अवसर पर विशेष हवन, यज्ञ और पूजन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।पूरे दिन रुड़की में आस्था, उल्लास और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा, जहां हर घर और हर मंदिर में मां दुर्गा की आराधना की गूंज सुनाई देती रही।

### उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद ने किया स्वागत

## कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा को पकड़ी पहनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय संरक्षक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता के नेतृत्व में जनपदीय इकाई की ओर से बृहस्पतिवार को कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष कैप्टन अजय कौशिक,जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शर्मा, जिला मंत्री डॉ अरविंद शर्मा तथा जनपदीय संरक्षक प्रधान डॉक्टर विजय कुमार ने कैबिनेट मंत्री को शॉल, पगड़ी, पटका पहनाकर, बुके भेंट कर व मिठाई खिलाकर धामी मंत्रिमंडल में शामिल होने पर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने परिवहन मंत्री को बताया कि प्रदेश सरकार ने 1 अक्टूबर 2005 से पूर्व विज्ञप्ति एवं परिणाम वाले समस्त राजकीय कर्मचारियों को पुरानी पेंशन में शामिल कर लिया है जबकि अशासकीय विद्यालयों के कर्मचारियों को शामिल न कर उनके साथ अन्याय व सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने उन्हें आश्वास्त किया कि शीघ्र मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह प्रकरण डालकर अशासकीय विद्यालयों के कर्मचारियों के लिए भी पृथक शासनादेश जारी कराया जाएगा। कैबिनेट मंत्री का स्वागत




करने वालों में सुदेश अरोड़ा, पुष्पा रानी,समय सिंह सैनी, डॉक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा, विजेंद्र सिंह, सुनील कटारिया, विराज सैनी, जयप्रकाश राठौर, कैप्टन राजेश आर्य डॉक्टर सोमपाल सिंह समेत अनेक प्रधानाचार्य, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य एवं प्रतिनिधि शामिल रहे।

## घर में घुसा गुलदार ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के धनौरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात एक गुलदार (तेंदुआ) एक व्यक्ति के घर के अंदर घुस आया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें गुलदार घर के भीतर घूमता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। गुलदार के घर में घुसने की खबर से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी आसपास के क्षेत्रों में वन्यजीवों की गतिविधियां देखी गई हैं, लेकिन इस तरह घर के अंदर घुस आना बेहद खतरनाक और चिंताजनक है।घटना के बाद गांववासियों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे रात के समय विशेष सतर्कता बरतें। अपने घरों के दरवाजे ठीक से बंद रखें, बच्चों और पशुओं को सुरक्षित अंदर रखें तथा बिना जरूरी काम के बाहर न निकलें।वहीं, किसी भी आपात स्थिति में तुरंत वन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

## आपस में झगड़ा करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामला जमीन के बंटवारे और मकान निर्माण को रोकने को लेकर उपजे विवाद से जुड़ा है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि, 25 मार्च को ग्राम भगतोवाली में दिनेश कुमार नाम के व्यक्ति का अपनी ही भाभी के साथ जमीन के बंटवारे और मकान निर्माण कार्य को रुकवाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि दिनेश कुमार झगड़ा करने पर उतारू हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे पुलिसकर्मियों ने आरोपित को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसने पुलिस की बात अनसुनी कर दी और शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश जारी रखी। आरोपित के अड़ियल रुख को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी दिनेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। और उस उसके खिलाफ संबंधित कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## रामनवमी पर कन्याओं की पूजा कर भोजन कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** कस्बा व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अष्टमी तिथि को मां दुर्गा के भक्तों द्वारा माता महागौरी की पूजा अर्चना के बाद कन्याओं की भी पूजा कर चौत्र नवरात्रों का समापन किया गया।

गुरुवार को चौत्र नवरात्र अष्टमी तिथि को मां के भक्तों द्वारा माता महागौरी की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ करने के बाद कन्याओं की पूजा कर उन्हें हलवा पूरी खीर आदि प्रसाद का भोग लगाकर सुख शांति की कामना की गई। गुरुवार सुबह से ही कन्या पूजन करने के लिए सात कन्याएं एक साथ इकट्ठी करने में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मंगलौर पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का खुलासा

## एक शातिर चोर पकड़ा, माल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली की नारसन चौकी पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोच कर चोरी किया हुआ पूरा माल बरामद कर लिया है।

ग्राम नगला कोयल में हुई चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर घटना का सफल अनावरण किया गया। दिनांक 25/03/2026 को चौकी प्रभारी नारसन उ0नि0 हेमदत्त भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना के अनावरण हेतु पतारसी-सुरागरसी में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा नगला कोयल-नारसन चकरोड़ स्थित समाधि के पास से एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी




कर दबोचा। पूछताछ में आरोपी द्वारा लालचवश अपने ही गांव के एक घर में चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपी चोरी किए गए माल को पुरकाजी की ओर बेचने की फिराक में जा रहा था। आरोपी की निशानदेही एवं जामा तलाशी के दौरान चोरी किया गया शत-प्रतिशत माल बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। नाम पता आरोपित-सादिक पुत्र दिलशाद, निवासी ग्राम नगला कोयल, कोतवाली मंगलौर, जनपद हरिद्वार है।

## नगर में टेनिस बाल क्रिकेट का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नगर में टेनिस बॉल क्रिकेट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित 33 वीं फैडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप में देश के दूरदराज से 20 महिला एवं पुरुष टीमें प्रतिभाग करेंगी। जिनमें लक्षद्वीप, पॉडिचरी, तमिलनाडु, गोवा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पुर्वांचल, उत्तराखंड के नाम प्रमुख है। 27 से 29 मार्च तक नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस चैम्पियनशिप का उद्घाटन 27 मार्च को पूर्वाह्न 11.00 बजे प्रदेश के परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा करेंगे।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने पर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अभियुक्तगणों पर धारा 170 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 25.03.2026 को थाना कोतवाली गंगनहर क्षेत्रांतर्गत रामनगर कोर्ट परिसर रुड़की में अभि0 जुल्फकार पुत्र रियासत व तयाब अली पुत्र अब्दुल आपस में लड़ झगड़ कर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे, व रेलव अण्डरपास रुड़की के पास में अभि0 चांद कुमार पुत्र राजकुमार बेवजह आने जाने वाले लोगों पर आमदा फसाद व गाली गलौच कर रहा था। शांति व्यवस्था भंग करने पर तीनों अभियुक्तगणों को धारा 170 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों का चालान अंतर्गत धारा 170 कर जुल्फकार पुत्र रियासत निवासी हरजौली झोझा थाना झबरेड़ा जनपद हरिद्वार उम्र- 38 वर्ष। 2.तयाब अली पुत्र अब्दुल रहमान निवासी अकबरपुर कालसो थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उम्र-27 वर्ष। 3.चांद कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गणेशपुर थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर उ0प्र0 उम्र-22 वर्ष। पुलिस टीम-हे0का0 लखपत कोतवाली गंगनहर-हे0का0 अरविन्द कुमार कोतवाली गंगनहर शामिल रहे।

### एसडीएम ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए

## बीएलओ को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने की दिशा में प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में लक्सर विकासखंड सभागार में बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी एसआईआर प्रक्रिया से पूर्व मतदाता सूची को पूरी तरह दुरुस्त और अपडेट करना है।

प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी लक्सर, सौरभ अस्वाल ने कहा कि मतदाता सूची किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद होती है। उन्होंने बताया कि राज्य में जल्द ही शुरू होने वाली एसआईआर प्रक्रिया के तहत सूचियों को त्रुटिरहित बनाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु: प्रशिक्षण के दौरान चुनाव आयोग की नई गाइडलाइंस के अनुसार बीएलओ को निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया गयासत्यापन प्रक्रिया: घर-घर जाकर गणनापत्रों का वितरण और मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करना संपर्क प्रयास : यदि कोई मतदाता घर पर नहीं मिलता है, तो उनके दरवाजे पर स्टीकर चस्पा करना और कम से कम तीन बार संपर्क करने का प्रयास करना डिजिटलीकरण : सभी मतदाताओं के मोबाइल नंबर दर्ज करना ताकि



सूचनाओं का आदान-प्रदान सुगम हो सके। तकनीकी सुधार मतदाता पहचान पत्र में अस्पष्ट फोटो को बदलना और अन्य तकनीकी खामियों को समय रहते ठीक करनाअधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में दोहराव या अपात्र नामों को हटाना और नए पात्र मतदाताओं को जोड़ना प्राथमिकता है। इस अवसर पर लक्सर क्षेत्र के संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बीएलओ उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लंबी कतार, पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित गैस एजेंसी के बाहर गैस सिलेंडर लेने वाले उपभोक्ताओं की गुरुवार सुबह ही लंबी लाइन लग गई। लाइन में महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित थी।कुछ लोगों को बिना गैस सिलेंडर मिले ही दोपहर लगभग दो बजे अपने घर मायूस होकर वापस खाली हाथ जाना पड़ा।

कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र में एक ही गैस एजेंसी कस्बे में है। इसी एक इंडेन एजेंसी पर पूरा कस्बा सहित ग्राम कोटवाल आलमपुर ग्राम भक्तों वाली ग्राम सुल्तानपुर ग्राम कुशालीपुर ग्राम शेरपुर खेल मऊ ग्राम सदोली ग्राम खरकड़ी ग्राम साबतवाली आदि कई गांव के लगभग 50000 की जनसंख्या इसी गैस एजेंसी पर निर्भर है। सरकार द्वारा 25 दिन में गैस सिलेंडर मिलने का नियम लागू होते ही उपभोक्ताओं परेशान है। गुरुवार सुबह से ही गैस एजेंसी के बाहर लोगों की भारी भीड़ लग गई। भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती करनी पड़ी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए परवीन कुमार आदित्य गुप्ता नवीन कुमार रोहित कुमार नरेश राजू सिंह राज सिंह चौधरी बिरम बिट्टू चौधरी सिंह आदि का कहना है कि वह गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी के बाहर सुबह



7:00 बजे आए थे। दोपहर दो बजे तक लाइन में लगने पर भी गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया है एजेंसी कर्मचारीयो द्वारा केवाईसी कराने की बात कह कर उन्हें टरकाया जा रहा है तथा खाली हाथ वापस घर जाना पड़ रहा है। नोडल अधिकारी हर्षवर्धन रावत का कहना है कि गैस की कोई कमी नहीं है सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर बुक होने पर गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा।

CMYK

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ठोस पहल की जरूरत

अमेरिका ने ईरान के साथ जारी संघर्ष के लगभग चार सप्ताह बीत जाने के बाद पहली बार स्पष्ट रूप से समझौते की इच्छा जताते हुए युद्धविराम प्रस्ताव सामने रखा है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि इस पहल को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दोनों पक्षों की शर्तें अत्यंत कठोर हैं और आपसी भरोसे की भारी कमी शांति स्थापित करने की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है। मौजूदा हालात में सबसे जरूरी कदम यह है कि तुरंत हमलों को रोका जाए और संवाद के जरिए किसी साझा समाधान की दिशा में ठोस प्रयास किए जाएं, क्योंकि सैन्य ताकत के सहारे केवल विनाश और अस्थिरता ही बढ़ेगी। प्रस्तावों को लेकर किसी भी तरह की ठोस स्पष्टता सामने नहीं आई थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच फिलहाल किसी प्रकार की सीधी बातचीत नहीं हो रही है। दूसरी ओर, ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी अमेरिका के इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेने के बजाय उसका मजाक उड़ाया, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि ईरान अभी इस पहल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं है। इसके बावजूद, यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है कि कम से कम अब शांति और युद्धविराम जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो रही है, जो आगे चलकर किसी सकारात्मक परिणाम का आधार बन सकती है। ईरान और अमेरिका के बीच जो मूलभूत मतभेद हैं, वे इतने गहरे और जटिल हैं कि उन्हें तुरंत सुलझा पाना आसान नहीं है। फरवरी में भी जब दोनों पक्षों के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, तब यही मुद्दे सामने आए थे और अंततः वार्ता किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी थी। यह ऐसे संवेदनशील विषय हैं जिन्हें दोनों देश अपनी 'रेड लाइन' मानते हैं, यानी ऐसे बिंदु जिन पर समझौता करना उनके लिए लगभग असंभव है। इन मुद्दों में सुरक्षा, क्षेत्रीय प्रभाव, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंध जैसे कई पहलू शामिल हैं, लेकिन यह भी सच है कि किसी भी युद्ध के दौरान बातचीत की शुरुआत अक्सर इसी प्रकार के कठिन और असहज माहौल में होती है। यह उम्मीद करना अव्यावहारिक होगा कि दोनों देश तुरंत आमने-सामने बैठकर सभी मतभेद सुलझा लेंगे। इसके लिए धैर्य, लचीलापन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों पक्ष अपने-अपने कठोर रुख में कुछ नरमी दिखाएं और ऐसे बिंदुओं की तलाश करें जहां आपसी सहमति बन सके। जब तक कोई साझा आधार नहीं मिलेगा, तब तक किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं हो पाएगा।

## टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान जरूरी



टेक्नोलॉजी विकास की रफ्तार को कई गुना बढ़ा सकती है और गति को प्रगति में बदल सकती है, इसी को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं और बजट में टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने का प्रयास किया है, जब हम तकनीक नहीं अपनाते उससे परहेज करते हैं तो प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं और जब प्रतिस्पर्धा में नहीं होते हैं, तो प्रगति की जगह दुर्गति की ओर जाते हैं, हमें प्रगति की ओर नहीं जाना है बल्कि प्रगति का अनुसरण करना है, हमारे युवाओं में बहुत टैलेंट है। उसके टैलेंट को जब हम टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ते हैं, तो वह अपनी प्रतिभा को कई गुना तेजी के साथ आगे बढ़ाने में सफल होता है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा लॉकडाउन का डर






रजनीश कपूर

विश्व आज एक नए संकट के कगार पर खड़ा है। 28 फरवरी 2026 को शुरू हुए अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने मात्र चार सप्ताह में वैश्विक ऊर्जा बाजार को हिला दिया है। 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज', जिससे दुनिया के 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है, प्रभावी रूप से बंद हो गया है। ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड और कतर के रास लाफान एलएनजी प्लांट पर हमलों से वैश्विक उत्पादन में 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी मरम्मत में वर्षों लग सकते हैं। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं, जबकि भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में ईंधन, एलपीजी और बिजली की आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में चेतावनी दी है कि यह संकट ऊर्जा सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। ऐसे में 'ऊर्जा लॉकडाउन' की चर्चा जोर पकड़ रही है। एक ऐसी स्थिति जिसमें ईंधन राशनिंग, बिजली कटौती और औद्योगिक गति. विधियों पर अंकुश लग सकता है, ठीक कोविड जैसी आपात स्थिति की तरह।

यह युद्ध केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का आर्थिक हथियार बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फतिह बिरोल ने इसे मेजर, मेजर थ्रेट बताया है। हॉर्मुज बंद होने से न केवल तेल, बल्कि उर्वरक, हीलियम और सल्फर की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जो खाद्य उत्पादन और एआई तकनीक तक को प्रभावित कर रही है। बांग्लादेश ने पहले ही ईंधन राशनिंग लागू कर दी है। लंका में अनिवार्य ऊर्जा अवकाश की घोषणा हुई है। भारत में भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अनिश्चित है और बिजली संयंत्रों में कोयला-गैस का संकट गहरा रहा है। यदि युद्ध लंबा चला तो 'ऊर्जा लॉकडाउन' वास्तविकता बन सकता है। यानी उद्योग बंद, परिवहन सीमित और घरेलू बिजली पर पाबंदी। यह न केवल मुद्रास्फीति बढ़ाएगा, बल्कि विकास दर को 1-2 प्रतिशत तक घटा सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि हॉर्मुज दो-तीन महीने और बंद रहा तो वैश्विक मंदी अनिवार्य हो जाएगी, लेकिन संकट के बीच आशा की किरण भी दिख रही है।

शांति वार्ता की संभावना बन रही है और इसमें पाकिस्तान की भूमिका अचानक केंद्र में आ गई है। पाकिस्तान ने खुद को अमेरिका और ईरान के बीच मुख्य मध्यस्थ के रूप से स्थापित किया है। पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर की ईरान और अमेरिका दोनों के साथ अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए इस्लामाबाद ने वार्ता का मंच प्रस्तावित किया है। खबरों के अनुसार, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलीबाफ के बीच इस्लामाबाद में संभावित शिखर वार्ता की तैयारी चल रही है। पाकिस्तान ने 15-पॉइंट प्रस्ताव अमेरिका की ओर से ईरान तक पहुंचाया है, जिसमें हॉर्मुज खोलने, यूरेनियम संवर्धन सीमा और मुआवजे जैसे मुद्दे शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि यह भूमिका संयोग नहीं है। पाकिस्तान न तो अमेरिकी सैन्य अड्डे रखता है और न ही ईरान के साथ उसके संबंध खराब हैं। बल्कि पाकिस्तान के दोनों देशों के साथ सैन्य-कूटनीतिक संबंध मजबूत हैं। ईरान के साथ साझा सीमा और शिया समुदाय के कारण, जबकि (पाक आर्मी चीफ की हालिया व्हाइट हाउस यात्रा के चलते) अमेरिका के साथ ट्रंप की व्यक्तिगत दोस्ती के कारण पाकिस्तान मध्यस्थ बनने में सक्षम है। इसके साथ ही कतर और ओमान पारंपरिक मध्यस्थ रहे हैं, सऊदी अरब और टर्की ने भी 'बैकचैनल' वार्ता शुरू की है, जबकि चीन ने आर्थिक हितों के कारण शांति की अपील की है। लेकिन जानकारों के अनुसार पाकिस्तान की पहल सबसे मुखर और सक्रिय लग रही है।

सवाल उठता है कि क्या युद्धविराम संभव है? कूटनीतिक विशेषज्ञों की राय विभाजित है। कुछ का मानना है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता एक 'टर्निंग पॉइंट' साबित हो सकती है क्योंकि दोनों पक्ष थक चुके हैं। तेल की महंगाई के चलते अमे. रिका को घरेलू आर्थिक दबाव और इजरायल को क्षेत्रीय विस्तार की सीमा का सामना करना पड़ रहा है। ईरान की अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमरा रही है। पाकिस्तान के माध्यम से 'बैकचैनल' संदेशों का आदान-प्रदान पहले ही शुरू हो चुका है। यदि इस्लामाबाद शिखर सफल हुआ तो हॉर्मुज दोबारा खुल सकता है और ऊर्जा संकट थम सकता है। वाशिंगटन इंस्टीट्यूट और स्टिमसन सेंटर के विश्लेषकों का कहना है कि यह युद्ध 'कोई स्पष्ट विजेता' नहीं देगा। इजरायल के हमलों से ईरान की ऊर्जा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिनकी मरम्मत में वर्षों लगेंगे। ईरान की ओर से जवाबी हमले अभी भी जारी हैं। यदि युद्धविराम हो भी गया तो भी 'दूसरे चरण' के मुद्दे जैसे कि, परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रभाव और मुआवजा आदि, बने रहेंगे। पाकिस्तान की भूमिका को कुछ विशेषज्ञ 'रणनीतिक अवसरवाद' मानते हैं। पाकिस्तान खुद अफगानिस्तान के साथ संघर्ष में फंसा है और सऊदी के साथ रक्षा समझौते की तलाश में है। मध्यस्थता से वह वैश्विक कूटनीति में अपनी प्रासंगिकता बढ़ाना चाहता है। लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि यदि ईरान पाकिस्तानी प्रस्ताव को 'ट्रंप का दबाव' माने तो बात आगे नहीं बढ़ेगी।

पाकिस्तान भले ही क्षेत्रीय शक्तियों (सऊदी, टर्की) और महाशक्तियों (अमेरिका, चीन) के बीच संतुलन बनाए रखता है। फिर भी, युद्ध की जड़ें गहरी हैं, परमाणु मुद्दा, इजरायल-ईरान शत्रुता और हॉर्मुज का भू-राजनीतिक महत्व आदि। यदि पाकिस्तान सफल हुआ तो भारत को फायदा होगा, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत तेल आयात मध्य पूर्व से आता है, लेकिन भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

जैसे कि रणनीतिक भंडार बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा को तेज करना और रूस-मध्य एशिया से आयात विविधीकरण करना। ऊर्जा लॉकडाउन से बचने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है, लेकिन यदि युद्ध जारी रहा तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जैसे विकासशील देशों को हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा, न केवल संकट प्रबंधन के लिए, बल्कि दीर्घकालिक ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए भी। यह संकट हमें याद दिलाता है कि युद्ध अब केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि ऊर्जा पाइपलाइनों और आर्थिक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर भी लड़ा जाता है। गौरतलब है कि शांति की अपील सभी पक्षों, अमेरिका, इजरायल, ईरान और मध्यस्थ देशों से होनी चाहिए। अन्यथा, दुनिया भर में ऊर्जा लॉकडाउन का साया काफी देर तक मंडराता रहेगा।

# जलवायु परिवर्तन, पौधों पर जल्दी फूल आना

**नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने पफूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। पफूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।**



दुनिया भर में कई पौधों में अब पहले की तुलना में जल्दी फूल खिलने लगे हैं। पूरा ध्यान बढ़ते तापमान पर जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार केवल गर्मी बढ़ना ही इसका कारण नहीं है। जैसे, ग्रीनहाउसों में सिर्फ ज्यादा तापमान देने से फूल समय से पहले नहीं खिले। एक नए अध्ययन से पता चला है कि पत्तियों पर जमा होने वाली ओस की बूंदें इस जल्दबाजी की वजह हो सकती हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार, जब पानी की बहुत सूक्ष्म बूंदें पत्तियों पर जमती हैं, तो वे कुछ रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू करवाती हैं। ए अभिक्रियाएं पौधे को संकेत देती हैं कि अब फूल बनाने का समय आ गया है। तो लगता है कि केवल बढ़ता तापमान नहीं, बढ़ती नमी के कारण बनने वाली ओस भी पौधों के व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। पहले किए गए प्रयोगों से यह स्पष्ट था कि थोक पानी की तुलना में पानी की बहुत छोटी बूंदें अलग तरह से व्यवहार करती हैं। जब ऐसी सूक्ष्म बूंदें किसी ठोस अजैविक सतह पर बनती हैं, तो उनमें खास रासायनिक अभिक्रियाएं शुरू हो सकती हैं। देखा गया था कि इन अभिक्रियाओं के कारण वहां मूलक बनते हैं जिनमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं। इस अवलोकन से यह सवाल पैदा हुआ कि यदि ऐसी ही बूंदें किसी सजीव सतह (जैसे पत्ती) पर जमें तो क्या परिणाम होगा। इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक छोटे फूलदार पौधे एरेबिडॉप्सिस थैलियाना पर प्रयोग किए। यह ब्रेसिकेसी कुल का पौधा है। विस्तृत प्रयोगों में पाया गया कि इस पौधे की पत्तियों पर ओस जमने पर, वहां होने वाली रासायनिक अभिक्रियाओं के परिणामस्वरूप हाइड्रोजन परॉक्साइड और नाइट्रिक ऑक्साइड बनते हैं।

नाइट्रिक ऑक्साइड पौधों और जंतुओं में एक जाना-माना महत्वपूर्ण संकेतक अणु है। यह बूंद से पौधे की कोशिकाओं में पहुंचकर ऐसी जैव-रासायनिक प्रक्रियाएं शुरू करवाता है, जो अंततः पुष्पन की प्रक्रिया को सक्रिय कर देती हैं। पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 30 से अधिक वर्षों में जुटाए गए ब्रेसिकेसी कुल के लगभग 1.2 करोड़ पौधों के पुष्पन रिकॉर्ड का विश्लेषण किया। उन्होंने फूल खिलने के समय की तुलना 11 अलग-अलग मौसम सम्बंधी कारकों से की। फूल खिलने के समय का सम्बंध तापमान और दिन की लंबाई के अलावा ओस बिंदु से भी देखा गया।

ओस बिंदु हवा में उपस्थित नमी और हवा के तापमान से जुड़ा है। हालांकि सभी वैज्ञानिक पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं लेकिन यदि यह निष्कर्ष सही साबित होते हैं, तो वैज्ञानिकों की यह समझ बदल सकती है कि गर्माती जलवायु में पौधे कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। यदि केवल तापमान ही नहीं, बल्कि हवा की नमी में छोटे बदलाव भी फूल आने के समय को प्रभावित कर सकते हैं, तो इस शोध का व्यावहारिक उपयोग भी हो सकता है। भविष्य में किसान नियंत्रित फुहार या हल्की नमी देकर फूलने का समय बदल सकते हैं और फसल उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# संस्कृत नाटक से आधुनिक थिएटर तक, रंगमंच का इतिहास

**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

रंगमंच सदियों से मानव संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जिसमें समय के साथ अनेक परिवर्तन हुए हैं। विभिन्न परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुसार रंगमंच का विकास हुआ, जो कई चरणों से गुजरते हुए विभिन्न रूपों में बंट गया। रंगमंच मनोरंजन का सबसे पुराना माध्यम है, जो समाज की भावनाओं, विचारों और संस्कृति को दर्शाता है। 'रंगमंच' शब्द 'रंग' और 'मंच' दो शब्दों से मिलकर बना है। 'रंग' शब्द इसलिए क्योंकि .श्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर तरह-तरह की चित्रकारी होती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा साज-सज्जा में भी भिन्न-भिन्न रंगों का इस्तेमाल किया जाता है और 'मंच' शब्द इसलिए क्योंकि रंगमंच का तल दर्शकों की सुविधा के लिए फर्श से कुछ ऊंचा उठा होता है। दर्शकों के बैठने के स्थान को रंगमंच और प्रेक्षागार सहित समूचे भवन को प्रेक्षागृह, रंगशाला या नाटडशाला कहते हैं जबकि पश्चिमी देशों में इसे 'थिएटर' या 'ऑपेरा' नाम दिया गया।

हर साल 27 मार्च को रंगमंच की कला को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों, लेखकों और तकनीशियनों को सम्मान देने के लिए 'विश्व रंग. मंच दिवस' मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत 1961 में हुई थी। अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान (आईटीआई) ने यूनेस्को के सहयोग से 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस के रूप में घोषित किया था, जिसे मनाने का मुख्य उद्देश्य रंगमंच कला के महत्व को समझाना, दुनिया भर में रंगमंच की महत्ता को बढ़ावा देना और नाटड कला को संरक्षित करना है। दुनियाभर में आईटीआई के 85 से भी ज्यादा केंद्र हैं। सर्वप्रथम इस दिवस की स्थापना का विचार राष्ट्रपति अरवी किविमा द्वारा दिया गया था, जिन्होंने 1961 में आईटीआई की 9वीं विश्व कांग्रेस की बैठक में फिनिश सेंटर की ओर से यह प्रस्ताव रखा था, जिसके बाद 1962 से यह दिवस हर साल 27 मार्च को मनाया जाने लगा। यह दिन उन लोगों के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो कला के रूप 'थिएटर' के मूल्य और महत्व को समझते हैं। भारत में रंगमंच की परंपरा अत्यंत पुरानी और समृद्ध है, जो वेदों, पुराणों और संस्कृत नाटकों से लेकर आधुनिक नाटड रूपों तक विस्तारित है। भारतीय रंगमंच की जड़ें धार्मिक अनुष्ठानों, लोकनाटडों और शास्त्रीय नाटकों में गहरी जमी हुई हैं। भारत में रंगमंच की शुरुआत भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से मानी जाती है, जिसे संस्कृत नाटक का आधार और रंगमंच का पहला विस्तृत ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, नृत्य, संगीत, वेशभूषा, रंगमंचीय संरचना और नाट्यशैली के बारे में विस्तार से बताया गया है। कालिदास अभिज्ञानशाकुंतलम, 'मालविकाग्निमित्रम', भास स्वप्नवासवदत्तम, प्रतिज्ञायौगंधरायणम, शूद्रक मृच्छकटिकम और विशाखदत्त मुद्राराक्षस जैसे नाटककारों ने संस्कृत रंगमंच को समृद्ध किया। इन नाटकों में धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक और सामा. जिक विषयों को उठाया गया था। भारत में आधुनिक रंगमंच का विकास पारसी थिएटर, सामाजिक नाटक और राजनीतिक नाटकों के रूप में हुआ। मध्यकाल में लोकनाट्य परंपरा अधिक विकसित हुई। भक्ति आंदोलन के प्रभाव से भक्ति और धार्मिक नाटकों का उदय हुआ। उस दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकनाटड शैलियां उभरी, जैसे उत्तर भारत में रामल. ीला व नौटंकी, महाराष्ट्र में तमाशा, गुजरात व राजस्थान में भवाई, पश्चिम बंगाल में जात्रा, कर्नाटक में यक्षगान, आंध्र प्रदेश में वीर नाटडम, केरल में कथकली, तमिलनाडु में तेरुक्कूत्तु आदि। भारतीय रंगमंच पर आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव भी पड़ा। अंग्रेजों के आगमन के बाद 19वीं शताब्दी में पारसी थिएटर का विकास हुआ, जिसने भारतीय नाटक को व्यावसायिक रूप दिया और वह कई दशकों तक लोकप्रिय रहा। हालांकि 20वीं शताब्दी में रंगमंच ने एक नए रूप में जन्म लिया, जिसमें सामाजिक, राजनीतिक और समक. ालीन मुद्दों को मंचित किया जाने लगा। उस दौर में कई महान नाटककार और रंगकर्मी उभरे, जिनमें गिरीश कर्नाड तुगलक, हयवदन, बदाल सरकार भागवत अज्जुकर, एवम इंद्रजीत, विजय तेंदुलकर घासीराम कोतवाल, खामोश अदालत जारी है, हबीब तनवीर चरणदास चोर, धर्मवीर भारती अंधायुग आदि प्रमुख थे। रंगमंच का इतिहास प्राचीन ग्रीस से जुड़ा माना जाता है, जहां 534 ईसा पूर्व में थेस्पिस नामक कलाकार ने पहली बार एकल अभिनय (रंगमंचीय प्रदर्शन) किया था, जिस कारण उन्हें 'प्रथम अभिनेता' और 'रंगमंच का जनक' भी कहा जाता है। विश्व का पहला प्रसिद्ध रंगमंच 'थिएटर ऑफ डायोनिसस' था, जो एथेंस (ग्रीस) में स्थित था, जो 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में बनाया गया था। वहां ग्रीक नाटककार सोफोक्लेस, यूरिपिड्स और एस्किलस के नाटक प्रस्तुत किए जाते थे। लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व में ग्रीस में नाट्य प्रदर्शन होने लगे थे। एस्किलस, सोफोक्लेस, यूरिपिडीस और अरिस्टोफेनीस जैसे नाटककारों ने ही ग्रीक रंगमंच को समृद्ध किया। ग्रीक नाटकों में मुख्य रूप से दुखांत, सुखांत और व्यंग्य प्रमुख शैलियां थी। ग्रीक नाटडशालाएं खुले स्थानों पर पहाड़ियों पर बनाई जाती थी, जो उस जमाने के 'ओपन-एयर थिएटर' थे। अभिनेताओं द्वारा विभिन्न भावों को दर्शाने के लिए मुखौटे पहने जाते थे। यूरोप में रंगमंच का विकास मध्ययुगीन धार्मिक नाटकों से लेकर आधुनिक युग तक क्लासिकल, रोमांटिक, यथार्थवादी और आधुनिक शैलियों में कई चरणों में हुआ। प्रारंभ में ईसाई धर्म से जुड़े नाटकों का मंचन किया जाता था। ग्रीक रंगमंच से प्रभावित होकर ही रोमन सभ्यता ने अपने नाटकों का विकास किया और तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से रोमन रंगमंच का प्रभाव बढ़ा। रोमन नाट्यशालाएं विशाल और भव्य होती थी। रोमन रंगमंच में हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक नाटक अधिक प्रचलित थे। रोमन नाटककारों में प्लॉटस और टेरेन्स प्रमुख थे। रोमन युग में नाटक के साथ-साथ ग्लैडीएटर मुकाबले भी होते थे। रंगमंच को विलियम शेक्सपीयर ने नई ऊंचाई प्रदान की। 'हैमलेट', 'मैकबेथ', 'ओथेलो' जैसे नाटकों के रचयिता विलियम शेक्सपीयर ही थे। एशियाई रंगमंच विविध और पारंपरिक रूपों में विकसित हुआ, जिसमें चीन, जापान, भारत और अन्य पूर्वी देशों की नाट्य परंपराएं सम्मिलित हैं। एशियाई रंगमंच में अभिनय के साथ नृत्य और संगीत का महत्वपूर्ण स्थान है। रंगमंच दिवस के लिए पहला संदेश 1962 में जीन कोक्टडू द्वारा लिखा गया था, जिसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया और वह सैकड़ों अखबारों में छापा गया। कई संस्थानों के माध्यम से उस संदेश को दुनिया के सभी कोनों में प्रसारित किया गया। वह नाटक पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर का माना जाता है। रंग. मंच दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और दुनिया भर में रचनात्मकता तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में रंगमंच की भूमिका को मान्यता देता है।

आज रंगमंच न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि यह सामाजिक चेतना जगाने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का माध्यम भी है। आज के डिजिटल युग में सिनेमा और वेब सीरीज के बावजूद रंगमंच अपनी पहचान बनाए हुए है। तकनीकी प्रगति और डिजिटल मनोरंजन के बढ़ते प्रभाव के बावजूद रंग. मंच की प्रासंगिकता बनी हुई है। लाइव स्ट्रीमिंग और ऑनलाइन थिएटर के माध्यम से रंगमंच की पहुंच वैश्विक स्तर तक बढ़ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगलादेश में बस पद्मा नदी में गिरी 26 यात्रियों की मौत

**ढाका।** बंगलादेश में बुधवार शाम यात्रियों से भरी एक यात्री बस, नौका पर चघए जाने के दौरान अनियंत्रित होकर पद्मा नदी में गिर गई जिससे कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। यह दर्दनाक हादसा राजबाड़ी जिले के दौलतदिया फेरी टर्मिनल के पास शाम लगभग सवा पांच बजे तब हुआ जब ढाका की ओर जा रही 'सौहार्द परिवहन' की बस पंटून नंबर 3 से नदी में जा गिरी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, फेरी के करीब पहुंचते ही बस चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई और नदी में लगभग 30 फीट नीचे डूब गई।

### एयर इंडिया ने छह साल बाद रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### इराकी सरकार अमेरिकी दूत को तलब करेगी: अल-नुमान

**दोहा।** इराक के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि रक्षा मंत्रालय के एक चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमले के विरोध में अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई जाएगी।। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ और प्रधानमंत्री के प्रवक्ता सबा अल-नुमान ने बताया कि इस हमले में सैन्य कर्मी मारे गए हैं। इराकी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि पश्चिमी इराक में हब्बनिया सैन्य चिकित्सा केंद्र पर हुए हवाई हमलों में सात इराकी सैनिक मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए।

### अमेरिका सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन भेजेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना एक सीटी स्कैन मशीन यूक्रेन को देने तथा चिकित्सा कर्मियों को इसे संचालित करने के लिए प्रशिक्षित करने की योजना बना रही है। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी रिया नोवोस्ती ने अमेरिकी सरकारी दस्तावेजों की समीक्षा के बाद यह जानकारी दी। दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार को न केवल उपकरण वितरित और स्थापित करना होगा, बल्कि इसे चलाने के लिए स्थानीय विशेषज्ञों को प्रशिक्षित भी करना होगा। इसके साथ ही सिस्टम मैनुअल भी यूक्रेनी भाषा में प्रदान करना होगा। इस परियोजना की देखरेख अमेरिकी सेना की 409वीं कॉन्ट्रैक्टिंग सपोर्ट ब्रिगेड द्वारा की जा रही है, जो जर्मनी में स्थित है।



**इजरायल। रामत गान में ईरानी मिसाइल हमलों की चेतावनी देने वाले हवाई हमले के सायरन बजने पर अपने कुत्तों के साथ बम आश्रय में छिपे डॉग सैलून के कर्मचारी।**

## ट्रम्प ने ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की, कहा बहुत अलग एवं अजीब

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए संभावित बातचीत पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी वार्ताकारों की आलोचना की और उन्हें अलग एवं अजीब करार दिया। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में नाटो देशों से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिलने पर उनकी अप्रत्यक्ष रूप से आलोचना की है। ट्रम्प ने अपनी सोशल नेटवर्किंग साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि ईरानी वार्ताकार बहुत अलग एवं अजीब हैं। वे हमसे समझौता करने की विनती कर रहे हैं जो कि उन्हें करना ही चाहिए क्योंकि वे सैन्य रूप से पूरी तरह पराजित हो चुके हैं और उनके युद्ध में वापसी की कोई संभावना नहीं है।

# अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता

### वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार रहे अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच हाल ही के युद्ध ने न केवल तेल बाजारों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं उत्पन्न कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट को देखते हुए अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को फिर से लिखने का प्रस्ताव तैयार कर रही हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर विश्वजीत धर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने यह उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों द्वारा प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया गया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से



■ भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है

निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है। खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों के कारण बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, भारत सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है। यदि सरकार ऐसा नहीं करती, तो कृषि उत्पादन घटने और खाद्य कीमतों के बढ़ने का गंभीर जोखिम पैदा हो सकता था, जो एक बड़ा वित्तीय संकट बन सकता है। प्रस्तावित नई संधि का उद्देश्य व्यापार के बजाय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और समानता को प्राथमिकता देना है। प्रोफेसर धर के अनुसार, यह संधि सरकारों को घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और आवश्यकता पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप करने का कानूनी अधिकार देने की वकालत करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थाई रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालातों को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है।

# बाब-अल मंदेब में नया मोर्चा खोलेगा ईरान

### अमेरिका का मुकाबला करने के लिए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई की धमकी को अमली जामा पहनाने की पूरी तैयारी




■ ईरान ने संभावित शांति समझौते के तहत अमेरिका इजरायल से हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग की

**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक 'मोर्चा' खोलने की धमकी दी है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा था कि यदि क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है।

स्रोत ने समाचार एजेंसी को बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा। न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने बुधवार को अमेरिकी अधिका. रियों के हवाले से खबर दी कि अमेरिकी सैना उत्तरी फारस की खाड़ी में देश के प्राथमिक तेल निर्यात केंद्र, ईरान के खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिकों की तैनाती पर विचार कर रही हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे व्यापक नुकसान हुआ और हजारों की संख्या में नागरिक हताहत हुए। इसके जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य सुविधाओं पर हमले करने शुरू कर दिए। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार में तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग, 'होर्मुज जलडमरुमध्य' बंद हो गया है, जिससे वैश्विक तेल बाजार काफी प्रभावित हुआ है। परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। वहीं ईरान ने अमेरिका, इजरायल से एक संभावित शांति समझौते के तहत लेबनान स्थित शिया संगठन हिजबुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रो. कने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, ईरान ने मार्च के मध्य में यह रुख जाहिर किया था। सूत्र ने बताया कि हिजबुल्लाह को ईरान से यह आश्वासन मिला है कि लेबनान में संघर्ष-विराम इस समझौते का एक हिस्सा होगा। ईरान के एक उच्च-पदस्थ सूत्र ने बताया कि तेहरान लगभग एक महीने से अमेरिका के शांति प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच सप्ताहांत में 'बहुत ही सकारात्मक और सार्थक' बात. चीत हुई और उन्होंने ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पांच दिनों के लिए हमले रोक दिए। ईरान के विदेश मंत्रालय ने दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत होने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि उसे केवल ऐसे संदेश प्राप्त हुए हैं जिनमें अमेरिका ने बातचीत करने की इच्छा जाहिर की है।

## ईरान के साथ संघर्ष की बढ़ सकती है अवधि: पूर्व ट्रम्प सलाहकार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत हो सकता है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहक. ार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने मीडिया को यह जानकारी दी है।

पापाडोपोलोस ने एक साक्षात्कार में कहा कि इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमे. रिका और इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे काफी नुकसान हुआ और हजारों नागरिक हताहत हुए हैं। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला जहाजों का आवागमन इस सैन्य अभियान की वजह से लगभग रुक गया है, जबकि बीमा कंपनियां प्रीमियम बढ़ा रही हैं और कवरेज की शर्तों में बदलाव कर रही हैं। दुनिया भर में तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

# अमेरिका ने अपने नागरिकों को इराक छोड़ने को कहा

■ नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने 'सुरक्षा अलर्ट' जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है।

दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए 'यात्रा नहीं करने की स्तर चार' की चेता. वनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिकों को सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने की सलाह दी गई है। दूतावास ने बताया कि जॉर्डन में 'वीजा ऑन अराइवल' की सुविधा उपलब्ध है। वीजा की अवधि समाप्त हो चुके अमेरिकी नागरिकों को भी प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। सऊदी अरब में सीमा पर देरी से बचने के लिए नागरिकों को कम से कम 48 घंटे पहले 'ई-वीजा' आवेदन करने की सलाह दी गई है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मई में करेंगे चीन की यात्रा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई को बीजिंग की यात्रा करेंगे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष शी जिन. पिंग के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार को यह घोषणा की कि चीनी राष्ट्रपति भी इस वर्ष के अंत में अमेरिका की यात्रा करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि वह 'जिनपिंग के साथ मुलाकात के लिए बहुत उत्सुक हैं, जो कि यकीनन एक यादगार घटना होगी।' दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह उच्च स्तरीय बैठक पहले 31 मार्च से दो अप्रैल के दौरान होनी थी, लेकिन ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि चीन के सम्मानित राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरी बैठक पुनर्निर्धारित की गई है और यह 14 और 15 मई को बीजिंग में होगी।

## इमरान के पुत्र कासिम ने पिता की सेहत को लेकर जताई चिंता

■ इमरान की चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवा. धिकार परिषद में अ आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है। इस हिरासत को 'मनमाना' बताते हुए कासिम ने दावा किया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून का सीधा उल्लंघन है, जिसमें 'नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध' और 'यातना विरोधी कन्वेंशन' जैसे ढांचे शामिल हैं। उन्होंने आरा. ेप लगाया कि उनके पिता को एकांत कारावास में रखा गया है, उन्हें परिवार के सदस्यों और कानूनी सलाहकारों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनकी चिकित्सा देखभाल में भी लापरवाही बरती जा रही है।

## शीर्ष ईरानी अधिकारी हमारे आग्रह पर इजरायल की हिट लिस्ट से हटे: पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजरायल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर ग़ालिबाफ़ को अपनी 'हिट लिस्ट' से हटा दिया है। इजरायली अखबार टाइम्स ऑफ़ इजरायल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजरायल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकडें थे, लेकिन पाकिस्तान ने यह तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा।

# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

### ईद पर 5 दिन का सीजफायर खत्म होने के बाद हिंसा शुरू, 3 पाकिस्तानी चौकियां तबाह

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा पर बुधवार को फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालि. बान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया।

अफगान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। मुताबिक एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के



■ 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई

गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोल. ीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्की और कतर के कहने पर हुआ था।

सॉंई फिजियोथेरेपी क्लीनिक
आप सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं
सभी प्रकार के हड्डी जोड़ एवं न्यूरो की समस्याओं का नवीनतम फिजियोथेरेपी मशीनों द्वारा स्थायी इलाज

डॉ.कुलदीप शर्मा
फिजियोथेरेपिस्ट
पता: हरपाल चेयरमैन वाली गली कविनगर, गजरौला (अमरोहा)
मो.-9456869811

# गुटेरेस ने पश्चिम एशिया संघर्ष को बेकाबू बताया

### संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने तत्काल युद्ध रोकने का किया आग्रह

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के महासचि. चव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेक. ाबू हो गया है, जिससे युद्ध का विस्तार हो जाने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है।

गुटेरेस ने कहा कि दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबंधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया। महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता



■ युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है

प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजरायल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है। महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है। गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्लाह से इजरायल पर हमले रो. कने का आग्रह किया। उन्होंने इजरायल से उन सैन्य अभियानों को रोकने का आह्वान किया, जो नागरिकों को बुरी तरह से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सवालों का जवाब देते हुए गुटेरेस ने कहा कि आगे तनाव बढ़ने के संकेतों के बावजूद, जिसमें कथित सैन्य तैनाती और अमे. रिका और ईरान के बीच अस्वीकृत प्रस्ताव शामिल हैं, कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र व्यवहार्य तरीका है। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि कूटनीति को ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए। हमें इस आपदा से निकलने का रास्ता चाहिए और शांति ही एकमात्र रास्ता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108